दैनिक **संस्करण :** जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, जोधपुर, उदयपुर, भरतपुर, बीकानेर, सवाई माधोपुर एवं अजमेर

# बढ़ता राजस्थान

RNI NO. RAJHIN/2010/35060 Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 16 | अंक : 65 | पृष्ठ : 10 | मूल्य : ₹ 2.00 | जयपुर। मंगलवार, 06 जनवरी 2026 | माघ माह, कृष्ण पक्ष तृतीया, संवत्-2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan


# डिजिफेस्ट समिट में बोले सीएम मोहन यादव
# 'राजस्थान, पाकिस्तान थोड़े ही है, 5 नहीं हम तो 7% पानी भी दे देंगे'




बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने राजस्थान और एमपी के बीच वर्षों तक चले जल विवाद के पन्ने फिर खोले। उन्होंने कहा कि पिछले 25 साल से राजस्थान के साथ झगड़ा चलता रहा कि इन्हें पांच प्रतिशत पानी क्यों दें?

सीएम मोहन यादव ने कहा कि कांग्रेस ने मामला लटकाए रखा। हम सरकार में आए, मैंने सीएम भजनलाल शर्मा से बात की। उन्होंने कहा, पानी मिल जाएगा तो राजस्थान का भविष्य भी अच्छा हो जाएगा। हमने कहा, पांच प्रतिशत नहीं, हम तो सात प्रतिशत भी दे देंगे। राजस्थान है, पाकिस्तान थोड़े ही है। राजस्थान भी हमारा ही भाई है। जयपुर में आयोजित राजस्थान डिजिफेस्ट टाई ग्लोबल समिट में शामिल हुए सीएम मोहन यादव ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि मारवाड़ी वही होता है, जो आपदा में से अवसर निकाल लेता है, राजस्थान ने यह कर दिखाया। इस सत्र में राजस्थान के उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा के अलावा कई उद्यमियों ने भी संबोधन दिया।

## सीएम ने किस मुद्दे पर क्या कहा

प्रतिस्पर्धा जरूरी है, लेकिन वह एक-दूसरे को गिराने वाली नहीं, बल्कि साथ लेकर आगे बढ़ने वाली होनी चाहिए। यह आयोजन केवल राजस्थान का कार्यक्रम नहीं, बल्कि राजस्थान और मध्यप्रदेश के साझा भविष्य का प्रतीक है।

पिछले दो वर्षों में मध्यप्रदेश ने इन्वेस्टमेंट लेन में लगातार काम किया है और अब उसके सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं। होटल, अस्पताल और मेडिकल कॉलेज जैसे प्रोजेक्ट्स में निवेश को बढ़ावा देने के लिए सरकार 25 एकड़ भूमि एक रुपए की टोकन मनी पर उपलब्ध करा रही है। मध्यप्रदेश और राजस्थान की सरकार साथ मिलकर काम करने के लिए तैयार है।



### निवेशकों से अलग से की बात

सत्र के बाद सीएम यादव ने करीब आधा घंटा अलग से निवेशकों के साथ बात की। इस दौरान वन-टू-वन चर्चा भी की। इनमें ज्यादातर निवेशक, उद्योगपतियों की जन्मभूमि मध्यप्रदेश ही थी, जिनका कारोबार अब देश-विदेश में फैल चुका है। कई विदेशी निवेशकों से भी चर्चा की।

### सीएम भजनलाल से मिले

सीएम मोहन यादव सुबह जयपुर एयरपोर्ट पहुंचे, जहां पर उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने उनका स्वागत किया। यहां से वे सीधे मुख्यमंत्री निवास पहुंचे और सीएम भजनलाल शर्मा से मुलाकात की। इस दौरान मध्यप्रदेश और राजस्थान के संयुक्त योजनाओं पर भी चर्चा हुई।

# बांग्लादेश में हिंदू विधवा का गैंगरेप
## रिश्तेदारों को कमरे में बंद किया, रेप के बाद पेड़ से बांधकर पीटा; बाल काटे, वीडियो बनाया

बढ़ता राजस्थान

**ढाका ( एजेंसी )।** बांग्लादेश में 44 साल की एक हिंदू विधवा महिला से गैंगरेप किया गया। आरोपियों ने रेप के बाद उसे पेड़ से बांधकर पीटा। यह घटना बांग्लादेश के झेनाइदह जिले के कालीगंज इलाके में हुई। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है और बाकी आरोपियों की तलाश जारी है। पीड़ित महिला ने सोमवार दोपहर कालीगंज पुलिस थाने में 4 लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने जिस एक आरोपी हसन (45 साल) को हिरासत में लिया है, वह उसी इलाके के एक गांव का रहने वाला है। आरोप है कि इस दौरान महिला के बाल काट दिए गए, उसके साथ मारपीट की गई और पूरी घटना का मोबाइल फोन से वीडियो बनाया गया।

### रिश्तेदारों को कमरे में बंद करके रेप किया

पुलिस और लोकल लोगों के मुताबिक, महिला ने करीब दो साल पहले गांव में एक घर और जमीन खरीदी थी। यह जमीन उसने आरोपी शाहीन के भाई से ली थी। जमीन खरीदने के बाद से ही शाहीन उसे लगातार परेशान कर रहा था और उससे पैसे मांग रहा था। महिला के दो पुरुष रिश्तेदार शनिवार शाम उससे मिलने आए थे। उसी दौरान शाहीन और हसन जबरन घर में घुस आए। उन्होंने महिला के रिश्तेदारों को एक कमरे में बंद कर दिया और महिला को दूसरे कमरे में ले जाकर रेप किया।

# ब्रिटिश सांसद बोले- ऑपरेशन सिंदूर में भारत ने पाकिस्तान को हराया
## कहा- पीओके भारत के हवाले करे पाकिस्तान, आर्टिकल 370 हटाना अच्छा फैसला



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर में यूके की कंजरवेटिव पार्टी के सांसद बॉब ब्लैकमैन ने कहा- ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत की कार्रवाई सही थी। भारत ने जवाबी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान को बुरी तरह हराया। वहीं बॉब ने पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) को भारत को सौंपने की पैरवी की। पाकिस्तान ने कश्मीर के एक हिस्से पर अवैध रूप से कब्जा कर रखा है। उस हिस्से पर भारत का ही अधिकार है। पाकिस्तान ने जिस क्षेत्र पर अवैध रूप से कब्जा कर रखा है, उसे भारत को सौंपा जाना चाहिए। पाकिस्तान को इस इलाके में आतंकी गतिविधियों को बढ़ावा देना रोकना चाहिए। बॉब ने कहा- कश्मीरी पंडितों के साथ अत्याचार हुआ। उन्हें जबरदस्ती भगाया गया। कश्मीरी पंडितों को वापस बसाया जाना चाहिए। जयपुर के दैनिक भास्कर कार्यालय में सोमवार को विशेष बातचीत में बॉब ने कहा- महाराजा हरिसिंह के समय जो जम्मू-कश्मीर का क्षेत्र था। वही स्वरूप अब वापस होना चाहिए। वह इलाका फले-फूले और स्थायी रूप से वहां शांति रहे। आर्टिकल 370 हटाना अच्छा फैसला, इससे सबको समानता का अधिकार मिला बॉब ब्लैकमैन ने कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाने के फैसले का समर्थन करते हुए कहा- यह अच्छा कदम है। आर्टिकल 370 को हटाना और सबको समानता का अधिकार देना अच्छा कदम है।

# दिल्ली दंगा केस में उमर खालिद-शरजील को जमानत नहीं मिली
## सुप्रीम कोर्ट ने एक साल अपील करने पर रोक लगाई, 5 आरोपियों को बेल



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली दंगों के आरोपी उमर खालिद और शरजील इमाम को जमानत देने से इनकार कर दिया। हालांकि 5 अन्य आरोपियों को 12 शर्तों के साथ जमानत दे दी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि उमर और शरजील एक साल तक इस मामले में जमानत याचिका दाखिल नहीं कर सकते हैं। दरअसल, उमर खालिद, शरजील इमाम, गुलफिशा फातिमा, मीरान हैदर, शिफा उर रहमान, मोहम्मद सलीम खान और शादाब अहमद दिल्ली दंगों के आरोप में 5 साल 3 महीने से तिहाड़ में हैं। इन्होंने दिल्ली हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें 2020 के दिल्ली दंगों से जुड़े मामले में उन्हें गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम के तहत जमानत देने से इनकार किया गया था।

उमर जमानत के लिए निचली अदालत से सुप्रीम कोर्ट तक 6 बार याचिका लगा चुका है। दिल्ली में फरवरी, 2020 में हिंसा भड़की थी।

# सोमनाथ भारत माता की वीर संतानों के स्वाभिमान और अदम्य साहस की गाथा : पीएम मोदी



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमनाथ मंदिर के विध्वंस और पुनरुत्थान की उस ऐतिहासिक गाथा को स्मरण किया है, जो भारतीय सभ्यता की अमर चेतना और अटूट आस्था का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि सोमनाथ केवल एक मंदिर नहीं, बल्कि भारत माता की उन करोड़ों वीर संतानों के स्वाभिमान और अदम्य साहस की कहानी है, जिन्होंने हर चुनौती के बावजूद अपनी संस्कृति और सभ्यता को जीवित रखा। प्रधानमंत्री ने अपने ब्लॉग पोस्ट में लिखा कि वर्ष 1026 में, आज से ठीक एक हजार वर्ष पहले, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग पर पहला भीषण आक्रमण हुआ था। इस आक्रमण का उद्देश्य सिर्फ एक मंदिर को नष्ट करना नहीं था, बल्कि भारत की आस्था और सांस्कृतिक आत्मा को कुचलना था। इसके बावजूद सोमनाथ मंदिर बार-बार हुए हमलों के बाद भी हर बार पुनः खड़ा हुआ और आज भी पूरे गौरव के साथ अडिग है।

पीएम मोदी ने इस विषय पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर भी अपनी बात साझा की। उन्होंने लिखा, जय सोमनाथ! वर्ष 2026 में आस्था की हमारी तीर्थस्थली सोमनाथ ज्योतिर्लिंग पर हुए पहले आक्रमण के 1000 वर्ष पूरे हो रहे हैं।

बार-बार हुए हमलों के बावजूद हमारा सोमनाथ मंदिर आज भी अडिग खड़ा है। सोमनाथ दरअसल भारत माता की उन करोड़ों वीर संतानों के स्वाभिमान और अदम्य साहस की गाथा है, जिनके लिए अपनी संस्कृति और सभ्यता सदैव सर्वोपरि रही है।






# जयपुर में आठवीं क्लास तक के स्कूली बच्चों की छुट्टियां
## सर्दी को देखते हुए कलेक्टर ने की घोषणा, शहर में सर्द हवा से ठिठुरन बढ़ी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर में सर्दी बढ़ने से स्कूली बच्चों के लिए राहत की खबर है। जयपुर जिला प्रशासन ने जिले में तेज सर्दी और घने कोहरे को देखते हुए स्कूलों में कक्षा 8वीं तक के बच्चों की छुट्टियां घोषित की हैं। इससे पहले गंगानगर, हनुमानगढ़, बूंदी, बारां समेत कई जिलों में कलेक्टरों ने स्कूलों में छुट्टियां घोषित की। विंटर वेकेशन (सर्दियों की छुट्टियां) 25 दिसंबर से 4 जनवरी तक चलने के बाद बच्चे घने कोहरे और शीतलहर के कारण सोमवार को ठिठुरते हुए स्कूल पहुंचे। जयपुर में शहर में कोहरे का असर दोपहर 2 बजे तक रहा। दोपहर बाद कुछ इलाकों में हल्की धूप निकली, लेकिन सर्द हवा से ठिठुरन रही।

इसे देखते हुए जयपुर कलेक्टर ने कक्षा प्राइमरी से 5वीं तक के बच्चों के लिए 10 जनवरी तक और कक्षा 6 से 8वीं तक के बच्चों के लिए 8 जनवरी तक छुट्टियां घोषित कर दी।



### जयपुर में सीजन की सबसे ठंडी रात और दिन

पिछली रात जयपुर में सीजन की सबसे सर्द रात और सर्द दिन रहा। यहां पिछली रात न्यूनतम तापमान 6.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जयपुर में सुबह से घना कोहरा रहा और दिन में तेज सर्द हवा चली। इस कारण सोमवार को दिन का अधिकतम तापमान भी 14.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। इससे पहले 4 जनवरी को जयपुर में अधिकतम तापमान 18.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

# 'क्रायो प्रेसिपिटेट' की बढ़ती उपयोगिता पर सरल ब्लड सेंटर पर कार्यशाला आयोजित

## सरल ब्लड बैंक पर रोगी को प्लाजमा का आवश्यक कम्पोनेन्ट ही मिलेगा

### अन्य कम्पोनेन्ट दूसरे रोगी जरूरतमंद रोगी को जायेंगे

### ऐसी मशीन लगानें वाला सरल ब्लड बैंक पहला ब्लड सेन्टर



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** आमतौर पर यहीं देखनें को मिलता है कि ब्लड में मौजूद प्लाज्मा को जरूरतमंद रोगी को पूरा प्लाजा ही चढ़ा दिया जाता है। जिससे उस खून का रोगी को लाभ कम और नुकसान अधिक होता है। इस समस्या को दूर करने के लिये सरल ब्लड बैंक ने अपने यहां क्रायो प्रेसिपिटेट मशीन लगायी है। जहां खून का हर कम्पोनेनट अलग हो कर जरूरतमंद रोगी को वहीं कम्पोनेट दिया जाता है।

इस सन्दर्भ में रोगियों के प्रभावी उपचार हेतु रक्त कॉम्पोनेंट्स में 'क्रायो प्रेसिपिटेट' की बढ़ती उपयोगिता पर सरल ब्लड सेंटर सभागार में शहर के प्रख्यात चिकित्सकों की उपस्थिति में कार्यशाला का आयोजन हुआ। यह कार्यशाला विगत सितंबर 2025 में सरल संस्था द्वारा 'ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन में प्रगति' विषय पर आयोजित राज्यस्तरीय कार्यशाला के दौरान इस विषय पर हुए गहन विचार-विमर्श के क्रियान्वयन रूप एव जागरूकता के अभिप्राय से आयोजित की गई है। आमजन को इसके जागरूक करने के उद्देश्य से इसका आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में सरल संस्था के मानद सचिव सीए (डॉ) श्याम एस सिंघवी ने सभी का स्वागत करते हुए बताया कि संस्था द्वारा सत्रह से अधिक वर्षों से संचालित सरल ब्लड सेंटर को दक्षिणी राजस्थान का प्रथम ब्लड सेंटर होने का सौभाग्य प्राप्त है जिसे 'क्रायो प्रेसिपिटेट' सहित सभी प्रकार के रक्त कॉम्पोनेंट्स तैयार करने का लाइसेंस प्राप्त हुआ है।

सिंघवी ने बताया कि प्रबन्धन ने ब्लड बैंक इंचार्ज डॉ नरेंद्र मोगरा एव पूरी टीम के प्रति आभार व्यक्त किया कि जिनके अथक प्रयासों से हम क्रायो प्रेसिपिटेट की उपयोगिता को समाज में प्रस्तुत कर पा रहे है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि चिकित्सकगण क्रायो प्रेसिपिटेट का अधिकाधिक उपयोग करेंगे।

संस्था के सह-सचिव संयम सिंघवी ने बताया की इस महत्वपूर्ण चर्चा में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ बी एस बंब, रक्त चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ संजय प्रकाश, मेडिकल ऑंकोलॉजिस्ट डॉ सचिन जैन, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ एन के जोशी, डॉ कल्पेश चैधरी, डॉ विनोद पोरवाल सभी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए क्रायो प्रेसिपिटेट के अधिकाधिक उपयोग पर बल दिया वहीं सरल ब्लड सेंटर के इस अभूतपूर्व प्रयास हेतु बधाइयाँ दी।

# शिविर में मानसिक रोगियों को दिया परामर्श

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही (नि.स.)।** पिण्डवाड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मानसिक स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविर लगाया गया। इसमें डॉ. देवेंद्रसिंह बसेरा ने 50 मरीजों की जांच कर उपचार किया। उन्होंने बताया कि अक्सर मानसिक तनाव से सिरदर्द हो सकता है। वहीं, बगैर परामर्श दवाइयों का सेवन नहीं करना चाहिए। लगातार दर्द निवारक दवाइयों का सेवन करने से पेट में अल्सर एवं किडनी संबंधी समस्याएं बढ़ सकती है। इस दौरान मरीजों को मानसिक तनाव, एंजायटी डिसऑर्डर, बाइपोलर डिसऑर्डर, सिर दर्द, माइग्रेन, अनिद्रा समेत अन्य बीमारियों पर परामर्श दिया गया। डॉ.बनवारीलाल, डॉ. मनीष भार्गव, राकेश, प्रदीप, बाबूलाल व प्रकाश आदि ने व्यवस्थाएं संभाली।

# परिवादों का निस्तारण समयबद्ध तरीके से करें

## अधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही (नि.स.)।** जिला स्तरीय अधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों की समीक्षा की गई। अध्यक्षता अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेश गोयल ने की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे नियमित रूप से लंबित और निस्तारित प्रकरणों की मॉनिटरिंग करें। साथ ही परिवादियों से रेंडमली भी दूरभाष पर संवाद करें, ताकि निस्तारण की उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित हो सके। अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से प्रकरण निस्तारण के भी निर्देश दिए। चेताया कि निस्तारित प्रकरणों की जिला कलक्टर स्तर पर समीक्षा होगी तथा लापरवाही प्राप्त होने पर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार प्रसार पर जोर देने एवं लोगों को योजनाओं से लाभान्वित किए जाने की भी बात कही। मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रकाशचंद अग्रवाल, तहसीलदार जगदीश विश्नोई, कोषाधिकारी अलकासिंह, अंबिका राणावत, सीएमएचओ डॉ.दिनेश खराड़ी समेत कई लोग मौजूद रहे।

# क्रिकेट प्रतियोगिता में केसरपुरा को मिला खिताब

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही (नि.स.)।** शिवगंज के समीप ध्रुबाणा में आयोजित मामाधनी युवा क्रिकेट प्रतियोगिता में केसरपुरा ने खिताब कब्जाया। आयोजन समिति के अनुसार प्रतियोगिता में क्षेत्र की कुल सोलह टीम ने भाग लिया। फाइनल मुकाबला केसरपुरा और ध्रुबाणा के बीच हुआ। उधर, समापन समारोह सोमवार को पूर्व विधायक संयम लोढ़ा के मुख्य आतिथ्य में हुआ। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं के सर्वांगीण विकास का मजबूत माध्यम हैं। खेलों से अनुशासन, टीम भावना व नेतृत्व क्षमता बढ़ती है। गांवों की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए इस तरह के आयोजन लगातार होने चाहिए। इस दौरान अर्जुननाथ, सवाराम राणा, सुल्तानसिंह, तोलाराम राणा, महेंद्रकुमार, शंकरलाल मीणा, अशोक राणा, चुन्नीलाल समेत कई लोग मौजूद रहे।

# वार्षिक कलेण्डर विमोचन 2026



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** महावीर ग्रुफ ऑफ इन्स्टीट्यूट, उदयपुर का वार्षिक कलेण्डर का विमोचन बड़ौदा बैंक के उपमहाप्रबन्धक क्षेत्रीय प्रमुख मुकेश आनन्द मेहरा, प्रबन्धक अशोक कुमार बैरवा, श्रीमती स्वाति मंगल व संस्थान निदेशक डॉ. हिम्मतलाल वया ने किया। इस अवसर पर संस्थान निदेशक द्वारा अतिथियों को उपरना व स्मृति चिन्ह् प्रदान कर सम्मान किया गया व उपमहाप्रबन्धक द्वारा खातेदार को दी जाने वाली सुविधाओं में शिक्षा, भवन, वाहन के ऋण व वेतनभोगी व्यक्तियों के नियमित खाते संचालन पर बैंक द्वारा दिये जाने वाले लाभों के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में श्रीमती हेमलता जैन प्राचार्य विद्यालय, डॉ. भैरूदास वैष्णव, श्रीमती कृष्णा पालीवाल व्याख्याता महाविद्यालय, श्रीमती अभिलाषा, धनलक्ष्मी व्यास, रचना कोठारी, सुषमा वैष्णव, सत्यप्रकाश चैधरी, जेजेवन्ती वर्मा आदि सभी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन सुमन सुथार ने किया।

# रायसिंहनगर की रिद्धिमा बिश्नोई राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता हेतु चयनित,

## झारखंड में करेंगी राजस्थान का प्रतिनिधित्व



बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ (डी एल सारस्वत)।** वी के चैस अकैडमी रायसिंहनगर की युवा शतरंज खिलाड़ी रिद्धिमा बिश्नोई ने एक बार फिर से अपनी प्रतिभा का परचम देश भर में लहरा दिया है। 11 वर्षीय रिद्धिमा बिश्नोई ने स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित की जाने वाली प्रतियोगिताओं में विद्यालयी स्तर, जिला स्तर, राज्य स्तर व राष्ट्रीय चयन परीक्षण आदि स्तरों को पार करते हुए 13 जनवरी से 17 जनवरी को रांची, झारखंड में आयोजित होने जा रही राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित होकर देश भर में शहर व जिले का नाम रोशन किया है। झारखंड में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में सभी राज्यों के शीर्ष 5-5 खिलाड़ी ही चयनित होकर हिस्सा ले सकते हैं। रिद्धिमा बिश्नोई ने यह मुकाम विद्यालयी तथा जिला स्तर के पड़ाव को पार करने के बाद भवानीमंडी, झालावाड़ में आयोजित हुई राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शीर्ष स्थान हासिल करके तथा उसके बाद 3 जनवरी से 4 जनवरी को अलवर में आयोजित हुए राष्ट्रीय चयन परीक्षण में राज्य के शीर्ष पांच खिलाड़ियों में अपनी जगह बनाकर हासिल किया है। तथा इसी के साथ रिद्धिमा बिश्नोई श्रीगंगानगर जिले की तरफ से राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शीर्ष स्थान हासिल कर राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु चयनित होने वाली पहली खिलाड़ी बन गई हैं। कोच वी के निखिल के अनुसार इससे पहले रिद्धिमा बिश्नोई गत दो वर्षों में अनूपगढ़ तथा श्रीगंगानगर जिले का प्रतिनिधित्व राज्य स्तर पर कर चुकी हैं। पिता संजय कुमार तथा माता संतोष देवी ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने के लिए रिद्धिमा बिश्नोई गत 2 वर्षों से कड़ी मेहनत व निरंतर अभ्यास कर रही हैं।

# गजेन्द्र जोधावत बनें सहायक प्रान्तपाल

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर (नि.स.)।** रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3056 के वर्ष 2026-27 के प्रान्तपाल अरूण बगड़िया ने रोटरी क्लब उदयपुर के पूर्वाध्यक्ष गजेन्द्र जोधावत को सहायक प्रान्तपाल नियुक्त किया। क्लब अध्यक्ष दीपक मेहता एवं पूर्व प्रान्तपाल निर्मल सिंघवी ने बताया कि प्रान्त की ओर से मनोनीत क्लबों का प्रशासनिक एवं सेवा कार्यो की जिम्मेदारी जोधावत वर्ष 26-27 में 1 जुलाई से संभालेंगे। जिससे स्थानीय क्लबों के सेवा कार्यो को प्रोत्साहन मिलेगा। जोधावत पूर्व में क्लब सचिव,पूर्व अध्यक्ष एवं प्रान्तीय जनरल सेक्रेटरी के रूप में अपनी सेवायें दे चुके है।

# अग्निवीरों के भविष्य से खिलवाड़, विवाह करने पर स्थायी सेवा से बाहर करने का नियम अन्यायपूर्ण

## भाजपा सरकार की नीति पर सवाल, सेना पर पूरा विश्वास : इन्द्रराज गुर्जर





बढ़ता राजस्थान

**पावटा (नि.स.)।** अग्निवीर योजना के तहत भर्ती किए गए सैनिकों के भविष्य को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। हाल ही में सेना की ओर से स्पष्ट किया गया है कि सेवाकाल के दौरान या उसके तुरंत बाद यदि कोई अग्निवीर विवाह करता है, तो वह स्थायी सैनिक के लिए अयोग्य माना जाएगा। इस नियम को लेकर राजनीतिक और सामाजिक स्तर पर विरोध तेज होता नजर आ रहा है।

विराटनगर के पूर्व विधायक एवं कोटपूतली-बहरोड़ कांग्रेस जिलाध्यक्ष इन्द्रराज गुर्जर ने इस व्यवस्था को युवाओं के भविष्य के साथ अन्याय बताते हुए कहा कि देश की सेना पर हमें पूरा विश्वास है, लेकिन केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा लाई गई अग्निवीर योजना युवाओं को असमंजस और अनिश्चितता की ओर धकेल रही है। 21 वर्ष की उम्र में भर्ती होकर 25 वर्ष तक विवाह जैसे निजी निर्णय पर रोक लगाना व्यावहारिक और मानवीय नहीं है।

जयपुर हाईकोर्ट के अधिवक्ता एडवोकेट देवांश सिंह ने भी इस नियम पर आपत्ति जताते हुए कहा कि अग्निवीरों को चार साल की सेवा के बाद स्थायीकरण की केवल 25 प्रतिशत संभावना देना और उस अवधि में विवाह पर रोक लगाना संवैधानिक अधिकारों के विपरीत है। उन्होंने कहा कि विवाह करना प्रत्येक नागरिक का मौलिक अधिकार है। स्थायी सेवा से वंचित करने की शर्त जोड़ना न्यायसंगत नहीं कहा जा सकता।

गौरतलब है कि वर्ष 2022 में शुरू की गई अग्निवीर योजना के तहत भर्ती किए गए सैनिकों का पहला बैच इस वर्ष जून-जुलाई में सेवामुक्त होगा। इसके बाद परीक्षा और मूल्यांकन के आधार पर केवल 25 प्रतिशत अग्निवीरों को स्थायी सैनिक के रूप में लिया जाएगा। वर्तमान नियमों के अनुसार, इस प्रक्रिया के पूर्ण होने तक अग्निवीर विवाह नहीं कर सकते, अन्यथा वे स्थायी सेवा के लिए अयोग्य हो जाएंगे।

इस नियम को लेकर युवाओं और उनके परिजनों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। राजनीतिक और कानूनी विशेषज्ञों का मानना है कि यदि समय रहते इसमें संशोधन नहीं किया गया, तो यह अग्निवीर योजना के प्रति युवाओं के विश्वास को कमजोर कर सकता है।

# खेलों से मजबूत होता है पुलिस बल का अनुशासन व मनोबल : भजना राम

## अन्तर सर्किल वॉलीबॉल प्रतियोगिता में विराटनगर सर्किल विजयी



बढ़ता राजस्थान

**पावटा (नि.स.)।** पुलिसकर्मियों में अनुशासन, शारीरिक दक्षता एवं आपसी समन्वय को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सेंट एक्सवियर स्कूल के खेल मैदान पर अन्तर सर्किल वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का नेतृत्व प्रागपुरा थाना प्रभारी भजनाराम ने किया। मुकाबलों के दौरान खिलाड़ियों ने खेल भावना, अनुशासन और टीम वर्क का उत्कृष्ट परिचय दिया। विराटनगर सर्किल एवं बानसुर वृत के बीच खेले गए रोमांचक मुकाबले में विराटनगर सर्किल की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की।

मैच के दौरान खिलाड़ियों के जोश और अनुशासन ने दर्शकों को भी उत्साहित किया। इस अवसर पर प्रागपुरा थाना प्रभारी भजनाराम ने कहा कि पुलिस बल के लिए शारीरिक फिटनेस और मानसिक मजबूती अत्यंत आवश्यक है। इस प्रकार की खेल प्रतियोगिताएं न केवल स्वास्थ्य को बेहतर बनाती हैं, बल्कि आपसी भाईचारे, अनुशासन और टीम भावना को भी मजबूत करती हैं। खेलों से तनाव कम होता है और ड्यूटी के दौरान कार्यक्षमता बढ़ती है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के आगामी मुकाबले कोटपूतली सर्किल एवं यातायात पुलिस के बीच खेले जाएंगे, जबकि सेमीफाइनल व फाइनल मुकाबले रिजर्व पुलिस लाइन, कोटपूतली में आयोजित किए जाएंगे। सभी सर्किलों को निर्देश दिए गए हैं कि वे पूर्ण तैयारी के साथ प्रतियोगिता में भाग लें। प्रतियोगिता को लेकर पुलिसकर्मियों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। आयोजन से स्पष्ट है कि पुलिस विभाग खेलों के माध्यम से बल के मनोबल, स्वास्थ्य और अनुशासन को नई दिशा देने की दिशा में लगातार प्रयासरत है।

# श्री ओम बन्ना टाइगर फोर्स ने रक्तदान शिविर लगाकर मनाया स्थापना दिवस और रविंद्र सिंह सिसोदिया का जन्मदिन

## 120 से अधिक युवाओं ने किया रक्तदान, भटनेर ब्लड बैंक टीम ने किया रक्त संग्रह



बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ (डी एल सारस्वत)।** श्री ओम बन्ना टाइगर फोर्स सदस्यों की ओर से संगठन के स्थापना दिवस, नववर्ष और पूर्व जिला अध्यक्ष रविंद्र सिंह सिसोदिया के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में रावतसर में जोधाबास स्थित करणी माता मंदिर परिसर में सातवें रक्तदान शिविर व सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस शिविर में क्षेत्र के युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और 120 से अधिक यूनिट रक्तदान किया।

शिविर का जिला अध्यक्ष अजय सिंह राणा द्वारा शुभारंभ किया गया। इस दौरान हनुमानगढ़ से आई भटनेर ब्लड बैंक सेंटर की टीम द्वारा रक्त संग्रहित किया गया।

### प्रमुख अतिथियों की रही उपस्थिति

समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर रावतसर पुलिस थाना प्रभारी ईश्वरानंद उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में बाल कल्याण समिति अध्यक्ष जितेंद्र गोयल एवं भाजपा नेत्री किरण मेघवाल ने शिरकत की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अजय सिंह राणा, जिला संगठन मंत्री पवन बरोड़ और पूर्व जिला अध्यक्ष रविंद्र सिसोदिया,ने संयुक्त रूप से की।

### रक्तदान से बचती है अनमोल जान

रावतसर तहसील अध्यक्ष प्रमोद सिंह राठौड़ ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि श्री ओम बन्ना टाइगर फोर्स द्वारा किया गया यह प्रयास सराहनीय है। दान किए गए रक्त से न जाने कितने जरूरतमंद लोगों की जान बचाई जा सकेगी। जिला संगठन मंत्री पवन बरोड़ ने रक्तदान के स्वास्थ्य लाभ गिनाते हुए कहा कि हर स्वस्थ व्यक्ति को साल में 4 बार रक्तदान करना चाहिए।

इससे शरीर स्वस्थ रहता है और हार्ट अटैक जैसी बीमारियों की आशंका कम होती है। रावतसर मीडिया प्रभारी राजेंद्र सिंह राठौड़ द्वारा कहा गया कि रक्तदान महादान है रक्तदान करने से शरीर में कोई प्रकार की हानि नहीं होती है।

### सामाजिक सरोकारों में अग्रणी है संगठन

समारोह में जानकारी दी गई कि श्री ओम बन्ना टाइगर फोर्स न केवल रक्तदान बल्कि अन्य सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय है। टीम द्वारा अब तक 246 गरीब कन्याओं का मायरा (कन्यादान) भरा जा चुका है, जो समाज के लिए एक मिसाल है।

### मानव सेवा ही हमारा लक्ष्य- अजय सिंह राणा

जिला अध्यक्ष अजय सिंह राणा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन का प्रत्येक सदस्य समाज सेवा के लिए समर्पित है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर रचनात्मक कार्यों में जुटने की अपील की।

कार्यक्रम के अंत में रक्तदाताओं और सहयोगियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर प्रविन्द्र सिंह, सिसोदिया पवन बरोड़, प्रमोद सिंह राठौड़, राजेंद्र सिंह राठौड़, सुरेंद्र सिंह राठौड़, मोनू सिंह राठौड़, संदीप गोस्वामी, महेंद्र स्वामी, बबलू सिंह राठौड़, छगन वर्मा सूर्य जोधा राजेश गर, सूरज आर एफ अनिल राजपूत मांगीलाल कालवा, अंकित सिंह रविन्द्र भाटी संगठन के अनेक पदाधिकारी और स्थानीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# श्रद्धा, सेवा और समर्पण का अनुपम संगम बना विशाल नगर कीर्तन



बढ़ता राजस्थान

अनूपगढ़ (डी एल सारस्वत)। अनूपगढ़ दशम पातशाह श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के पावन प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में गुरुद्वारा श्री गुरु नानक दरबार, 7 एसजेएम से भव्य नगर कीर्तन का आयोजन श्रद्धा और उल्लास के साथ किया गया। नगर कीर्तन का शुभारंभ 7 एसजेएम से हुआ, जो करणीसर, मौकमवाला, 6 एलपीएम, 11 एसजेएम एवं कमरानियां गांवों से होते हुए पुनः 7 एसजेएम पहुंचकर विधिवत रूप से संपन्न हुआ। नगर कीर्तन के दौरान पूरे मार्ग पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। संगत ने गुरु ग्रंथ साहिब जी के पावन स्वरूप के दर्शन कर माथा टेका और जगह-जगह पुष्प वर्षा कर नगर कीर्तन का भावभीना स्वागत किया। गुरबाणी की मधुर धुनों और 'बोले सो निहाल, सत श्री अकाल' के जयकारों से समूचा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। वातावरण पूरी तरह से आध्यात्मिक ऊर्जा और गुरु भक्ति में सराबोर नजर आया। नगर कीर्तन मार्ग पर संगत की सेवा भावना भी देखते ही बनती थी। गांव 11 एसजेएम में सरदार कुलविंदर सिंह गिल, माता बलवीर कौर, रणजीत सिंह, अमरजीत सिंह, सुखविंदर सिंह दविंदर सिंह एवं जगसीर सिंह द्वारा अपने निवास के समक्ष चाय-बिस्कुट का लंगर आयोजित किया गया। इस लंगर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। सेवा करने वाले परिवार की इस निष्काम सेवा को संगत ने खुले दिल से सराहा। कार्यक्रम के समापन पर गुरुद्वारा परिसर में अरदास की गई, जिसमें क्षेत्र में सुख-शांति, भाईचारे और खुशहाली की कामना की गई। नगर कीर्तन ने न केवल धार्मिक आस्था को सशक्त किया, बल्कि आपसी प्रेम, एकता और सामाजिक समरसता का भी सशक्त संदेश दिया।

## कड़ाके की ठंड में मानवता की मिसाल कान्हा जी फाउंडेशन ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** दिसंबर-जनवरी की कड़ाके की ठंड में जरूरतमंदों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से कान्हा जी फाउंडेशन की ओर से सामाजिक सरोकार की मिसाल पेश की गई। फाउंडेशन द्वारा ट्रॉमा वार्ड एवं जेके लोन अस्पताल परिसर में ठंड से जूझ रहे मरीजों के परिजनों को कंबल वितरित किए गए। आयोजक डॉ. रितिका पारीक एवं रेखा सृष्टि ने बताया कि अस्पतालों में भर्ती मरीजों के साथ आए परिजन मजबूरी में खुले में या ठंडे माहौल में रात बिताते हैं। ऐसे लोगों को सर्दी से राहत देने के उद्देश्य से यह सेवा कार्य किया गया। इस अवसर पर फाउंडेशन के फाउंडर श्री घनश्याम मुलानी ने कहा कि कान्हा जी फाउंडेशन समाज के जरूरतमंद वर्गों के लिए आगे भी इसी तरह सेवा कार्य करता रहेगा और मानवता के हित में निरंतर सक्रिय रहेगा।इस सेवा अभियान में लता आसनानी, अमिता गुप्ता, गोविंद सिंह सहित कई सामाजिक कार्यकर्ताओं का सहयोग रहा। कार्यक्रम के दौरान तनिष्क, लक्ष्मी, रीत साधनानी एवं उमेश जी भी उपस्थित रहे।

## मातृशक्ति समाज की आधारशिला है -डॉ नीतू चौधरी




बढ़ता राजस्थान

**चौमूं (दिनेश कुमार कुमावत) ।** जीवन सुरक्षा एवं पर्यावरण रक्षा संस्था के तत्वावधान में रविवार 01 फरवरी 2026 को आयोजित होने वाले बेटी सम्मान महोत्सव के पोस्टर का विमोचन राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चौमूं की मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नीतू चौधरी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉक्टर नीतू चौधरी ने कहा कि मातृ शक्ति राष्ट्रीय निर्माण में मुख्य भूमिका निभाती है। मातृ शक्ति का सम्मान सराहनीय कार्य है ।चौमूं तहसील अध्यक्ष गजानंद शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर प्रतिकूल परिस्थितियों में शानदार सफलता अर्जित करने वाली मातृशक्ति का अभिनंदन किया जाएगा। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष पुरुषोत्तम शर्मा, राजेश मिश्रा, शिवम पारीक, मुकेश यादव, निकिता, प्रियंका, मोहन, संतोष सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## दिनेश कुमार कुमावत बने विराज फाउंडेशन के प्रदेश मीडिया प्रभारी



बढ़ता राजस्थान

**चौमूं (दिनेश कुमार कुमावत) ।** विराज फाउंडेशन के प्रदेशाध्यक्ष भुवनेश तिवाडी ने संगठन के मीडिया कार्यों को सशक्त बनाने हेतु चौमू निवासी दिनेश कुमार कुमावत को प्रदेश मीडिया प्रभारी के पद पर नियुक्त कर उन्हें नियुक्ति पत्र सौंपा। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव बनवारी लाल शर्मा, प्रदेश मंत्री ओम प्रकाश रीडर एवं समाजसेवी जगदीश प्रसाद कुमावत सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। सभी ने कुमावत को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं।

## जन भागीदारी के साथ होगा जयपुर में सेना दिवस परेड का दिव्य एवं भव्य आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** आर्मी डे परेड-2026 के अवसर पर जयपुर में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में जिले से भी प्रतिभागी इसे देखने जायेंगे। कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में एडीएम ओमप्रकाश सहारण ने संबंधित अधिकारियों और निजी शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित कर आवश्यक निर्देश दिये। एडीएम ने कहा कि 09, 11, 13 एवं 15 जनवरी को जयपुर में आयोजित होने वाले इन कार्यक्रमों में जिले से अच्छी संख्या में प्रतिभागियों की सहभागिता सुनिश्चित की जायें। इसके लिए स्कूल एवं कॉलेज के विद्यार्थी, राजीविका की महिलायें, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, स्काउट एवं एनसीसी कैडेट्स, खिलाड़ी, पूर्व सैनिक तथा आमजन को अधिक से अधिक संख्या में शामिल करने, उनके परिवहन सहित अन्य व्यवस्थाओं के निर्देश विभिन्न विभागीय अधिकारियों को दिये गये। उन्होंने कहा कि यह आयोजन पूरे देश के लिये गौरवपूर्ण एवं ऐतिहासिक है। उन्होंने बताया कि देश के इतिहास में यह पहली बार सेना दिवस परेड आमजन के बीच आयोजित की जा रही है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा इस आयोजन को जन-जन तक पहुँचाने हेतु विशेष प्रयास किये जा रहे हैं, ताकि आम नागरिक भारतीय सेना के शौर्य, अनुशासन एवं गौरव को निकट से अनुभव कर सकें। उनके द्वारा दर्शकों की बैठक व्यवस्था, प्रवेश एवं निकास मार्गों के संबंध में जानकारी दी गई। उन्होंने सभी शैक्षणिक संस्थानों एवं संगठनों से आग्रह किया कि वे परेड देखने हेतु आने वाले प्रतिभागियों की संख्या एवं विवरण यथाशीघ्र उपलब्ध करायें, जिससे व्यवस्था और अधिक सुव्यवस्थित रूप से सुनिश्चित की जा सकें।

### जनभागीदारी एवं सहयोग से होगा सेना दिवस परेड का ऐतिहासिक आयोजन

# सेना दिवस परेड के आयोजन की तैयारियां तेज, वर्गों से सहभागिता का आह्वान

- जिला कलक्टर ने व्यापारिक, औद्योगिक एवं सामाजिक संगठनों से सहभागिता की अपील
- कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को हुआ बैठक का आयोजन




बढ़ता राजस्थान

जयपुर,(का.स.)। जयपुर में 8 जनवरी से 15 जनवरी 2026 तक आयोजित होने जा रही सेना दिवस परेड-2026 के दिव्य, भव्य एवं ऐतिहासिक आयोजन की तैयारियां जोरों पर हैं। इस संबंध में सोमवार को आयोजित समन्वय बैठक में जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने व्यापार संघों, औद्योगिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं, गैर सरकारी संगठनों तथा सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों से सक्रिय सहयोग और व्यापक भागीदारी का आह्वान किया। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने कहा कि जयपुर में होने वाले सभी बड़े आयोजनों में व्यापार एवं सामाजिक संगठनों की भूमिका सदैव अहम रही है। जिला प्रशासन को हर अवसर पर इन संगठनों का सक्रिय समर्थन और सहयोग प्राप्त होता रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सेना दिवस परेड-2026 के दौरान भी सभी संघ-संगठन अपने-अपने स्तर पर योगदान देंगे और आयोजन को सफल बनाने में सहभागी बनेंगे।

उन्होंने कहा कि सेना दिवस परेड केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि देश की सेना के शौर्य, अनुशासन और बलिदान के प्रति सम्मान प्रकट करने का अवसर है। इस आयोजन के माध्यम से आमजन, विशेषकर युवाओं में राष्ट्र प्रेम, अनुशासन और देश सेवा की भावना को प्रोत्साहित किया जाएगा। ऐसे में समाज के प्रत्येक वर्ग की सहभागिता आवश्यक है।

बैठक में जयपुर व्यापार संघ के अध्यक्ष सुभाष गोयल ने कहा कि राजधानी जयपुर में सेना दिवस परेड का भूतो ना भविष्यति आयोजन प्रदेशवासियों के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि व्यापार एवं औद्योगिक संगठनों की ओर से आयोजन में हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। साथ ही व्यापार संघ आम नागरिकों को भी कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रेरित करेंगे, ताकि अधिक से अधिक लोग सेना के पराक्रम से रूबरू हो सकें।

बैठक में आयोजन की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया गया कि 9, 11, 13 एवं 15 जनवरी को जगतपुरा स्थित महल रोड पर प्रातः 7 बजे से सेना दिवस परेड का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सेना के विभिन्न दलों द्वारा पराक्रम, अनुशासन और कौशल का प्रदर्शन किया जाएगा। वहीं 10 एवं 15 जनवरी को सायं 4:30 बजे से सवाई मानसिंह स्टेडियम में शौर्य संध्या का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सैन्य बैंड, सांस्कृतिक कार्यक्रम और साहसिक प्रदर्शन आकर्षण का केंद्र रहेंगे। इसके अतिरिक्त 9 जनवरी से 12 जनवरी तक सीकर रोड स्थित भवानी निकेतन परिसर में प्रातः 9.30 बजे से सायं 6 बजे तक 'अपनी सेना को जानिए' कार्यक्रम एवं अत्याधुनिक हथियार प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी। इस प्रदर्शनी के माध्यम से आमजन को भारतीय सेना की कार्यप्रणाली, आधुनिक उपकरणों एवं रक्षा क्षमताओं की जानकारी दी जाएगी। बैठक में महासंघ के महासचिव सुरेश सैनी, सेंट्रल स्पाइन व्यापार मंडल के अध्यक्ष अजय अग्रवाल, ऑटोमोबाइल डीलर एसोसिएशन के अध्यक्ष राजन सिंह सहित विभिन्न व्यापार संघों, औद्योगिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं, गैर सरकारी संगठनों एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और आयोजन में सहयोग का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रतिभा वर्मा, अतिरिक्त जिला कलक्टर मुकेश कुमार मूंड, युगांतर शर्मा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रथम जिला अधिवक्ता सम्मेलन 08 जनवरी को, जिला अधिवक्ता सम्मेलन हेतु आयोजन समिति की बैठक

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** जिला अभिभाषक संघ के तत्वावधान में दिनांक 08 जनवरी 2026 वार गुरूवार को प्रातः 11 बजे स्थान- शरणम पैराडाईज में जिला अधिवक्ता सम्मेलन का आयोजन किया जावेगा। इस हेतु जिला अभिभाषक संघ ने तैयारियों को लेकर बैठक का आयोजन किया जिसमें कोटपूतली, बहरोड, बानसूर, पावटा, विराटनगर, नीमराना, नारायणपुर सभी स्थानों के अधिवक्ताओं को मिलाकर 51 सदस्य आयोजन समिति का गठन किया गया। जिसकी बैठक जिला अभिभाषक संघ अध्यक्ष बजरंगलाल शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में आयोजन से सम्बन्धित सभी प्रकार की जिम्मेदारियों का कार्य विभाजन कर अलग-अलग टीमों का गठन किया गया।आयोजन समिति में मनोज भूषण एडवोकेट को जिला अधिवक्ता सम्मेलन हेतु संयोजक व अशोक सुरेलिया एडवोकेट



को सहसंयोजक की जिम्मेदारी दी गई। आयोजन समिति के सदस्य एडवोकेट मनोज चौधरी ने बताया कि जिला अधिवक्ता सम्मेलन में जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेन्द्र सिंह मुख्य अतिथि, कोटपूतली विधायक हंसराज पटेल, विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़, बानसूर विधायक देवीसिंह शेखावत विशिष्ट अतिथि रहेगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अभिभाषक संघ बहरोड के अध्यक्ष दाताराम यादव करेगे। कार्यक्रम में जिले के सभी वरिष्ट अधिवक्ता जिनका 40 वर्षों से अधिक का कार्यानुभव है का सम्मान किया जावेगा साथ ही जिले के सभी अभिभाषक संघो की नवनिर्वाचित कार्यकारिणियों का अभिनन्दन किया जावेगा तथा अधिवक्ता विचार गोष्टी भी होगी। सम्मेलन में भाग लेने वाले सभी लोगो के लिए पौष बडा (प्रसादी) की व्यवस्था भी रहेगी। इस हेतु अभिभाषक संघ कोटपूतली की कार्यकारिणी ने सभी स्थानों पर जाकर अधिवक्ता बन्धुओं को आंमत्रित किया है तथा न्याय क्षेत्र के नवगठित जिले के अधिवक्ताओं को संगठित कर एकमंच पर लाने का संकल्प लिया। जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष बजरंगलाल शर्मा एडवोकेट ने सभी अधिवक्ताओं से इस ऐतिहासिक सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता कर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। आयोजित बैठक में आयोजन समिति के समस्त सदस्य उपस्थित रहे।

## बाय पंचायत समिति बनाने की मांग को लेकर लगातार 42वें दिन भी धरना जारी

बढ़ता राजस्थान




**खाटूश्यामजी (नि.स.)।** बाय पंचायत समिति बनाओ संघर्ष समिति का 42दिन से जारी धरना प्रदर्शन जारी हैं।दातारामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में बाय कस्बे को पंचायत समिति का दर्जा नहीं दिए जाने के फैसले के विरोध में ग्रामीण पिछले 42 दिनों से धरने पर बैठे हैं। बाय पंचायत समिति बनाओ संघर्ष समिति का आरोप है कि वर्तमान भाजपा सरकार से जुड़े कुछ लोगों ने उनके साथ अन्याय किया है। उनका कहना है कि यदि इस फैसले पर पुनर्विचार नहीं किया गया तो आगामी पंचायत और नगरीय चुनावों में सरकार को इसका भारी राजनीतिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। उल्लेखनीय है कि खाचरियावास को नई पंचायत समिति बनाए जाने के बाद से ही बाय सहित आसपास के गांवों में असंतोष बढ़ गया। इसी फैसले के विरोध में ग्रामीणों ने श्री लक्ष्मीनाथ मंदिर प्रांगण में धरना प्रदर्शन शुरू किया जो अब लगातार जारी है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को बार-बार अवगत कराने के बावजूद उनकी मांगों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।वहीं पंचायत समिति के पुनर्गठन और नए वार्डों के परिसीमन को लेकर भी क्षेत्र में व्यापक विरोध देखने को मिल रहा है। कई ग्राम पंचायतों ने परिसीमन प्रक्रिया पर आपत्ति जताते हुए इसे जनभावनाओं के विपरीत बताया है। स्थानीय स्तर पर बढ़ते विरोध को देखते हुए यह मुद्दा अब राजनीतिक रूप से भी गर्माता नजर आ रहा है।बाय कस्बे के आस पास की पंचायतो में भी रोष व्याप्त हैं। मूलचंद टेलर,उस्मान तेली,उमेश दाधीच,बंशी नाथ योगी,धन्नालाल गोठवाल, गोपाल सिंह बिजारणियां, हंसराज चेजारा,राजेंद्र सिंह शेखावत, बृजमोहन गुर्जरगोड,विजय पाराशर,पवन गुर्जरगौड़,मांगीलाल योगी, पिंटू टेलर, नाथूलाल सैन,भंवरलाल रणवा सहित सैकड़ों गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## रात्रिकालीन न्यायालयों के आदेशों पर अधिवक्ताओं में असहमति, पायलट प्रोजेक्ट को लेकर गतिरोध

बढ़ता राजस्थान

**पावटा (नि.स.)।** राजस्थान उच्च न्यायालय द्वारा पायलट प्रोजेक्ट के तहत रात्रिकालीन न्यायालयों में सुनवाई शुरू करने के आदेशों को लेकर प्रदेशभर में अधिवक्ता संगठनों के बीच असहमति और गतिरोध की स्थिति बनी हुई है। स्थानीय स्तर पर भी इस प्रस्ताव को लेकर अधिवक्ताओं ने गंभीर आपत्तियां दर्ज कराई हैं। पावटा अभिभाषक संघ के अध्यक्ष एडवोकेट रामनिवास यादव ने बताया कि वर्तमान परिस्थितियों में रात्रिकालीन न्यायालयों का संचालन व्यवहारिक रूप से संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था को लागू करने पर कई गंभीर व्यावहारिक समस्याएं सामने आ सकती हैं। रात्रिकाल में वकीलों, पक्षकारों और न्यायिक कर्मचारियों की सुरक्षा, आवश्यक स्टाफ की उपलब्धता तथा दूर-दराज क्षेत्रों से आने वाले वादकारियों और अधिवक्ताओं की पहुंच जैसे मुद्दे बड़ी चुनौती बनेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस तरह के महत्वपूर्ण निर्णय को लागू करने से पूर्व प्रदेश के सभी अभिभाषक संघों को विश्वास में लेकर व्यापक स्तर पर मूल्यांकन और विस्तृत विचार-विमर्श किया जाना आवश्यक है। बिना पर्याप्त तैयारी और संसाधनों के इस व्यवस्था को लागू करना न्यायिक प्रक्रिया को प्रभावित कर सकता है। इस संबंध में राजस्थान उच्च न्यायालय अभिभाषक संघ, जयपुर एवं जोधपुर द्वारा रात्रिकालीन न्यायालयों के आदेशों के विरोध में न्यायिक कार्य से विरत रहने के निर्णय का समर्थन करते हुए तहसील अभिभाषक संघ पावटा ने भी अपना समर्थन व्यक्त किया है।

## पितृ जीण सेवा समिति द्वारा 13 वां विशाल पौषबड़ा महोत्सव आयोजित





बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** कस्बे के लक्ष्मी नगर स्थित ढ़ाणी जादावाली में रविवार को पितृ जीण सेवा समिति के तत्वाधान में 13 वें वार्षिक पौषबड़ा कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।इस धार्मिक आयोजन में उमड़े जन सैलाब ने पितृ देव के प्रति अपनी अटूट श्रद्धा प्रकट की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे श्री श्री 108 सीताराम दास महाराज (नागाजी की गौर) का सेवा समिति के पदाधिकारियों द्वारा भव्य स्वागत व अभिनंदन किया गया। समिति सदस्यों ने महाराज का आशीर्वाद लेकर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की तत्पश्चात महाराज के सानिध्य में प्रसादी वितरण का कार्य प्रारंभ हुआ। आयोजन के दौरान पंगत व्यवस्था के तहत हजारों श्रद्धालुओं ने बड़े ही अनुशासित ढंग से पौषबड़ा प्रसादी ग्रहण की। भक्ति भजनों और जयकारों से पूरा वातावरण धर्ममय हो गया। इस दौरान सैनी सभा अध्यक्ष रामसिंह सैनी, उपाध्यक्ष प्रकाश तौंदवाल, सचिव योगेश सैनी, पूर्व अध्यक्ष राकेश सैनी, रोहिताश सैनी, एड. पवन सैनी, सुभाष जमालपुरिया, जगदीश खेमजी, पत्रकार दीपक वशिष्ठ,महेश कुमार सैनी, देषराज सैनी, सेवा समिति अध्यक्ष हेमराज सैनी, उपाध्यक्ष सुभाष सैनी, महामंत्री बिल्लूराम सैनी, पवन सैनी, बाबूलाल सैनी, हरचंद सैनी, हंसराज सैनी, फूलचन्द सैनी, सुन्दर सैनी, सुभाष सैनी, विक्रम सैनी, रिंकू सैनी, अजय सैनी, सीताराम सैनी, सुगन चंद सैनी, रणजीत सैनी, कृष्ण सैनी, विजय सैनी समेत अन्य मौजूद रहे।

# गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर जिला कलक्टर ने ली साप्ताहिक समीक्षा बैठक

बढ़ता राजस्थान

कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)। जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला कलक्टर ने गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) की पूर्व तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को विभिन्न दायित्व सौंपे और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।



### गरिमामय होगा जिला स्तरीय समारोह

जिला कलक्टर ने बताया कि गणतंत्र दिवस का जिला स्तरीय मुख्य समारोह राजकीय लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय, कोटपूतली में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने नगर परिषद को समारोह स्थल पर टेंट, स्टेज, बैठक व्यवस्था और साउंड सिस्टम सहित तमाम तैयारियों को समय रहते पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही एसडीएम, तहसीलदार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को परेड और मार्च पास्ट के सफल आयोजन हेतु जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### सम्मान के लिए 21 जनवरी तक करें आवेदन

बैठक में निर्देश दिए गए कि विभिन्न क्षेत्रों (शिक्षा, खेल, समाज सेवा, राजकीय सेवा) में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों, कार्मिकों और विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। इसके लिए आवेदन 21 जनवरी तक अतिरिक्त जिला कलक्टर की अध्यक्षता में गठित समिति को भिजवाने होंगे।जिला कलक्टर ने स्पष्ट किया कि गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम देशभक्ति और शिक्षाप्रद संदेशों से ओतप्रोत होने चाहिए। इसके लिए चयन समिति को कार्यक्रमों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। साप्ताहिक समीक्षा के दौरान जिला कलक्टर ने फ्लैगशिप योजनाओं की धरातल पर क्रियान्विति, संपर्क पोर्टल के लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण और बिजली, पानी, सडक़ व चिकित्सा जैसी मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने पर बल दिया। व्यवस्थाओं का खाका तैयारअतिरिक्त जिला कलक्टर ओमप्रकाश सहारण ने बताया कि प्रमुख चौराहों और राजकीय भवनों पर आकर्षक रोशनी व विशेष सफाई व्यवस्था की जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को एम्बुलेंस मय चिकित्सा दल तैनात करने तथा वीरांगनाओं के लिए सम्मानजनक परिवहन व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।इस अवसर पर जिला पुलिस अधीक्षक देवेंद्र विश्नोई, एसडीएम रामवतार मीणा सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

# बेलगाम ट्रंप, टैरिफ बढ़ाने चेतावनी



वेनेजुएला पर हमला कर वहां के राष्ट्रपति का अपहरण कराने और ईरान समेत अन्य दक्षिण अमेरिकी देशों को धमकाने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जिस तरह रूस से तेल खरीद के मामले में भारत पर टैरिफ बढ़ाने चेतावनी दी, वह उनके बढ़ते अहंकार का नया प्रमाण है। उन्होंने जिस तरह यह कहा कि प्रधानमंत्री मोदी बहुत अच्छे हैं, लेकिन वे जानते हैं कि रूस से तेल खरीदने के कारण मैं उनसे खुश नहीं और मुझे खुश करना जरूरी है, उससे उनकी तानाशाही मानसिकता ही प्रकट होती है। वे न केवल पूरी तरह बेलगाम दिख रहे हैं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक शिष्टाचार की भी धज्जियां उड़ा रहे हैं। वे ऐसे व्यवहार कर रहे हैं जैसे दुनिया के थानेदार हों या फिर उन्हें विश्व को अपने हिसाब से चलाने का जनादेश मिला हुआ है। वे अपने साथ अमेरिका की भी फजीहत करा रहे हैं। यदि वे यह समझ रहे हैं कि उनके रवैये से उनकी या अमेरिका की साख बढ़ रही है तो ऐसा बिल्कुल भी नहीं है। अमेरिका केवल अपनी साख ही नहीं गंवा रहा है, बल्कि एक ऐसे गैर जिम्मेदार राष्ट्र के रूप में उभर रहा है, जो विश्व व्यवस्था को छिन्न-भिन्न कर दुनिया को अराजकता की ओर धकेल रहा है। इसके दुष्परिणाम अमेरिका को भी भोगने होंगे, क्योंकि विश्व के तमाम राष्ट्र उनसे तंग आ चुके हैं और यह एक तथ्य है कि आज अमेरिका उतना सशक्त नहीं, जितना पहले हुआ करता था। ट्रंप अपने अहं को पूरा करने के लिए जिस तरह अपने मित्र राष्ट्रों से भी बैर मोल ले रहे हैं, वह उन्हें महंगा पड़ सकता है, क्योंकि उनका मनमानापन विश्व के देशों को अमेरिका के खिलाफ एकजुट होने को मजबूर कर रहा है। यह बहुत दिनों तक संभव नहीं कि ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका तो मनमानी करे और विश्व से नियम-कानूनों के हिसाब से चलने की अपेक्षा करे। वे जिस तरह अस्थिरता फैला रहे हैं, उससे विश्व शांति ही नहीं, अर्थव्यवस्था भी खतरे में पड़ रही है। ट्रंप ने भारत पर पहले ही 50 प्रतिशत टैरिफ थोप रखा है। इसमें 25 प्रतिशत व्यापार समझौता न हो पाने और 25 प्रतिशत रूस से तेल खरीदने के कारण है। यदि वे और टैरिफ बढ़ाते हैं तो यह एक तरह से भारत पर पाबंदी लगाने जैसा होगा। यह ठीक है कि भारत को अमेरिकी सहयोग की आवश्यकता है, लेकिन उसे उसके अनुचित दबाव का प्रतिकार करना होगा। भारत को ट्रंप की शर्तों पर व्यापार समझौता करने से बचना होगा। भारत को यह भी आभास हो जाना चाहिए कि अमेरिका से व्यापार समझौता होने में और देरी हो सकती है। भारत को ट्रंप को उनकी भाषा में जवाब देने की जरूरत नहीं, लेकिन यह स्पष्ट करने में संकोच नहीं करना चाहिए कि वह उनके बेजा व्यवहार के समक्ष झुकने वाला नहीं।

## आज का इतिहास | बढ़ता राजस्थान

- 06 जनवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएं
- 2012 - सीरिया की राजधानी दमिश्क में आत्मघाती हमले में 26 लोगों की मौत, 63 घायल हुये।
- 2010 - नई दिल्ली में यमुना बैंक-आनंद विहार सेक्शन की मेट्रो रेलों का परिचालन आरंभ।
- 2008 - राज्यसभा सदस्य और बंगलुरू के उद्यमी तथा पूंजी और निवेश कंपनी जूपिटर कैपिटल के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजीव चन्द्रशेखर को फिक्की का अध्यक्ष नियुक्त किया गया।
- अमेरिका के पश्चिमी तटीय क्षेत्र में आए तूफ़ान से भारी तबाही।
- 2007 - उत्तर प्रदेश का हिन्दी संस्थान की ओर से साहित्य के क्षेत्र में दिये जाने वाले वार्षिक पुरस्कारों के अंतर्गत वर्ष 2007 के भारत भारती सम्मान केदारनाथ सिंह को प्रदान करने की घोषणा हुई।
- 2003 - रूस ने संयुक्त राष्ट्र से बिना अनुमति लिये इराक के ख़िलाफ़ सैनिक कार्रवाई पर अमेरिका को चेतावनी दी।
- 2002 - भारत ने सीमा में घुस आया पाकिस्तान का जासूसी विमान मार गिराया, दक्षेस शिखर सम्मेलन सम्पन्न, काठमाण्डू घोषणा-पत्र में आतंकवाद के खात्में पर ज़ोर, भारत की राजनीतिक सफलता, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर व भारतीय प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की बातचीत के बाद दिल्ली घोषणा-पत्र पर हस्ताक्षर, बांग्लादेश की मुद्रा से शेख़ मुजीब का चित्र हटाया गया, संयुक्त राज्य अमेरीका में एक और विमान भवन से टकराया।
- 1989 - इंदिरा गांधी की हत्या के दोनों दोषियों सतवंत सिंह और केहर सिंह को फाँसी दी गई।
- 1983 - भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को पहली बार आंध्र प्रदेश और कर्नाटक विधानसभा चुनावों में हार का सामना करना पड़ा।
- 1980 - सातवीं लोक सभा चुनाव में इंदिरा गांधी की नेतृत्व वाली कांग्रेस पार्टी को दो तिहाई बहुमत मिला।
- 1976 - चीन ने लोप नोर क्षेत्र में परमाणु परीक्षण किया।
- 1950 - ब्रिटेन ने चीन की कम्युनिस्ट सरकार को मान्यता प्रदान की।
- 1947 - भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस कमेटी ने भारत का विभाजन स्वीकार किया।

## विशेष आलेख

# डबल इंजन के वेग से उखड़ा आरपीएससी का भ्रष्ट तंत्र तकनीक और पारदर्शिता बनी राजस्थान की नई पहचान



डॉ. नयन प्रकाश गांधी



राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी), जिसे संविधान ने योग्यता और प्रतिभा के चयन का पवित्र मंदिर बनाया था, बीते कुछ वर्षों में 'सिफारिश' और 'सौदागरी' का अड्डा बनकर रह गया था। बाबूलाल कटारा जैसे प्रकरण और इंटरव्यू में नंबरों की बंदरबांट ने न केवल आयोग की साख को बट्टा लगाया, बल्कि राज्य के लाखों मेहनतकश युवाओं के सपनों को भी छलनी किया। लेकिन, वर्तमान परिदृश्य में सुधार की जो बयार बह रही है, वह उम्मीद की एक नई किरण है। भजनलाल सरकार द्वारा पेपर लीक पर अपनाई गई 'शून्य सहनशीलता' जीरो टॉलरेंस की नीति और एसओजी की ताबड़तोड़ कार्रवाई ने यह संदेश स्पष्ट कर दिया है कि अब रसूखदार 'सिस्टम' को नहीं चलाएंगे, बल्कि 'सिस्टम' रसूखदारों पर भारी पड़ेगा। हालांकि, गिरफ्तारियां केवल फौरी राहत हैं। समस्या की जड़ गहरी है और इसका स्थायी समाधान केवल दंड में नहीं, बल्कि 'प्रक्रियात्मक सुधारों' में निहित है। हमें एक ऐसा अभेद्य पारदर्शी तंत्र सुविकसित करना, जहां मानवीय बेईमानी की गुंजाइश ही न बचे।

**तकनीकी समाधान: डिजिटल इंटिग्रेशन मॉनिटरिंग सिस्टम**

भविष्य में आरपीएससी को 'पोस्टिंग-प्लेसमेंट एजेंसी' बनने से रोकने के लिए सबसे प्रभावी हथियार तकनीक है। हमें 'डिजिटल इंटिग्रेशन मॉनिटरिंग सिस्टम' को अपनाना होगा। यह महज एक सॉफ्टवेयर नहीं, बल्कि पारदर्शिता का एक पूरा इकोसिस्टम है। वर्तमान में पेपर सेटिंग से लेकर प्रिंटिंग और सेंटर तक पहुंचने की प्रक्रिया में कई मानवीय कड़ियां हैं, जो लीकेज का कारण बनती हैं। डीआईएमएस के तहत प्रश्नपत्रों को 'ब्लॉक चेन तकनीक' या एंड-टू-एंड एन्क्रिप्शन के साथ डिजिटल वॉल्ट में रखा जाना चाहिए। पेपर की प्रिंटिंग परीक्षा से चंद मिनट पहले 'साइलेंट प्रिंटिंग' या सीधे स्क्रीन पर डिस्प्ले के माध्यम से हो, ताकि पेपर किसी इंसान के हाथ में आने से पहले सीधे अभ्यर्थी की टेबल तक पहुंचे। इस सिस्टम में हर एक्सेस का 'डिजिटल ट्रेल' बनेगा, यानी किसने, कब और कहां सिस्टम को लॉग-इन किया, इसका पूरा रिकॉर्ड रहेगा। यदि कोई छेड़छाड़ की कोशिश करेगा, तो सिस्टम रीयल-टाइम में 'रेड फ्लैग' अलर्ट जारी कर देगा।

**ट्रांसपेरेंट कैंडिडेट और बायोमेट्रिक कवच**

दूसरी बड़ी चुनौती 'डमी कैंडिडेट्स' मुन्ना भाई की है। इसका तोड़ आई-बेस्ड फिजिकल वेरिफिकेशन में है। केवल आधार कार्ड या फोटो मिलान काफी नहीं है। हमें अभ्यर्थी की पहचान को उसकी आईरिस (आंख की पुतली) और फेस रिकग्निशन से जोडना होगा।जब एक अभ्यर्थी फॉर्म भरता है, तभी उसका यूनिक बायोमेट्रिक प्रोफाइल लॉक हो जाना चाहिए। परीक्षा केंद्र के गेट पर,परीक्षा कक्ष के भीतर और चयन के बाद ज्वाइनिंग के समय तीनों स्तरों पर इसी प्रोफाइल का मिलान हो।ट्रिपल लेयर मॉनिटरिंग से यह सुनिश्चित होगा कि जिस व्यक्ति ने फॉर्म भरा, वही परीक्षा दे रहा है और वही नौकरी ज्वाइन कर रहा है। यह व्यवस्था 'ट्रांसपेरेंट कैंडिडेट' की अवधारणा को साकार करेगी।

**आयोग का ढांचागत शुद्धिकरण**

तकनीक के साथ-साथ आयोग की संरचना में नैतिक सुधार अनिवार्य हैं। हरियाणा पब्लिक सर्विस कमीशन या यूपीएससी की तर्ज पर आरपीएससी में सदस्यों की नियुक्ति राजनीतिक वफादारी के बजाय मेरिट पर होनी चाहिए। आयोग की गोपनीय शाखाओं को राजनीतिक हस्तक्षेप से पूरी तरह मुक्त रखा जाना चाहिए। साक्षात्कार प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने के लिए बोर्ड सदस्यों को भी अंतिम समय तक यह पता नहीं होना चाहिए कि वे किस अभ्यर्थी का साक्षात्कार लेने वाले हैं।

दो वर्षों में 92,000 से अधिक नौकरियां और 1.5 लाख से अधिक प्रक्रियाओं का जारी रहना यह दर्शाता है कि सरकार की मंशा साफ है। 296 परीक्षाओं का निर्विघ्न संपन्न होना इस बात का प्रमाण है कि धुंध छंट रही है।

एक पब्लिक पॉलिसी एक्सपर्ट के रूप में मेरा मानना है कि यह समय युवाओं के लिए अवसाद का नहीं, बल्कि आक्रामक रूप से तैयारी करने का है,मेहनत और जुनून के हथियार से ,निरंतर अध्ययन एवं धैर्य ,आत्मविश्वास के साथ सफलता पाने का। सरकार अपना काम कर रही है, सिस्टम सुधर रहा है। अब गेंद युवाओं के पाले में है। वे दिग्भ्रमित हुए बिना, अपने गुरुओं के मार्गदर्शन में तैयारी में जुट जाएं। यदि यह राजनीतिक इच्छाशक्ति और तकनीकी सुधार इसी गति से लागू रहे, तो वह दिन दूर नहीं जब राजस्थान का भर्ती मॉडल पूरे देश के लिए नजीर बनेगा।

# जिन्ना का पाकिस्तान इंटरनेशनल मोनेटरी फंड के सामने नतमस्तक

## बेबस जनता खाने को तरस रही है



संजीव ठाकुर

*पाकिस्तानी रुपया डॉलर के मुकाबले ऐतिहासिक रूप से गिरकर लगभग 287 के स्तर तक पहुंच गया है, विदेशी मुद्रा भंडार सिमटकर मात्र 3.10 अरब डॉलर रह गया है।*

जिन्ना के सपनों का पाकिस्तान आज अपने सबसे भीषण आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक संकट के दौर से गुजर रहा है, जहां वह इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड के सामने पूरी तरह नतमस्तक दिखाई देता है और उसका तथाकथित आयरन फ्रेंड चीन भी आंखें फेर चुका है, पाकिस्तानी रुपया डॉलर के मुकाबले ऐतिहासिक रूप से गिरकर लगभग 287 के स्तर तक पहुंच गया है, विदेशी मुद्रा भंडार सिमटकर मात्र 3.10 अरब डॉलर रह गया है जो मुश्किल से 15 दिनों के आवश्यक आयात को ही संभाल सकता है, ऐसे में महंगाई, बेरोजगारी और भुखमरी ने पूरे देश में त्राहि-त्राहि मचा दी है, आईएमएफ की शर्तों को मानने की मजबूरी में पाकिस्तान सरकार ने गैस के दामों में लगभग 30 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है और बिजली की कीमतों में प्रति यूनिट कई रुपये का इजाफा कर दिया है, जिसका सीधा असर आम जनता पर पड़ा है, पंजाब से लेकर बलूचिस्तान और सिंध तक लोग सडक़ों पर उतर आए हैं, विरोध और विद्रोह की आवाजें तेज हो रही हैं, आटा 250 रुपये किलो में भी मुश्किल से मिल रहा है, चावल गायब है और शक्कर आम आदमी के लिए कड़वी सच्चाई बन चुकी है, प्रधानमंत्री नवाज शरीफ द्वारा दिवालियेपन की कगार पर पहुंचने की स्वीकारोक्ति इस बात का प्रमाण है कि पाकिस्तान अब केवल कर्ज लेकर कर्ज चुकाने के दुष्चक्र में फंस चुका है, संयुक्त अरब अमीरात और खाड़ी देशों का सहायता से इनकार करना और चीन द्वारा सीपीईसी परियोजनाओं में कार्यरत अपने नागरिकों की सुरक्षा की जिम्मेदारी स्वयं उठाने का संकेत देना पाकिस्तान की अंतरराष्ट्रीय साख के पतन को दर्शाता है, आतंकवाद को राज्य नीति का औजार बनाकर जिन्ना के पाकिस्तान ने जो रास्ता चुना था उसी का परिणाम है कि आज वह वैश्विक स्तर पर अलग-थलग पड़ गया है, जहां एक ओर भारत 15 अगस्त 1947 के बाद लोकतंत्र, विकास और वैश्विक सहयोग के रास्ते पर चलते हुए विश्व की प्रमुख आर्थिक और सामरिक शक्तियों में शामिल हो चुका है, वहीं दूसरी ओर पाकिस्तान आतंकवाद, अस्थिरता और गलत नीतियों के कारण कंगाली और अराजकता की ओर बढ़ गया है, श्रीलंका जैसे हालात की आशंका अब केवल संभावना नहीं बल्कि वास्तविकता के बेहद करीब है, इसके बावजूद कश्मीर को लेकर अंतरराष्ट्रीय मंचों पर राग अलापना पाकिस्तान के राजनीतिक नेतृत्व के मानसिक दिवालियापन को उजागर करता है, आज पाकिस्तान के पास अपनी आवाम को बचाने के लिए न तो संसाधन हैं और न ही विश्व का भरोसा, केवल आईएमएफ की कठोर शर्तें ही उसे कुछ समय की सांस दे सकती हैं, लेकिन यदि उसने आतंकवाद से दूरी, आर्थिक सुधारों और पड़ोसी देशों के साथ व्यवहारिक नीति की ओर आमूलचूल परिवर्तन नहीं किया तो वह दिन दूर नहीं जब अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष भी उससे हाथ खींच लेगा और पाकिस्तान इतिहास में एक असफल राष्ट्र के रूप में दर्ज हो जाएगा।

## लघु कथा | बढ़ता राजस्थान

### आत्मा की बदली आवाज



आत्मा की आवाज आती तो है लेकिन आजकल आत्मा भी शरीर की गुलाम हो चुकी है। इंद्रियों के मोह जाल में फंस चुकी है। कोई भी बुरा काम करते समय जो भीतर बैठा हुआ ये कहता है ना कि आपपास देख ले कहीं कोई देख तो नहीं रहा ना..बस यही आत्मा की आवाज है मित्रों एक दौर था जब आत्मा हमेशा ऐसे अनैतिक कार्यो के लिए जोकि सामाजिक व धार्मिक दृष्टिकोण से सही नहीं थे नीतिगत नहीं थे तो आत्मा की आवाज आती थी कि ये काम नहीं करना है लेकिन अब तो आत्मा ही भीतर से कह देती है कर तो लें लेकिन देख इधर-उधर देखकर करना कहीं फंस मत जाना। समय का ही बदलाव है मित्रों यदि कोई मेरे इन शब्दों को गलत मान रहा है कि आत्मा की आवाज आज भी वही है तो पहले थी तो मैं बता दूं समय का बदलाव है ये एक जमाने में गलत का विरोध किया करती थी जैसे पहले चाईना फूड़ का विरोध घर के बुर्जुग किया करते थे लेकिन आजकल शादियों में अधेड़ उम्र के लोगों को प्लेट में चाउमीन लेकर रगड़ते देखा जा सकता है।

घरों में बच्चों को ही मोमोस पसंद नहीं घर के बड़े लोग भी इन्हे चाँव से खाने लगे हैं। बस ऐसे ही आत्मा वहीं है बस आवाज बदल गई। अब आत्मा भी चतुर हो गई हैं इंसान की वो विरोध नहीं करती बस उसकी मदद करती है कि रिश्वत के पैसे लेने में जल्दबाजी मत करना देख दाख के लेना बस फंस मत जाना।

## हैल्थ टिप्स | बढ़ता राजस्थान

# थायराइड को कंट्रोल करने के लिए इन जड़ी-बूटियों का करें सेवन, दर्द और सूजन होगी कम

आजकल थायराइड की समस्या लोगों में आम हो गई है। दरअसल, थायराइड एक तितली के आकार की ग्रंथि होती है, जो गले के सामने वाले हिस्से में स्थित होती है। यह ग्रंथि थायरोक्सिन हार्मोन का उत्पादन करती है, जो शरीर के मेटाबॉलिक रेट और एनर्जी लेवल को कंट्रोल करता है। जब थायराइड ग्रंथि अपना काम ठीक से करना बंद कर देती है, तो हार्मोन का असंतुलन हो जाता है, जिसका शरीर पर असर हो सकता है। आप चाहें तो थायराइड को कंट्रोल करने के लिए कुछ आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों का सेवन भी कर सकते हैं।

**01-अश्वगंधा-** थायराइड की परेशानियों को कम करने के लिए अश्वगंधा काफी फायदेमंद साबित हो सकता है। दरअसल, इसमें एल्कलॉइड, स्टेरॉयड और सैपोनिन जैसे केमिकल्स होते हैं, जो थायराइड को कंट्रोल करने में मदद कर सकते हैं। इसके अलावा, यह शरीर में सूजन को कम करने में भी मदद करता है। इसके सेवन से शरीर में थायराइड हार्मोन के उत्पादन को बढ़ावा मिलता है।

**02-मोरिंगा-** मोरिंगा औषधीय गुणों से भरपूर होता है। इसमें ओलीफेरा थायोसाइनेट और पॉलीफेनोल मौजूद होते हैं, जो थायरोक्सिन और ट्राईआयोडोथायरोनिन के उत्पादन को नियंत्रित करने में मदद कर सकते हैं। इसके अलावा, यह मेटाबॉलिज्म को बूस्ट करने में भी प्रभावी साबित हो सकता है। इसके नियमित सेवन से थायराइड की परेशानियों को दूर किया जा सकता है।

**03-अपामार्ग-** अपामार्ग भा थायरायड के लक्षणों में काफी हद तक सुधार कर सकता है।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आज आपको एक साथ कई काम हाथ लगने से आपकी समस्याएं बढ़ेंगी और बाहर आपकी किसी बात को लेकर कहासुनी हो सकती है। आप आज कामों को लेकर परेशान रहेंगे।

**वृष**
आज का दिन आपके लिए कुछ विशेषकर दिखाने के लिए रहेगा। आपको कुछ विशेष व्यक्तियों से मिलने का मौका मिलेगा और आप अपनी कार्य कुशलता से आज कार्यक्षेत्र में लोगों का दिल जीतेंगे।

**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए मौज मस्ती भरा रहने वाला है। आपको अपने कामों को लेकर उचित मार्गदर्शन मिलेगा और यदि आप राजनीति में हाथ आजमाने की सोच रहे हैं, तो उसके लिए आपको थोड़ा सचेत रहने की आवश्यकता है।

**कर्क**
आज का दिन आपके लिए आत्मविश्वास से भरपूर रहने वाला है। कारोबार में आपकी कोई बड़ी डील फाइनल होने में कुछ समस्या आ सकती है। मामा पक्ष आज आपको धन लाभ मिलता दिख रहा है।

**सिंह**
आज आपको अपने घर के साथ-साथ बाकी कामों पर पूरा ध्यान देना होगा। विदेशों से आयात निर्यात कर रहे लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिलेगी। प्रेम जीवन जी रहे।

**कन्या**
आज का दिन आपके मान सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपकी रचनात्मक क्षमता बढ़ेगी। आपको अपनी आय और व्यय में तालमेल बनाकर चलने की आवश्यकता है।

**तुला**
आज का दिन नौकरी में बदलाव के लिए अच्छा रहने वाला है। आप कुछ नये कपड़े, मोबाइल, लैपटॉप आदि की खरीदारी कर सकते हैं। जीवनसाथी के लिए आप कोई सरप्राइज पार्टी प्लान करेंगे।

**वृश्चिक**
आज का दिन आपके लिए सुखमय रहने वाला है। आपके अटके हुए काम पूरे होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपको जीवनसाथी का पूरा सहयोग मिलेगा। माताजी की सेहत में यदि कोई समस्या चल रही थी।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए तकनीकी क्षेत्रों में बढ़िया रहने वाला है। आप अपने ज्ञान को बढ़ाने में कोई मौका हाथ से जाने नहीं देंगे और विद्यार्थियों को अध्यापकों का भी पूरा साथ मिलेगा।

**मकर**
आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। यदि आप किसी काम को करेंगे, तो वह आपके लिए अच्छा रहेगा। आपको काम को लेकर व्यस्तता अधिक रहेगी।

**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए किसी नए काम की शुरुआत करने के लिए अच्छा रहेगा। आर्थिक स्थिति को लेकर आप कोई महत्वपूर्ण कदम उठाएंगे, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति को मजबूती मिलेगी।

**मीन**
आज का दिन आपके लिए व्यवसाय के मामले में अच्छा रहने वाला है। आपका योजनाओं पर अच्छा खासा खर्चा होगा और आपकी किसी बात को लेकर यदि कोई समस्या चल रही थी, तो वह भी दूर होगी।

## शीतलहर के कारण 6 से 10 जनवरी तक आंगनबाड़ी केंद्रों का अवकाश घोषित

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरुषोत्तम जोशी)।** जिले में शीतलहर के कारण आंगनबाडी केन्द्रों पर शालापूर्व शिक्षा गतिविधि के लिए आने वाले 3 से 6 वर्ष आयुवर्ग के बच्चों के लिए जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल की स्वीकृत उपरान्त 6 से 10 जनवरी 2026 तक के लिए अवकाश घोषित किया गया है । महिला एवं बाल विकास विभाग की उप निदेशक सरोज मीणा ने बताया कि आंगनबाडी केन्द्र के 3 से 6 वर्ष आयुवर्ग के बच्चों को दिया जाने वाला गर्म पोषाहार टेम होम राशन के रूप में दिया जायेगा। आंगनबाडी केन्द्र की अन्य सेवाएं यथा टीकाकरण, मातृ-शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस आदि गतिविधिया पूर्व की भांति केन्द्र संचालन के साथ संपादित की जायेगी।

## सड़क सुरक्षा नियमों की पालना प्रशासन एवं समाज की सामूहिक जिम्मेदारी - जिला कलक्टर



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिला सडक़ सुरक्षा समिति, सडक़ सुरक्षा टास्क फोर्स एवं मूलभूत सुविधाओं की साप्ताहिक समीक्षा बैठक सोमवार को जिला कलक्टर काना राम की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। जिला कलक्टर ने बैठक में विभागवार प्रगति समीक्षा करते हुए सभी अधिकारियों का अपने-अपने विभाग द्वारा संचालित सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक आमजन तक पहुंचाने के निर्देश दिए।

**जागरूकता अभियान व विशेष गतिविधियां :** इस दौरान राष्ट्रीय सडक़ सुरक्षा माह 2026 के अंतर्गत जिले में सडक़ दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं सुरक्षित यातायात संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य 1 से 30 जनवरी तक संचालित किए जाने वाले सडक़ सुरक्षा जागरूकता अभियानों, प्रवर्तन कार्यवाही एवं विभागीय समन्वय की विस्तृत रूपरेखा पर चर्चा की गई। जिला कलक्टर ने कहा कि सडक़ सुरक्षा केवल किसी एक विभाग की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसमें आमजन की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। यातायात नियमों के पालन से ही सडक़ दुर्घटनाओं में प्रभावी कमी लाई जा सकती है।

**अवैध खनन के विरूद्ध सख्त कार्यवाही के निर्देश :** जिला कलक्टर ने अवैध खनन, परिवहन/निगर्मन के विरूद्ध पुलिस, खनन, वन एवं राजस्व विभाग द्वारा संयुक्त टीमें गठित कर अवैध खनन में संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध जप्ति व नियमानुसार कठोर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में अधीक्षण अभियंता विद्दुत विभाग बी.एल. मीना, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलेन्द्र सिंह, डीएसपी उदय मीना, जिला परिवहन अधिकारी हनुमान मीणा, परियोजना प्रबंधक रिडकोर अश्वनी पाठक, सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## राजकीय विद्यालयों के विकास में योगदान देने वाले भामाशाहों को 6 फरवरी को मिलेगा सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षा क्षेत्र में सामुदायिक सहभागिता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से जिले में संचालित अभिनव पहल 'भविष्य की उड़ान' निरंतर उल्लेखनीय परिणाम दे रही है। अप्रैल 2022 से प्रारंभ इस नवाचार के अंतर्गत जिले के जागरूक एवं उदार भामाशाहों द्वारा अब तक लगभग 35 करोड़ रुपये का सहयोग विद्यालयों के भौतिक विकास, आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण तथा शैक्षिक वातावरण के उन्नयन हेतु प्रदान किया जा चुका है। एडीपीसी समग्र शिक्षा दिनेश कुमार गुप्ता ने बताया कि भामाशाहों की इस अनुकरणीय भूमिका को सम्मानित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन, शिक्षा विभाग एवं महिला अधिकारिता विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आगामी माह 6 फरवरी, 2026 को चतुर्थ जिला स्तरीय भामाशाह सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। भामाशाह सम्मान समारोह के आयोजन से जुड़ी तैयारियों को लेकर एडीपीसी दिनेश कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में समग्र शिक्षा कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें आयोजन की तैयारियों से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

## जिले में चौथ माता मेले पर आज रहेगा स्थानीय अवकाश

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट काना राम ने सामान्य प्रशासन (ग्रुप-6) विभाग राजस्थान जयपुर की विज्ञप्ति के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों के अनुसरण में सम्पूर्ण जिले में कलेण्डर वर्ष-2026 के (ग्रेगोरियन) ई. शक संवत 1947-48 के लिए चौथ माता मेले पर माघ कृष्ण चतुर्थी 6 जनवरी, 2026 का स्थानीय अवकाश घोषित किया है।

## मैसर्स श्री राम फार्मा गंगापुर सिटी का थोक औषधि अनुज्ञापत्र निलम्बित

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** अनुज्ञापन अधिकारी एवं सहायक औषधि नियन्त्रक चन्द्र प्रकाश जाटव ने निरीक्षण के दौरान अनियमितता पाये जाने पर औषधि एवं प्रसाधन सामग्री नियम 1945 के नियम 66 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मैसर्स श्री राम फार्मा ईदगाह मोड़ गंगापुर सिटी का थोक औषधि अनुज्ञापत्र 12 से 18 जनवरी, 2026 तक 7 दिन के लिए निलम्बित किया है।

# आरजीएचएस दवा वितरण घोटाला देवली फार्मा स्टोर पर पुलिस कार्रवाई

### फार्मा स्टोर से फर्जी डॉक्टर सील, मूल आरजीएचएस कार्ड और संदिग्ध रजिस्टर बरामद, पांच पर एफआईआर दर्ज

बढ़ता राजस्थान

**देवली (गोविंद सिंह सेठी)।** सोमवार को यहां राज्य सरकार की आरजीएचएस (राजस्थान गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम) योजना के तहत दवाइयों की आपूर्ति में गंभीर अनियमितताओं का मामला सामने आया है। टोंक जिले के देवली स्थित टोंक सरकारी उपभोक्ता होलसेल भंडार (फार्मा स्टोर) के विरुद्ध हनुमान नगर पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी टोंक के पत्र के आधार पर वित्त (बीमा) विभाग के अधीन गठित क्यूसीपीए टीम द्वारा किए गए जॉब/ऑडिट में चौंकाने वाले खुलासे सामने आए हैं। प्रकरण की जांच में पाया गया कि फार्मा स्टोर पर मूल आरजीएचएस कार्ड, फर्जी चिकित्सक सील, तथा चिकित्सकों के अत्यधिक संख्या में मूल पर्चे मौजूद थे। इस मामले में जांच और निरीक्षण के दौरान फार्मा स्टोर से डॉक्टर डॉ. चैतन्य प्रकाश मीणा देवली के नाम की संदिग्ध सील कई आरजीएचएस कार्ड धारकों का हिसाब-किताब लिखा हुआ पाया गया है तो वही रजिस्टर तथा कार्ड धारकों द्वारा सीधे मूल कार्ड देकर दवाइयां प्राप्त करने के साक्ष्य भी मिले है। जांच रिपोर्ट के अनुसार मामला यह सामने आया है कि फार्मा स्टोर द्वारा आरजीएचएस कार्ड धारकों एवं चिकित्सकों से मिलीभगत कर वित्तीय अनियमितताएं जमकर की गई है। इस मामले में सहकारी उपभोक्ता प्रबंधक टोंक, फार्मासिस्ट आयुष नागर, मौके पर दवाइयां देते पाए गए है। इसको लेकर भरत नागर, विनोद शर्मा और साहिल अंसारी के विरुद्ध हनुमान नगर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज हुई है। आरजीएचएस योजना में हुऐ गड़बड़ झाले की शिकायतदेवली चिकित्सालय प्रभारी डॉ. राजकुमार गुप्ता के द्वारा दी गई है। जानकारी के अनुसार डॉ राजकुमार गुप्ता ने इस मामले में 21 पृष्ठों की जांच साक्ष्य सबूत की रिपोर्ट हनुमान नगर पुलिस थाने को सोपी है। इस पर पुलिस ने अनुसंधान शुरू कर दिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार इस मामले की जांच थानाधिकारी हनुमान नगर द्वारा की जा रही है। सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं में सामने आई इस गड़बड़ झाले ने सिस्टम की पारदर्शिता और निगरानी की व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। इस प्रकरण में जांच अधिकारी का कहना है कि डॉक्टर की फर्जी सील ओर कार्डो के जरिए आरजीएचएस में हेराफेरी,स्टोर मैनेजर सहित 5 पर एफआईआर दर्ज,देवली अस्पताल परिसर में संचालित सहकारी उपभोक्ता रिपोर्ट में यह बताया गया है कि जांच के दौरान फार्मा स्टोर पर एक डॉक्टर और चिकित्सा अधिकारी राजकीय चिकित्सालय देवली के नाम की फर्जी रबर सील बरामद हुई हैं। निरीक्षण में यह भी सामने आया कि फार्मा स्टोर पर कई लाभार्थियों के मूल आरजीएचएस कार्ड अवैध रूप से रखे हुए थे। इसके अलावा वहां एक ऐसा रजिस्टर भी मिला है जिसमें कार्ड धारकों के साथ दवाइयों के लेन-देन का संदिग्ध हिसाब-किताब दर्ज था। पुलिस ने 21 पेज की निरीक्षण रिपोर्ट के आधार पर जांच शुरू कर दी है। मामले का अनुसंधान स्वयं थानाधिकारी गणेश लाल द्वारा किया जा रहा है।




# प्रदेश के 9519 आंगनबाड़ी केंद्रों की प्यास बुझेगी,सरकार ने जारी किए 16.18 करोड़

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** प्रदेश के ग्रामीण और शहरी इलाकों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों की सूरत अब बदलने वाली है। महिला एवं बाल विकास विभाग ने प्रदेश के 9519 आंगनबाड़ी केंद्रों में पेयजल और शौचालय की सुविधा विकसित करने के लिए 16 करोड़ 18 लाख 23 हजार रुपए की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की है। इस राशि से केंद्रों पर पानी की टंकी, पाइपलाइन और आरओ जैसी सुविधाएं स्थापित की जाएंगी।

**31 मई तक पूरा करना होगा काम**

निदेशालय की ओर से जारी आदेशों के अनुसार यह कार्य आगामी 31 मई 2026 तक अनिवार्य रूप से पूरा करना होगा। प्रत्येक चिन्हित आंगनबाड़ी केंद्र के लिए 17 हजार रुपए की दर से राशि आवंटित की गई है। इस बजट का उपयोग मुख्य रूप से उन केंद्रों में किया जाएगा जो विभागीय भवनों में चल रहे हैं और जहां वर्तमान में पानी की समुचित व्यवस्था नहीं है।



**क्या-क्या सुविधाएं मिलेंगी**

पानी का भंडारणः केंद्रों पर भूमिगत पानी की टंकी 300 से 500 लीटर से लेकर छत पर रखी जाने वाली टंकी तक की व्यवस्था होगी। पाइपलाइन और फिटिंगः विद्युत मोटर के जरिए छत की टंकी में पानी पहुंचाया जाएगा। वहां से पाइपलाइन के जरिए शौचालय, वॉश बेसिन और रसोई घर में 3 अलग-अलग नल लगाए जाएंगे।

**शुद्ध पेयजल: बच्चों के लिए आरओ सिस्टम की सुविधा भी सुनिश्चित की जाएगी।**

बजट का गणितः 60 प्रतिशत केंद्र और 40 प्रतिशत राज्य का हिस्सा इस योजना में केंद्र और राज्य सरकार की हिस्सेदारी 60:40 के अनुपात में है।

कुल 1618.23 लाख रुपए के बजट में से केंद्र का अंश 970.94 लाख और राज्य का अंश 647.29 लाख रुपए हैं।

भ्रष्टाचार और गुणवत्ता की शिकायतों को रोकने के लिए विभाग ने सख्त निर्देश दिए हैं कि भुगतान केवल तीन सदस्यीय तकनीकी कमेटी के भौतिक सत्यापन के बाद ही किया जाए।

**प्रदेश की आंगनबाड़ी केंद्र एक नजर में**

9519 कुल आंगनबाड़ी केंद्र।
17 हजार रुपए प्रति केंद्र मिलेंगे ।
16 करोड़ 18 लाख 23 हजार रुपए की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी। 31 मई तक करनी होगी पालना।

## अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन बमोर में 7 जनवरी से शुरू होगा टोंक साहित्य एवं पुस्तक महोत्सव

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)।** टोंक में विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी पुस्तक महोत्सव का आयोजन दिनांक 7 जनवरी से 11 जनवरी अज़ीम प्रेमजी फाउण्डेशन बमोर में आयोजित किया जा रहा है। जिले में पढने-लिखने की संस्कृति को विकसित करने और जनसामान्य को पुस्तक अध्ययन के प्रति आकर्षित करने के उद्देश्य हर वर्ष आयोजित किया जा रहा है। पुस्तक मेले में बाल साहित्य की पुस्तके विशेष आर्कषण का केन्द्र होगी,नेशनल बुक ट्रस्ट ,चिल्ड्रन्स बुक ट्रस्ट,प्रकाशन विभाग, लोकायत प्रकाशन,वाणी प्रकाशन,प्रथम बुक्स,एकलव्य,ज्ञानपीठ प्रकाशन,इकतारा,यात्रा बुक्स,राजकमल, बरखा सीरीज़ हृष्टश्वक्रञ्ज की पुस्तकें आदि कई प्रकाशकों की पुस्तकें ब्रिकी के लिए उपलब्ध रहेंगी। साथ ही शैक्षिक संवाद के कार्यक्रम एवं शिक्षकों के लिए डेमोंट्रेशन कार्यशाला का आयोजन भी किया जायेगा। इस महोत्सव में ओपन माइक सत्र जिसमें विभिन्न पाठक उनके द्वारा पढ़ी गई किताबों की समीक्षा और विश्लेषण साझा करते हैं महोत्सव में बाल शोध मेले का भी आयोजन किया जाएगा जिसमें अज़ीम प्रेमजी स्कूल के बच्चों द्वारा किए गए कई सारे शोध कार्य को प्रस्तुत किया जायेगा। यह पुस्तक मेला प्रातः 10 बजे से सांय 7 बजे तक सभी के लिए खुला रहेगा। इस महोत्सव में बच्चे और वयस्क हर साल बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते हैं और कई सारी ज्ञानवर्धक किताबें भी खरीदते हैं।

# चौथ का बरवाड़ा स्थित चौथ माता लक्खी मेले का आयोजन शुरू

### जगह-जगह हुए भण्डारो में श्रद्धालुओं के लिए चाय, नाश्ता, भोजन, चिकित्सा आदि की व्यवस्था

बढ़ता राजस्थान

अलीगढ़,(याकूब अली)। कस्बे के टोंक -सवाईमाधोपुर हाइवे पर उनियारा मार्ग पर ग्रामवासियों के सहयोग चौथ माता के दर्शन को पैदल निकलने वाले श्रद्धालुओं के लिए सोमवार को भण्ड़ारे का आयोजन किया गया। भण्ड़ारें श्रद्धालुओं के लिए चाय, नाश्ता, चिकित्सा सेवाएं आदि व्यवस्था की गई। इस अवसर पर आयोजित भण्ड़ारे में अलीगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की और पैदल यात्रियों के लिए निशुल्क दवाइयां, गोली आदि व्यवस्था की गई। इस अवसर पर भण्ड़ारे का अलीगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चिकित्सा प्रभारी डॉ गिरिश कटारिया द्वारा फीता काट शुभारंभ किया। भण्ड़ारें आयोजनकर्ता उप सरपंच प्रतिनिधि व सैनी समाज अलीगढ़ अध्यक्ष किशनलाल सैनी, पूर्व वार्ड पंच लालू भाई, राधेश्याम माली आदि लोगों द्वारा चिकित्सा प्रभारी डॉ गिरिश कटारिया का माला साफा पहनाकर स्वागत किया। ग्रामवासियों ने चिकित्सा प्रभारी डॉ गिरिश कटारिया का आभार व्यक्त किया। इसी प्रकार कस्बे के रामतलाई बालाजी दशहरा मैदान में चौथ माता समिति रामपुरा के तत्वावधान में विशाल भण्ड़ारा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चौथ माता की आकर्षण झांकी सजाई गई। समिति की ओर से भण्ड़ारे में पैदल यात्रियों के लिए पेयजल, चाय, भोजन, चिकित्सा, रात्रि विश्राम आदि की व्यवस्था की गई। रामतलाई बालाजी दशहरा मैदान में चौथ माता समिति रामपुरा के तत्वावधान में आयोजित विशाल भण्ड़ारा के तहत बनाये गये पाण्ड़ाल में टेबिल, कुर्सी पर बैठकर बड़ी संख्या में पैदल यात्रियों ने प्रसादी ग्रहण की गई।



# राष्ट्रीय जंबूरी युवाओं में राष्ट्र भावना को बढ़ाएगी-गौरव मित्तल

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** भारत स्काउट गाइड की प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी छत्तीसगढ़ में भाग लेने वाले भरतपुर संभाग के दल को सम्बोधित करते हुए सवाई माधोपुर उपखण्ड अधिकारी गौरव मित्तल ने कहा कि स्काउटिंग गाइडिंग जीवन में अनुशासन, समर्पण, सेवा भावना को विकसित करती है। उन्होंने राष्ट्रीय जंबूरी में युवा शक्ति के सर्वोच्च प्रदर्शन की आशा करते हुए प्रदेश के गौरव को बढ़ाने की बात कहीं। उपखण्ड अधिकारी ने सामुदायिक सेवा कार्यक्रमों, पर्यावरण चेतना, आपदा प्रबंधन, वन नेशन वन इलेक्शन में युवाओं की भागीदारी में रोवर रेंजर की भूमिका के प्रशंसा की। सहायक राज्य संगठन आयुक्त स्काउट गिरिराज प्रसाद गर्ग के अनुसार प्रथम रोवरदृरेंजर जंबूरी 9 से 13 जनवरी 2026 तक दुधली, जिला बालोद (छत्तीसगढ़) में आयोजित होगी। उन्होंने बताया कि मंडल स्तरीय जंबूरी तैयारी शिविर 3 से 6 जनवरी तक स्काउट वन में आयोजित किया जा रहा है जिसमें शहीद रिपुदमन सिंह राजकीय महाविद्यालय सवाई माधोपुर, एम. एस. जे. कालेज, राजकीय महाविद्यालय बयाना, करौली, हिंडौन सिटी, धौलपुर, राजकीय कन्या महाविद्यालय सवाई माधोपुर, आर. डी. गर्ल्स कॉलेज भरतपुर, लोहागढ़ ओपन रोवर क्रू भरतपुर, 31वां ओपन रोवर क्रू करौली, आजाद ओपन रोवर क्रू धौलपुर, आजाद ओपन क्रू गंगापुरसिटी, शिवाजी ओपन क्रू सवाई माधोपुर, वसुंधरा ओपन रेंजर टीम धौलपुर, लक्ष्मीबाई रेंजर टीम भरतपुर के रोवर रेंजर्स यूनिट लीडर के नेतृत्व में भाग ले रहे हैं।



**आरोपी नकली सोने की ईंट व सोने के बिस्कुट को असली बताकर करते थे ठगी**

# गांव देवरी में खुदाई के दौरान मिले देग के मामले में दो गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** पुलिस व डीएसटी टीम ने गांव देवरी में खुदाई के दौरान मिले देग के मामले में नकली सोने की ईंट व सोने के बिस्कुट को असली बताकर ठगी करने के संदिग्ध दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से करीब 5 किलो 242 ग्राम नकली सोने की ईंट व बिस्कुट बरामद किए हैं। डीवाईएसपी रविप्रकाश शर्मा व थानाधिकारी घासीराम मीणा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक राजेशकुमार मीणा के निर्देशानुसार गांव देवरी की चरागाह भूमि में खुदाई के दौरान मिली सिल्वर देग खजाने के मामले में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतनलाल भार्गव व पुलिस उपाधीक्षक रवि प्रकाश शर्मा के सुपरविजन में पुलिस की विशेष टीम का गठन किया। टीम द्वारा पुराना धन मिलने के संबन्ध में संदिग्ध दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उक्त पुराने धन मिलने के मामले में आरोपी मुकेश पुत्र तेजाराम मीणा व अभिषेक पुत्र कैलाशचन्द मीणा दोनों निवासी जयनारायण मीणा की ढाणी सीदडा निवाई को डिटेन करके गहन पुछताछ की गई। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह ताम्बे की धातु पर सोने की परत चढाकर आम लोगों के साथ ठगी करने की योजना बनाते हैं। आरोपियों ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि हम पूर्व में भी इसी प्रकार ठगी करने की घटना को अंजाम दे चुके है। निवाई में पहाड के पीछे भी उन्होंने इस प्रकार की ठगी करने का प्रयास किया था। पुलिस ने दोनो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि आरोपी लोगों को ठगने के लिए तांबे की धातु पर सोने की पॉलिश चढाकर जमीन में गहरा गाढ देते हैं। इसके बाद लोगों को झांसे में लेकर उनसे रूपए ऐंठते है। एसडीएम प्रीति मीणा, डीवाईएसपी रविप्रकाश शर्मा व पुरातत्व विभाग के क्षेत्रीय निरीक्षक, जयपुर नीरज त्रिपाठी ने सोमवार को दोपहर बाद ट्रेजरी कार्यालय में पहुंचकर देग की सील खोलकर जांच की। पुरातत्व विभाग के क्षेत्रीय निरीक्षक, जयपुर त्रिपाठी ने बताया कि जांच के दौरान देग में केवल मिटटी ही निकली है। इसके बाद सभी अधिकारी गांव देवरी में स्थित घटना स्थल पर पहुंचकर जांच की। तो वहां पर भी कोई गढा हुआ धन मिलने जैसी स्थिति नहीं मिली।





# जयपुर में होगी पहली बार भव्य एवं ऐतिहासिक आर्मी डे परेड

## 15 जनवरी को मुख्य परेड एवं 9, 11 व 13 जनवरी को रिहर्सल

### एसएमएस स्टेडियम में 15 जनवरी को 'शौर्य संध्या 2026', 10 जनवरी को पूर्वाभ्यास

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला के निर्देशन पर अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रथम श्री मुकेश कायथवाल की अध्यक्षता में जयपुर में आयोजित होने वाली आर्मी डे परेड के संबंध में बैठक आयोजित हुई। एडीएम प्रथम श्री कायथवाल ने कहा कि पहली बार सैन्य छावनी की सीमाओं से बाहर आर्मी डे परेड का भव्य एवं ऐतिहासिक आयोजन जयपुर में होने जा रहा है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस आयोजन के लिए विभाग स्तर से जो दायित्व सौंपे गए हैं, उनकी समयबद्ध रूप से पालना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि 15 जनवरी को मुख्य परेड का आयोजन होगा, 9, 11 व 13 जनवरी को भी आमजन इसकी रिहर्सल देख सकेंगे। प्रत्येक दिन लगभग डेढ़ लाख लोग इस भव्य परेड के साक्षी बनेंगे। उन्होंने बताया कि प्रत्येक दिन स्कूल एवं कॉलेज के विद्यार्थियों, नारी शक्ति, पूर्व सैनिकों सहित आमजन को परेड दिखाने की व्यवस्था की जा रही है।

#### लड़ाकू विमान, टैंक एवं मिसाइलों का होगा प्रदर्शन

उन्होंने बताया कि यह आयोजन भारतीय सेना और नागरिकों के बीच विश्वास, जुड़ाव और सम्मान के रिश्ते को और मजबूत करेगा। इस परेड में लड़ाकू विमानों और हेलीकॉप्टर्स की फ्लाई-पास्ट टुकडियों का मार्च, मिसाइल व टैंकों, ड्रोन तकनीक और आधुनिक युद्घ क्षमताओं का प्रदर्शन किया जाएगा। परेड में नेपाल आर्मी बैंड भी हिस्सा लेगा।

#### शौर्य संध्या में होगा ऑपरेशन सिंदूर पर भव्य लाइट एण्ड साउंड शो

उन्होंने बताया कि कि आर्मी डे परेड के अवसर पर जयपुर के एसएमएस स्टेडियम में 15 जनवरी को 'शौर्य संध्या 2026' का आयोजन किया जाएगा। इससे पहले 10 जनवरी को इस आयोजन का पूर्वाभ्यास किया जाएगा। इस दौरान फर्स्ट डे कवर का विमोचन, शहीदों के परिजनों का सम्मान, परंपरागत युद्घ कलाओं के प्रदर्शन के साथ ही ऑपरेशन सिंदूर का भव्य लाइट एंड साउंड शो आयोजित किया जाएगा। आधुनिक तकनीक के साथ 1000 ड्रोन्स का शो भी होगा। उन्होंने कहा कि 8 से 12 जनवरी तक 'नो योर आर्मी' प्रदर्शनी का आयोजन सीकर रोड स्थित भवानी निकेतन कॉलेज परिसर में किया जाएगा। प्रदर्शनी के दौरान आम नागरिकों को सेना की आधुनिक हथियार प्रणालियों और रक्षा तकनीक को न$जदीक से देखने का अवसर मिलेगा। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने जिलेवासियों से आह्वान किया है कि जयपुर में आयोजित होने वाली इस परेड के आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल हों ताकि वे सेना की वीरगाथा के बारे में और अधिक जान सके।

# महिलाओं पर हो रहे अत्याचार और ओटीटी-पोर्न कंटेंट के दुष्प्रभाव को उजागर करती हिंदी वेब सीरीज़ 'माय चांस' जल्द होगी ओटीटी पर रिलीज़




बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** 'माय चांस' एक हिन्दी वेब सीरीज़ है, जिसके लेखक दीपक सक्सेना और निर्देशक माधव सक्सेना (दीपक सक्सेना) हैं। इस वेब सीरीज़ के निर्माता सचिन गोस्वामी हैं। जागेश्वरी फ़िल्म्स प्रोडक्शन के बैनर तले इस वेब सीरीज़ का निर्माण किया गया है। इस वेब सीरीज़ में मुख्य भूमिकाओं में ज़ी टीवी के प्रसिद्ध अभिनेता कृप सूरी, एमएक्स प्लेयर और स्टेज ऐप से जुड़े कलाकार मनोज राठी, सचिन गोस्वामी, संदीप चटर्जी, विराज ठाकुर, राहुल श्रीवास्तव, आसीमा भट्ट, मिलन सिंह सहित कई जाने-माने कलाकार नजर आएंगे। वेब सीरीज़ के पोस्ट प्रोडक्शन का कार्य अलवर के प्रतिभाशाली एडिटर एवं वीएफएक्स आर्टिस्ट तुषार शर्मा ने किया है। इस वेब सीरीज़ की पूरी शूटिंग मुंबई में की गई है। सीरीज़ का टाइटल ट्रैक निरंजन-साकेत द्वारा दिया गया है। संगीत निर्देशन रायक्की ने किया है, जबकि छायांकन (सिनेमेटोग्राफी) का कार्य करण इंदौरिया ने संभाला है। यह वेब सीरीज़ जल्द ही एक अच्छे ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दर्शकों को देखने को मिलेगी। 'माय चांस' की कहानी भारतीय महिलाओं और लड़कियों पर होने वाले शारीरिक अत्याचारों को दर्शाती है। इस वेब सीरीज़ में दिखाया गया है कि किस प्रकार गंदे ओटीटी और अश्लील वेबसाइटों का दुष्प्रभाव युवाओं को भटका रहा है, जिससे बलात्कार और हत्या जैसे जघन्य अपराध सामने आ रहे हैं, और महिलाएं इसकी शिकार बन रही हैं। इस वेब सीरीज़ की कहानी समाज में घटित हो रही वास्तविक घटनाओं से प्रेरित है।

# ज्ञान वाहन से बच्चों को मिल रहा शिक्षा और संस्कारों का संबल



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** नेक कमाई फाउंडेशन की ओर से निराश्रित एवं सरकारी स्कूलों में नियमित रूप से अध्ययन से वंचित बच्चों के लिए संचालित ज्ञान संस्कार वृक्ष विद्यालयों में चलाया जा रहा ज्ञान वाहन बच्चों में पुस्तक पढने़ और सीखने की आदत को मजबूत कर रहा है। अलवर सांसद एवं केंद्रीय मंत्री 'भूपेन्द्र यादव की ओर से प्रारंभ किए गए इस ज्ञान वाहन में बच्चों के लिए अनेक ज्ञानवर्धक पुस्तकें उपलब्ध हैंए साथ ही आधुनिक सुविधाओं से युक्त ई.लाइब्रेरी भी है, जिससे बच्चे डिजिटल शिक्षा से भी परिचित हो रहे हैं। विद्यालय संचालिका जिज्ञासा सिंह के अनुसार यह पहल बच्चों के सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका निभा रही है। बच्चे अब पुस्तकों के साथ.साथ कंप्यूटर और तकनीकी ज्ञान को भी समझने लगे हैं। ज्ञान वाहन की संचालिका प्रतिभा सिंह ने बताया कि अलवर शहर एवं आसपास के क्षेत्रों में इस वाहन के संचालन से सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। यह शिक्षा और ज्ञान की अलख जगाने का एक अनोखा प्रयास है, जिसमें ज्ञान वाहन सीधे उन बस्तियों तक पहुंचता है, जहां शिक्षा के संसाधन सीमित हैं। कार्यक्रम के मुख्य समन्वयक अभिषेक तनेजा ने कहा कि नेक कमाई फाउंडेशन का उद्देश्य शिक्षा को हर बच्चे तक पहुंचाना हैए ताकि कोई भी बच्चा ज्ञान से वंचित न रहे।

# राष्ट्रीय सडक़ सुरक्षा अभियान के तहत सुजल सहेलियों को दिया गया सडक सुरक्षा के संबंध में प्रशिक्षण



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** राष्ट्रीय सडक़ सुरक्षा अभियान के तहत परिवहन विभाग द्वारा आज खेडली सैयद स्थित अशोक लीलेंड में ससत जल प्रबंधन परियोजना के अंतर्गत संचालित सुजल महिला महासंघ की सडक सुरक्षा के संबंध में बैठक व प्रशिक्षण आयोजित हुआ, जिसमें सुजल सहेलियों को सडक सुरक्षा जन जागरूकता का संदेश दिया गया तथा दैनिक जीवन में सडक उपयोग के बारे में जनजागरूकता फैलाने हेतु प्रोत्साहित किया गया। प्रादेशिक परिहवन अधिकारी श्री रवीन्द्र जोशी ने बताया कि इस दौरान सुजल सहेलियों को क्षेत्र में स्थित समस्त निजी, सरकारी विद्यालयों में सडक सुरक्षा से संबंधित गीत व नुक्कड नाटक का प्रदर्शन कर सडक जन जागरूकता कार्यक्रम के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने बताया कि परिवहन विभाग द्वारा हैवल्स कम्पनी के 100 कार्मिकों के दुपहिया वाहनों, 20 ट्रैक्टर ट्रॉली व मवेशियों पर एआईएस 90 मानक वाली रिफलेक्टिव टेप लगाकर यातायात नियमों की जानकारी दी गई। इस दौरान अतिरिक्त प्रादेशिक परिवहन अधिकारी श्री ललित कुमार गुप्ता, जिला परिवहन अधिकारी श्रीमती सविता भारद्वाज, परिवहन निरीक्षक श्री रामदेवा, श्री राहुल पाटीदार, श्री विष्णु कुमार, श्री हेमन्त नागर, सुजल महिला महासंघ की अध्यक्ष श्रीमती संगीता, श्रीमती सपना चौधरी, श्रीमती रेखा सहित सुजल महिला महासंघ की महिलाएं मौजूद रही।

# सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के पेंशनर्स वर्ष 2026 हेतु वार्षिक भौतिक सत्यापन यथाशीघ्र करावे

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक लक्ष्मण सिंह ने बताया कि विभाग द्वारा संचालित सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के पेंशनर्स के लिए वर्ष 2026 हेतु वार्षिक भौतिक सत्यापन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है अत: पेंशनर्स शीघ्रातिशीघ्र अपना वार्षिक भौतिक सत्यापन करावे। उन्होंने बताया कि पेंशन अपने नजदीकी ई-मित्र कियोस्क पर जाकर अपनी अंगुली की छाप के माध्यम से सत्यापन करा सकते हैं। इसके अतिरिक्त पेंशन विभाग द्वारा जारी मोबाइल एप के माध्यम से घर बैठे अपने मोबाइल पर फेस कैप्चर करने नि:शुल्क सत्यापन करा सकते हैं, अपने क्षेत्र के पेंशन स्वीकृकर्ता अधिकारी कार्यालय में सम्पर्क कर पेंशन पीपीओ में जुडे मोबाइल नंबर पर ओटी प्राप्त करके, ई-मित्र प्लस मशीनों के माध्यम से भी नि:शुल्क सत्यापन करा सकते हैं।

# नौ चौकी पाल और महाराणा प्रताप उद्यान में सड़क सुरक्षा को लेकर फैलाई जागरूकता

## परिवहन विभाग ने अभियान, डीटीओ की टीम ने किया प्रेरित - 'जान है तो जहां है'

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद(सुरेश बागोरा)।** सडक़ दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने और आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से परिवहन विभाग द्वारा सोमवार को सडक़ सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत जिला परिवहन अधिकारी राघव शर्मा एवं परिवहन निरीक्षक अनीता पंवार ने शहर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचकर लोगों से सीधा संवाद किया और सडक़ सुरक्षा के प्रति जिम्मेदारी का संदेश दिया। अभियान के दौरान विभागीय टीम ने नौ चौकी पाल और महाराणा प्रताप उद्यान सहित प्रमुख स्थलों का भ्रमण किया, जहां मौजूद पर्यटकों एवं स्थानीय नागरिकों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। इस दौरान 150 से अधिक लोगों को यातायात नियमों से संबंधित पम्पलेट एवं मार्गदर्शिकाएं वितरित की गईं। परिवहन निरीक्षक अनीता पंवार ने दोपहिया वाहन चालकों को आईएसआई मार्क वाला हेलमेट अनिवार्य रूप से पहनने तथा कार चालकों को सीट बेल्ट के प्रयोग की आवश्यकता के बारे में विस्तार से समझाया। साथ ही तेज गति, गलत दिशा में वाहन चलाने और मोबाइल का उपयोग करते हुए ड्राइविंग के दुष्परिणामों की जानकारी दी गई।मौके पर जिला परिवहन अधिकारी राघव शर्मा ने कहा कि सडक़ सुरक्षा केवल नियमों का पालन नहीं, बल्कि जीवन की रक्षा से जुड़ा विषय है। उन्होंने युवाओं से विशेष रूप से अपील की कि वे यातायात नियमों का पालन अपनी और दूसरों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर करें। विभाग का प्रयास है कि लोग नियमों को भय से नहीं, बल्कि स्वयं की सुरक्षा की भावना से अपनाएं।

## यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर किए गए 1624 चालान, 400 वाहनों व मवेशियों पर लगाई गई रिफलेक्टिव टेप

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा अभियान के तहत 5 दिवसों में आयोजित हुई विभिन्न गतिविधियां





बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** जिले में 31 जनवरी तक संचालित राष्ट्रीय सडक सुरक्षा अभियान के तहत 5 दिवसों में सडक सुरक्षा से संबंधित विभागों द्वारा विभिन्न गतिविधियां आयोजित कर यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 1624 चालान किए गए तथा 400 वाहनों व मवेशियों पर रिफलेक्टिव टेप लगाई गई। सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियन्ता श्री भूरी सिंह ने बताया कि अभियान के अंतर्गत सडक निर्माण संस्थाएं पीडब्ल्यूडी, रिडकोर, आरएसआरडीसी, आरएसएचए, पीडब्ल्यूडी एनएच द्वारा करीब 80 किमी लम्बाई की विभिन्न सडकों पर जंगल सफाई का कार्य किया गया। वहीं 15 किमी लम्बाई में सोल्डर एवं बम्र्स रिपेयर का कार्य, 8.50 किमी में पैच रिपेयर कार्य, विभिन्न टोल प्लाजा पर रिफलेक्टिव टेप लगाने तथा सडक डिवाइडर के आसपास सफाई का कार्य किया गया। इसी प्रकार पुलिस विभाग द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों से समझाइश की गई एवं 102 लोगों को यातायात नियमों की जानकारी प्रदान की गई। साथ ही यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 1624 चालान किए गए, जिनमें से 12 शराब पीकर वाहन चलाने, 137 तेज गति से वाहन चलाने, 40 लेन ड्राइविंग का उल्लंघन करने, 725 दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग नहीं करने, 59 सीट बेल्ट नहीं लगाने, 24 वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात करने एवं 628 लालबत्ती का उल्लंघन करने से संबंधित चालान किए गए।

# आसन में नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर हुआ आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**राजगढ़(अलवर)।** उपखंड के गांव आसन में सोमवार को फेम संस्था के तत्वाधान में एक दिवसीय नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा एवं परामर्श शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साह के साथ भाग लिया और अपनी आँखों की जाँच करवाई।

शिविर के दौरान संस्था के फील्ड ऑफिसर कमलेश कुमार गुर्जर ने संस्था के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि फेम संस्था केवल पशु स्वास्थ्य के क्षेत्र में ही नहीं, बल्कि पशुपालकों के सर्वांगीण स्वास्थ्य और कल्याण के लिए भी निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा हमारा लक्ष्य एक स्वस्थ समाज का निर्माण करना है, जहाँ पशु और पशुपालक दोनों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मिल सके। शिविर में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. राजाराम गुर्जर ने अपनी सेवाएं दीं। उन्होंने अत्याधुनिक उपकरणों के माध्यम से मरीजों की आँखों की सूक्ष्मता से जाँच की और उन्हें नि:शुल्क परामर्श व आवश्यक दवाइयां प्रदान की। जाँच के दौरान जिन मरीजों की आँखों में मोतियाबिंद पाया गया या जिन्हें ऑपरेशन की आवश्यकता थी, उन्हें संस्था द्वारा चिन्हित किया गया। इन मरीजों को ऑपरेशन हेतु अस्पताल भेजकर उनका नि:शुल्क इलाज सुनिश्चित किया गया है।

# लापता युवक की तलाश में देरी पर भडक़ा ब्राह्मण समाज, विधायक दीप्ती माहेश्वरी को सुनाई खरी-खोटी

## 7 दिन से लापता युवक का नहीं लगा सुराग, आक्रोशित समाज ने विधायक को भी घेरा

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** राजनगर थाना क्षेत्र के धोइंदा गांव से 30 दिसंबर को लापता हुए युवक हरिश जोशी का सात दिन बीत जाने के बावजूद अब तक कोई सुराग नहीं लग पाया है।

पुलिस की धीमी कार्रवाई से नाराज होकर सोमवार को सर्व ब्राह्मण समाज जिला राजसमंद के बैनर तले समाज के लोगों ने जिला मुख्यालय पहुंचकर जिला पुलिस अधीक्षक को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा और शीघ्र बरामदगी की मांग की।ज्ञापन में बताया गया कि हरिश जोशी के परिजनों ने 31 दिसंबर 2025 को धोइंदा थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी, लेकिन इसके बावजूद पुलिस द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। समाज के प्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि परिजनों द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों की जानकारी देने के बाद भी पुलिस ने गंभीरता नहीं दिखाई। ब्राह्मण समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि युवक के लापता होने से परिवार की स्थिति अत्यंत चिंताजनक बनी हुई है। युवक की माता एवं पत्नी की तबीयत लगातार खराब हो रही है। परिजनों द्वारा स्वयं प्रयास करने पर कुछ संदिग्धों की भूमिका सामने आई, जिसकी जानकारी पुलिस को दी गई, लेकिन उस दिशा में भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। ज्ञापन सौंपने के दौरान समाज के लोगों का आक्रोश इतना बढ़ गया कि प्रशासनिक लापरवाही को लेकर राजसमंद विधायक दीप्ती माहेश्वरी को भी खरी-खोटी सुनाई गई। हालांकि इसके कुछ देर बाद विधायक दीप्ती माहेश्वरी ने समाज के लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि लापता युवक की तलाश को लेकर प्रशासन को जल्द से जल्द प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने घोर लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने का भी भरोसा दिलाया।सर्व ब्राह्मण समाज ने चेतावनी दी है कि यदि 48 घंटे के भीतर हरिश जोशी की बरामदगी नहीं की गई तो जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

**भगवती प्रसाद देवपुरा स्मृति राष्ट्रीय बाल साहित्य सम्मान समारोह का प्रथम दिवस सम्पन्न**

# कविता-कहानी प्रतियोगिता के विजेताओं का किया सम्मान

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** नाथद्वारा स्थित साहित्य मंडल के भगवती प्रसाद देवपुरा प्रेक्षागार में भगवती प्रसाद देवपुरा स्मृति राष्ट्रीय बाल साहित्य सम्मान समारोह के प्रथम दिवस के प्रथम सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार डॉ अमर सिंह बधान ने भगवती प्रसाद देवपुरा के जीवन और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने साहित्य, हिंदी भाषा और भारतीय संस्कृति को जन-जन तक पहुँचाने का महत्वपूर्ण कार्य किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कोटा के वरिष्ठ साहित्यकार रामेश्वर प्रसाद शर्मा रामू भैया ने की। उन्होंने साहित्यकारों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि नवीन पीढ़ी का साहित्य से जुडऩा आवश्यक है, क्योंकि साहित्य के माध्यम से ही राष्ट्र का बौद्धिक और सांस्कृतिक उत्थान संभव है। विशिष्ट अतिथि डॉ जयप्रकाश शाकद्वीपीय ने साहित्य मंडल की भूमिका और भगवती प्रसाद देवपुरा के साहित्यिक योगदान पर विचार व्यक्त किए।

इस अवसर पर साहित्य मंडल द्वारा आयोजित भारतीय त्योहार राष्ट्रीय बाल कहानी एवं कविता प्रतियोगिता के विजेताओं को किशोर काबरा-गीता देवी काबरा स्मृति सम्मान से सम्मानित किया गया। बाल कविता किशोर वर्ग में प्रथम स्थान काव्या सोमानी (श्रीनाथद्वारा), द्वितीय स्थान वेसुश्रवा द्विवेदी (कोटा) और तृतीय स्थान आराध्य नारायण रावत को प्राप्त हुआ। बाल कविता युवा वर्ग (19 से 30 वर्ष) में प्रथम स्थान रत्नेश दाधीच (उदयपुर) तथा द्वितीय स्थान मुकुल चौहान को मिला। वरिष्ठ वर्ग (30 वर्ष से अधिक) में प्रथम स्थान अदिति शर्मा (झालावाड़) और द्वितीय स्थान डॉ राखी गोयल आकांक्षा (सूरतगढ़) को प्रदान किया गया। चित्तौडग़ढ़ के साहित्यकार यशपाल शर्मा यशस्वी को भी सम्मानित किया गया।

बाल कविता में जयपुर की अनीता गंगाधर शर्मा, अजमेर की रंजना माथुर, प्रेमलता साहू (देवरहा), योगीराज योगी (कोटा) और गोविंद भारद्वाज (अजमेर) को प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किए गए। बाल कहानी बाल वर्ग में प्रथम स्थान यातिका नेवलानी (उदयपुर), द्वितीय स्थान कुमावत (श्रीनाथद्वारा) और तृतीय स्थान मयंक माली (श्रीनाथद्वारा) को मिला। किशोर वर्ग (13 से 18 वर्ष) में प्रथम स्थान कामरान (नवाबगंज) और द्वितीय स्थान भार्गव नारायण रावत (मथुरा) को प्राप्त हुआ। युवा वर्ग (19 से 30 वर्ष) में प्रथम स्थान उत्कर्ष नारायण रावत (दौसा), द्वितीय स्थान अन्य रावत (दौसा) और तृतीय स्थान दुर्वा शर्मा सोगरिया (कोटा) को मिला। वरिष्ठ वर्ग (30 वर्ष से अधिक) में प्रथम स्थान रितु भटनागर (बेंगलुरु), द्वितीय स्थान रूप जी रूप (घाटोली, झालावाड़) और तृतीय स्थान प्रियंका गुप्ता (जयपुर) को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन श्याम प्रकाश देवपुरा ने किया। वरिष्ठ कवि एवं व्यंग्यकार सुरेंद्र सार्थक ने 'धर्म बड़ा हो जाता है' कविता का पाठ कर श्रोताओं की खूब तालियां बटोरीं। समारोह में देशभर से आए सैकड़ों साहित्यकार उपस्थित रहे।

## राजकीय एवं गैर राजकीय विद्यालयों में 7 जनवरी तक अवकाश घोषित

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** जिले में सर्दी का प्रकोप बढने व शीतलहर के दृष्टिगत जिला कलक्टर अक्षय गोदारा ने बून्दी जिले के समस्त राजकीय एवं गैर राजकीय विद्यालयों में कक्षा एक से कक्षा 8 वीं तक के लिए 6 व 7 जनवरी का अवकाश घोषित किया हैं। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा ने बताया कि शिक्षक एवं अन्य स्टाफ यथावत उपस्थित रहेंगे। निर्देशों की अवहेलना करने वाले राजकीय, गैर राजकीय विद्यालयों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

## दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप 'अनुभव' कोटा की 2026 कार्यकारिणी गठित

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (का.स.)।** दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप 'अनुभव' कोटा की वर्ष 2026 की नवीन कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। इसमें अशोक जैन 'जोरा' को अध्यक्ष, विमल कुमार जैन को सचिव तथा इंजीनियर प्रकाश चंद जैन को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को ग्रुप सदस्यों ने बधाई व शुभकामनाएं दीं। बैठक में तय किया गया कि कार्यकारिणी का कार्यकाल एक वर्ष का रहेगा, जो 1 जनवरी 2026 से प्रभावी होगा। फेडरेशन के राष्ट्रीय अतिरिक्त महासचिव जे.के. जैन ने बताया कि 60 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति अपनी धर्मपत्नी सहित सदस्य बन सकते हैं। वर्तमान में ग्रुप में 101 दंपती सदस्य सक्रिय हैं। अध्यक्ष अशोक जैन 'जोरा' ने कहा कि दिव्यांग सहायता शिविर, विधवा पेंशन सहयोग, विद्यार्थियों को पाठ्य सामग्री, नि:शुल्क दवा वितरण, पौधारोपण, रक्तदान तथा राजकीय विद्यालयों में सामग्री वितरण जैसे सेवा कार्य निरंतर जारी रहेंगे।

## कोटा-रामगंजमंडी रेल खंड में सघन टिकट जांच अभियान, 219 मामलों में कार्रवाई

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** यात्रियों में अनुशासन सुनिश्चित करने और बिना टिकट यात्रा व अवैध वेंडिंग पर नियंत्रण के लिए पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा मंडल ने कोटा-रामगंजमंडी रेल खंड पर सोमवार को सघन टिकट जांच अभियान चलाया। अभियान के दौरान कुल 219 मामलों में कार्रवाई की गई और यात्रियों से किराया एवं जुर्माने के रूप में ?65,060 वसूले गए। बिना टिकट यात्रा और अन्य अनियमितताओं के मामलों में रेलवे अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की गई। रामगंजमंडी स्टेशन के प्लेटफार्म क्षेत्र में भी गहन जांच की गई। जांच दल में मुख्य टिकट निरीक्षक लक्ष्मीकांत मीना, चल टिकट निरीक्षक दीपक शर्मा, वाणिज्य लिपिक-सह-टिकट संग्राहक हेमेंद्र मीना, विष्णु कुमारी सुमन, उमेश कुमार और रेलवे सुरक्षा बल के हरी नारायण, संजय मीना सक्रिय रहे। रेलवे ने कहा कि इस प्रकार के अभियान निरंतर जारी रहेंगे और यात्रियों से अपील की गई है कि वे हमेशा वैध टिकट लेकर यात्रा करें।

## कांग्रेस ने सौंपा छह सूत्रीय मांग पत्र एक माह का अल्टीमेटम



बढ़ता राजस्थान

**मोडक़/रामगंजमंडी (प्रमोद राठौर)।** रामगंजमंडी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा सोमवार को मोडक़ गांव में मंगलम सीमेंट लिमिटेड के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन गोचर भूमि पर अतिक्रमण, स्थानीय युवाओं को रोजगार, अवैध ठेका प्रथा, मजदूरों के अधिकारों एवं पर्यावरण प्रदूषण से जुड़ी छह सूत्रीय मांगों को लेकर किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ता शिव मंदिर पर एकत्रित हुए और ब्लॉक अध्यक्ष हेमंत तिवारी एवं देवेन्द्र सिंह गोयंदा के नेतृत्व में नारेबाजी करते हुए मंगलम सीमेंट के मुख्य द्वार तक जुलूस के रूप में पहुंचे, जहां धरना दिया गया। मौके पर पुलिस बल तैनात रहा। हेमंत तिवारी ने कहा कि कंपनी द्वारा स्थानीय युवाओं को रोजगार देने का वादा पूरा नहीं किया जा रहा। देवेन्द्र सिंह गोयंदा ने गोचर व सरकारी भूमि पर कब्जे तथा प्रदूषण का आरोप लगाया। प्रदर्शन के बाद कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन नायब तहसीलदार चेचट को सौंपते हुए एक माह में मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी।

## गौवंश संरक्षण को लेकर कोटा में गौ सेवकों की बैठक

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** गौवंश संरक्षण के लिए देश में कड़े कानून बनाए जाने की मांग को लेकर रविवार को कोटा एयरपोर्ट के सामने स्थित गायत्री शक्तिपीठ में गौ सेवकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आराधना गौपाल सरस्वती ने बताया कि 27 अप्रैल 2026 को राजस्थान सहित संपूर्ण भारत के प्रत्येक गांव, तहसील और शहर में गौ सम्मान आवाहन अभियान के तहत ठोस कानून की मांग को लेकर सरकार को ज्ञापन सौंपे जाएंगे। गौ सेवक हिम्मत सिंह ने कहा कि अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पीले चावल वितरित कर गांव, तहसील व शहर स्तर पर टीमें गठित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि गौवंश का कूड़े-कचरे में भटकना, सडक़ों पर दुर्घटनाओं का शिकार होना, तस्करी और कत्लखानों में पहुंचना अब असहनीय है और इसके लिए समाज को एकजुट होना होगा। बैठक में प्रहलाद राठौर, शिक्षक नेता ईश्वर सिंह, गिर्राज चौधरी, खेमराज यादव, डॉ. बबलू मीणा, डॉ. दर्शन जैन, काजल किन्नर, पवन सिंह, वीरेंद्र सिंह, के.के. माहेश्वरी, अविनाश गौड़, अर्चना गौड़ सहित अनेक गौ सेवक उपस्थित रहे।

## बाल सुधार गृह से दो बाल अपचारि फरार, प्रशासन में मचा हडक़ंप

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** रावतभाटा रोड स्थित बाल सुधार गृह से दो किशोर अपचारी फरार हो गए। सूत्रों से पता चला है कि सुधार गृह में तैनात तीन गार्डों की लापरवाही के कारण यह घटना संभव हुई। गार्डों ने ड्यूटी के दौरान सुरक्षा नियमों की अनदेखी करते हुए किशोरों से व्यक्तिगत व्यवहार बना लिया था, गलती वश चाबियां उनके हाथ में दे दीं। इसी दौरान बाल कैदि मौके का फायदा उठाकर रफुचक्कर हो गये।

# सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार उप-कारागृह भवानीमण्डी का किया औचक निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान



**भवानीमंडी (अब्दुल सलीम मंसूरी)।** माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा विचाराधीन प्रकरण शशि उर्फ शाही चिकना विवेकानन्द जुरमानी बनाम महाराष्ट्र राज्य में पारित निर्णय एवं राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीष) आलोक सुरोलिया के मार्गदर्शन में शशि गजराना, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण झालावाड़ द्वारा उप-कारागृह भवानीमण्डी का औचक निरीक्षण किया। गजराना ने बताया कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने विचारण न्यायालय के सामने याचिकाकर्ता/आरोपी को बार-बार न पेश किये जाने पर गंभीर चिंता जाहिर की है एवं अपने निर्देशो में ट्रायल के दौरान आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करना एक निष्पक्ष और त्वरित ट्रायल सुनिष्चित करने, दुरुपयोग को रोकने और बंदीगण को सीधे न्यायालय के सामने अपनी शिकायतें बताने में समक्ष बनाने के लिए आवष्यक बताया है और आरोपी को बार-बार विचारण न्यायालय के समक्ष पेष न किये जाने को ''एक मौलिक सुरक्षा का गंभीर उल्लंघन'' बताया है।

उन्होंने कहा कि निरीक्षण का उद्देष्य ऐसे विचाराधीन बंदीगण की पहचान करना है जिन्हें ट्रायल के दौरान अदालतों के सामने पेश होने में समस्या आ रही है और ऐसे पेश न होने के कारणों का दस्तावेजीकरण करना, ऐसे विचाराधीन बंदीगण जिन्होंने कानून के तहत ऐसे अपराध के लिए निर्दिष्ट अधिकतम कारावास की अवधि के आधे या एक-तिहाई तक की अवधि हिरासत में व्यतीत की है। आरोपी व्यक्तियों को पेश करने को प्रभावित करने वाली किसी भी सिस्टेमेटिक कमी या लॉजिस्टिक समस्याओं को रिकार्ड करना है। कारागृह निरीक्षण के दौरान सचिव शशि गजराना (अति. जिला एवं सेषन न्यायाधीष) ने बंदियों को विधिक जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कारागृह प्रशासन को प्रत्येक बंदी को उसकी तारीख पेशी पर नियमित रुप से न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिये एवं कारागृह में सचालित विधिक विधिक सहायता क्लिनिक का भी निरीक्षण किया। साथ ही वक्त निरीक्षण उप कारागृह मे समता से अधिक बन्दीगण मिले जिन्हे तुरन्त जिला कारागृह मे शिफ्ट करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ सहायक श्री विनोद कुमार गौड़, कनिष्ठ सहायक अंकित एवं कारागृह कर्मचारी उपस्थित थे।

## तिल चौथ पर तीन दिवसीय मेले का शुभारंभ, मंदिर पर आकर्षक सजावट



बढ़ता राजस्थान

**सांगोद/ कोटा (विनोद कुमार गौड़)।** तिल चौथ की पूर्व संध्या पर सांगोद क्षेत्र के भुलाहेड़ा गांव स्थित प्राची चौथ माता मंदिर में श्रद्धा और भक्ति के साथ विशेष पूजन-अर्चन किया गया। इस अवसर पर मंदिर को आकर्षक रोशनी व फूलों से सजाया गया तथा माता की प्रतिमाओं का विशेष श्रृंगार किया गया। मंदिर परिसर में तीन दिवसीय मेले का शुभारंभ हुआ, जिसमें दूर-दराज़ से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। मंदिर के पुजारी चंद्रप्रकाश ने बताया कि यह मंदिर लगभग 500 वर्ष पुराना है, जबकि यहां स्थापित प्रतिमाएं करीब 1000 वर्ष प्राचीन हैं। करीब 500 वर्ष पूर्व बड़ के पेड़ की जड़ो से, प्रकट हुई है मूर्तियां स्थापित की गई है प्राचीन बावड़ी के समीप चबूतरा बना कर पूजा की जा रही है। गाव के ही दिनेश गौड़ बताते है कि मंदिर की विशेषता यह है कि यहां माता सात बहनों के रूप में विराजमान हैं और सातों प्रतिमाओं की अलग-अलग पूजा की जाती है। यह मंदिर बरवाड़ा स्थित चौथ माता मंदिर के प्रतिरूप के रूप में क्षेत्र में आस्था का प्रमुख केंद्र है। मेले में खानपुर, लटूरी, बपावर, चोर का कमलर, सांगोद, दीगोद सहित आसपास के क्षेत्रों से दुकानदार अपनी दुकानें लगाते हैं। मंदिर परिसर की प्राचीन बावड़ी का काजल पवित्र माना जाता है, जिसे श्रद्धालु अपने साथ ले जाते हैं। चौथ माता के व्रत पर महिलाएं तिल के लड्डू व पारंपरिक प्रसाद लेकर माता की पूजा करती हैं। संपूर्ण ग्रामीण अंचल में चौथ माता के नाम से प्रसिद्ध यह मंदिर संपूर्ण चौक क्षेत्र में विशेष धार्मिक महत्व रखता। माता जी के विभिन्न चरित्रों का रातभर रहा जागरण। क्षेत्र के कलाकारों ने यहां पर जागरण में माता के भजनों का गायन किया। राम चरित्र के नाट्य मंडली ने भी विशेष प्रस्तुति दी।

## 15वीं राज्य स्तरीय पैरा एथलेटिक्स में सुनील कुमार साहू ने जीते दो पदक

100 मीटर में स्वर्ण, 400 मीटर में रजत-संघर्ष से सफलता की प्रेरक कहानी

बढ़ता राजस्थान



**कोटा/जयपुर (विनोद गौड़)।** 15वीं राज्य स्तरीय सीनियर पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता में सुनील कुमार साहू ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 100 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक तथा 400 मीटर दौड़ में रजत पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया। इस शानदार उपलब्धि के साथ ही सुनील ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा और दृढ़ संकल्प का परिचय दिया है। सुनील कुमार साहू इससे पहले राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में कुल 13 पदक जीत चुके हैं, वहीं राष्ट्रीय स्तर पर लगातार छह पदक अपने नाम कर चुके हैं। बीते तीन वर्षों में वे अब तक कुल 20 पदक हासिल कर चुके हैं, जिनमें 12 स्वर्ण पदक शामिल हैं। इन उपलब्धियों के आधार पर वे छठी बार राष्ट्रीय स्तर की पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेंगे। संघर्षों से भरे जीवन में सुनील ने भाई, पिता और बहन को खोने का दर्द झेला, साथ ही खेल में पांच वर्षों तक असफलताओं का सामना किया। इसके बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सिल्वर मेडल जीतकर भारत का गौरव बढ़ाया। सुनील अपने सफलता का श्रेय अपनी मां को देते हैं, जिन्होंने मेहनत-मजदूरी कर बेटे के सपनों को जीवित रखा। उन्होंने तरुण शर्मा, अजीत सिंह राठौड़, पवन राव द्वारा किए गए आर्थिक सहयोग तथा दिव्यांग पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान के सचिव हिम्मत सिंह गुर्जर के निरंतर समर्थन के लिए आभार जताया। सुनील कुमार साहू का सपना भविष्य में पैरा ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतकर देश का नाम रोशन करना है। उनकी यह उपलब्धि समाज और पैरा खिलाडियों के लिए प्रेरणास्रोत है।

बूंदी जिले में लगातार दूसरे दिन भीषण सड़क हादसा

## मांगली पुलिया पर ट्रेलर ने ट्रैक्टर ट्राली को मारी टक्कर ट्रैक्टर ड्राइवर कि मौत

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (नि.स.)।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर कल सुबह भीषण सडक़ हादसा हो गया जिसमें ट्रेलर ने ट्रैक्टर ट्राली को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी । प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रैक्टर का ड्राइवर उछलकर सडक़ पर गिर गया जिस पर पीछे से ट्रेलर का पहिया चढ़ गया ट्रैक्टर चालक की मौके हो गई वहीं ट्रैक्टर में सवार ट्रैक्टर मालिक गंभीर रूप से घायल हो गया। सडक़ हादसे के बाद कोटा बूंदी हाईवे के दोनों लेन पर ट्रैफिक जाम हो गया। करीब 3 घंटे तक जाम की सूचना के बाद मौके पर पहुंचे वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने मौके मौजूद लोगों को समझाइश करके जाम को खुलवाया। मामला राष्ट्रीय राजमार्ग-52 पर सोमवार अलसुबह घने कोहरे ने एक और जान ले ली, मांगली नदी के पास धान से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को पीछे से तेज रफ्तार ट्रेलर ने जोरदार टक्कर मार दी... हादसे में किसान रामनिवास मालव उम्र 60 वर्ष निवासी हरिपुरा नमाना ट्रेलर के टायर के नीचे दब गए,जिससे उनकी मौके पर ही उनकी दर्दनाक मौत हो गई... वही ट्रेक्टर मालिक मनोज धाकड़ निवासी नमाना रामपुरा गंभीर रूप से घायल हो गए।जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद कोटा रेफर किया गया। बताया गया कि कोहरे के कारण दृश्यता बेहद कम थी, इसी का फायदा उठाकर ट्रेलर चालक किसान को कुचलकर मौके से फरार हो गया... घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर जाम लगा दिया।

## मां चर्मण्यवती की धरा पर संतों के चरण पढ़ने से आएगी खुशहाली : ओम बिरला

लोकसभा अध्यक्ष ने श्री श्री 1008 श्री उत्तम स्वामी जी महाराज के दर्शन कर की चर्चा

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (विनोद गौड़)।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने काला तलाब स्थित सांवरिया गार्डन में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के दौरान कथावाचक श्री श्री 1008 महाराज श्री उत्तम स्वामी जी महाराज के दर्शन किए और आशीर्वाद प्राप्त कर विस्तृत रूप से उनसे चर्चा की।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सामाजिक धार्मिक एवं कोटा में उनके आगमन को बेहद ही धार्मिक और सुखद बताया। बिरला का कहना था कि जहां संतों के चरण पढ़ते हैं उस भूमि पर खुशहाली आती है, निर्विघ्न हो जाती है। मां चर्मण्यवती की धरा पर साधु संतों का आगमन समृद्धि लाएगा। इस अवसर पर शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर, लाडपुरा विधायक कल्पना देवी, कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा, ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर, सहित कई जनप्रतिनिधि और प्रतिष्ठित व्यक्ति उपस्थित रहे। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से चर्चा के दौरान स्वामी जी ने कहा कि कोटा शैक्षणिक नगरी है साथ ही धार्मिक नगरी के रूप में यहां कई प्राचीन मंदिर हैं जो कोटा की आस्था का केंद्र है। कोटा शिक्षा नगरी के साथ धार्मिक नगरी भी है, यहां प्रथम पीठ मथुराधीश जी हैं तो कंसवा स्थित कर्णेश्वर महादेव जी का प्राचीन मंदिर भी है, इसके साथ ही कृषि प्रधान क्षेत्र होने से यहां हमेशा खुशहाली रहती है।

ब्रज की होली के रंगों से रंगे श्रद्धालु,कथा पंडाल में दिखा वृंदावन जैसा माहौल

# 'वेद आधारित शिक्षा पद्धति से सच्चे मनुष्य का निर्माण संभव'

बढ़ता राजस्थान



**लाखेरी(नि.स.)।** रविवार को श्रीमद् भागवत एवं राम कथा ज्ञान महायज्ञ में भक्ति, संस्कृति और उल्लास का विराट महोत्सव देखने को मिला। पंद्रह दिवसीय कथा महोत्सव में देश के सुप्रसिद्ध कथावाचक एवं निर्मोही अणि अखाड़े के राष्ट्रीय प्रवक्ता संत राधे बाबा निर्मोही ने कृष्ण बाल लीलाओं में ब्रज भाषा की संगीतमय प्रस्तुति पेश की। इस दौरान गेपा के बालाजी मंदिर परिसर के समीप बने विशाल कथा पांडाल में वृंदावन जैसा माहौल देखने को मिला। कथा के दौरान बाबा निर्मोही ने जैसे ही ब्रज की होली का वृतांत सुनाया पांडाल मे उपस्थित महिला तथा पुरुष, रंग गुलाल और पुष्पवर्षा करने लगे। कथा के बीच भक्ति का ऐसा अनुपम दृश्य देख उपस्थित श्रद्धालु आनंद-विभोर हो उठे। भक्ति संगीत की सुर-सरिता, करतल ध्वनियों और वाद्य यंत्रों की थाप पर उपस्थित हर भक्त झूमता नाचता नजर आया जिससे पूरा पांडाल रंगों से सराबोर हो गया और श्रद्धालु को ब्रज की होली जैसा दिव्य आनंद देखने को मिला। इस दौरान पांडाल स्थल पर सोमवार को होने वाले तुलसी विवाह की पूर्व तैयारियों के तहत तुलसी माता की आकर्षक झांकी सजाई गई। कथा संपन्न होने के पश्चात कथा स्थल से तुलसी माता को गाजे-बाजे के साथ उनके माता-पिता बने श्रद्धालु के घर भव्य शोभायात्रा के रूप में ले जाया गया, जहां पर हल्दी, मेहंदी की रस्मों के साथ मंगलगान की मधुर ध्वनियां गूंज उठी। धर्मसभा को संबोधित करते हुए बाबा निर्मोही ने बताया कि संस्कारों में पली-बड़ी बेटियां विवाह के बाद ससुराल जाकर धर्म पत्नी के रूप में परिवार को स्वर्ग बना देती है। किंतु आज दुर्भाग्य है कि जिसे धर्म पत्नी होना चाहिए वह वाइफ बन गई है तथा अपनी लाइफ पति और अपने बच्चों तक सीमित कर देती है और परिवार में बिखराव के साथ ही घर में बुजुर्गों की दुर्दशा होने लगी है। बाबापरिवार के बीच निर्मोही ने परिवार में आने वाले इन परिवर्तनों को रोकने के लिए सत्संग और शास्त्रों के प्रेरक प्रसंगों के माध्यम बताते हुए कहा कि समाज को सत्संग और शास्त्रों के प्रेरक प्रसंगों से ही बदला जा सकता है।

## रामगंजमंडी : सातलखेड़ी मार्ग पर खड़े ट्रक में भीषण आग, बड़ा हादसा टला



बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी (प्रमोद राठौर)।** क्षेत्र के सातलखेड़ी की ओर सोमवार देर रात करीब 2 बजे एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। पारसा माता चौराहा से आगे स्थित ॥क्क पेट्रोल पम्प के पास खड़े एक ट्रक में अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि कुछ ही देर में ट्रक का पूरा केबिन जलकर राख हो गया। घटना की सूचना मिलते ही थाना रामगंजमंडी पुलिस सक्रिय हुई और तुरंत अग्निशमन विभाग को सूचित किया गया। सूचना पर रामगंजमंडी से दमकल वाहन मौके पर पहुंचा और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। समय पर दमकल पहुंचने से आग पेट्रोल पम्प या आसपास खड़े अन्य वाहनों तक नहीं फैली, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।

आग बुझाने के दौरान दमकल कर्मी मुकेश गुर्जर, अजय सिंह एवं दुर्गेश कुमार मौके पर मौजूद रहे और पूरी मुस्तैदी से कार्य करते हुए स्थिति को नियंत्रण में लिया। घटना में किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है। आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव का भव्य शुभारंभ, बैंड-बाजों के साथ निकली महिला कलश यात्रा

### गांव बागरेन निवासी हेमंत गोयल परिवार की ओर से कराया जा रहा है आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव का शुभारंभ सोमवार को भव्य धार्मिक आयोजनों के साथ किया गया। इस अवसर पर बैंड-बाजों के साथ भव्य महिला कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। कलश यात्रा में श्रद्धालु महिलाएं पारंपरिक परिधानों में सिर पर कलश धारण कर भजन-कीर्तन करते हुए आगे बढ़ीं, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। यह धार्मिक आयोजन बयाना उपखंड के गांव बागरैन निवासी हेमंत रामनिवास गोयल परिवार की ओर से दिल्ली के कृष्णा नगर स्थित राम मंदिर परिसर में आयोजित किया जा रहा है। कलश यात्रा मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर आसपास के क्षेत्रों से गुजरते हुए पुन: मंदिर पहुंची, जहां विधिवत पूजा-अर्चना संपन्न कराई गई। कार्यक्रम संयोजक सोनिया गोयल ने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा का वाचन प्रसिद्ध कथा वाचक बृजेश आचार्य द्वारा किया जा रहा है। कथा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक होगी। कथा महोत्सव के दौरान मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है तथा विभिन्न धार्मिक झांकियां भी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। शुभारंभ अवसर पर विशेष पूजा, आरती एवं धार्मिक अनुष्ठान किए गए। इस दौरान प्रमुख कारोबारी गोपाल गोयल, गौरव गोयल, जितेंद्र गोयल, रमेश चंद्र गोयल, मृदुल गोयल, राजेश गोयल, सुनील गोयल सहित गोयल परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे। साथ ही दिल्ली के अनेक गणमान्य नागरिक, समाजसेवी एवं बड़ी संख्या में महिलाएं भी कार्यक्रम में शामिल हुईं। आयोजकों के अनुसार श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव का समापन 12 जनवरी को होगा। समापन अवसर पर हवन-यज्ञ, विशाल प्रसादी वितरण एवं विशेष धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। आयोजकों ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्मलाभ अर्जित करने की अपील की है।

## श्री टीलाजी महाराज मंदिर में विशाल पोसबड़ा, हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण की पंगत प्रसादी

**पावटा ( नि.स. )।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम खेलना स्थित प्रसिद्ध श्री टीलाजी महाराज मंदिर में श्रद्धा और भक्ति के वातावरण के बीच विशाल पोसबड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मंदिर श्री जानकीरघुनाथ जी टीला द्वाराचार्य सेवा समिति के तत्वावधान में किया गया। कमेटी सदस्य गजानंद टीलावत ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर 12 बजे भोग अर्पित कर किया गया, जिसके पश्चात पंगत प्रसादी का वितरण शुरू हुआ। इस दौरान दिल्ली, जयपुर सहित आसपास के अनेक गांवों से हजारों श्रद्धालु मंदिर परिसर में पहुंचे और श्री टीलाजी महाराज के दर्शन कर पंगत प्रसादी ग्रहण की। कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल से सराबोर रहा। श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन के साथ श्रद्धापूर्वक सहभागिता निभाई। आयोजन की सुव्यवस्था और अनुशासन की श्रद्धालुओं द्वारा सराहना की गई।

राष्ट्र-सेवा ही परम धर्म और ईश्वर की सच्ची पूजा

# गुरु गोबिंद सिंह जयंती पर गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म का आह्वान, बोले- सर्वस्व न्योछावर करने का जज्बा ही देश को महान बनाता है

## बृजनगर विधानसभा में श्रद्धा और शौर्य का अपूर्व समन्वयरू सादपुरी और पुनांय के गुरुद्वारों में टेका मत्था, लंगर में सेवा कर दिया सामाजिक समरसता का सर्वोच्च संदेश

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** सिखों के दसवें गुरु और खालसा पंथ के संस्थापक श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज का 359वां प्रकाश पर्व (जयंती) सोमवार को बृजनगर विधानसभा में अपार श्रद्धा और राष्ट्र-भक्ति के ज्वार के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर प्रदेश के गृह, गौपालन, पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य विभाग राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने ग्राम सादपुरी और पुनांय स्थित गुरुद्वारों में पहुंचकर मत्था टेका। गुरु दरबार में मंत्री महोदय की उपस्थिति ने एक अलग ही छाप छोड़ी। उन्होंने अपनी यात्रा को औपचारिकताओं के पारंपरिक ढांचे और राजकीय लवाजमे से इतर, एक सच्चे गुरु के सिख (शिष्य) की भांति संपन्न किया।

### त्याग और तपस्या के समक्ष नतमस्तक

गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष शीश नवाते हुए गृह राज्य मंत्री भाव-विभोर नजर आए। संगत को संबोधित करते हुए उन्होंने एक गंभीर और ओजस्वी विचार रखा। मंत्री बेढ़म ने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह जी का जीवन केवल एक इतिहास नहीं, बल्कि त्याग का सर्वोच्च अध्याय है। उन्होंने धर्म और मानवीय मूल्यों की रक्षा के लिए अपना पूरा परिवार (चार साहिबजादे) वार दिया। आज हमें यह संकल्प लेना होगा कि श्राष्ट्र-सेवाश् ही हमारे लिए सबसे बड़ी श्पूजाश् और सर्वोच्च श्धर्मश् है। जब देश की बात आए, तो सर्वस्व न्योछावर करने का जज्बा ही भारत को विश्व गुरु बनाएगा।

### लंगर सेवा जहां मिट जाते हैं ऊंच-नीच के भेद

कार्यक्रम का सबसे हृदयस्पर्शी दृश्य तब देखने को मिला जब राज्य के गृह राज्य मंत्री ने राजकीय आतिथ्य स्वीकारने के बजाय विनम्र सेवक की भूमिका चुनी। मंत्री श्री बेढ़म ने कड़ाही में कड़छी चलाकर और पंगत में श्रद्धालुओं को अपने हाथों से प्रसादी वितरित कर यह संदेश दिया कि गुरु के दरबार में श्रद्धा और समर्पण ही भक्त का सबसे बड़ा परिचय है। उनकी इस कर-सेवा ने वहां मौजूद संगत का दिल जीत लिया।



### शमशीर से सम्मान शक्ति और भक्ति का प्रतीक

इस अवसर पर सिख समाज के प्रबुद्ध जनों और ग्रंथियों ने गृह राज्य मंत्री को सिरोपा ओढ़ाकर और शमशीर (कृपाण) भेंट कर सम्मानित किया। यह शमशीर भेंट करना इस बात का प्रतीक था कि गृह मंत्रालय के रूप में प्रदेश की सुरक्षा का दायित्व उनके कंधों पर है। मंत्री जी ने तलवार को माथे से लगाकर गुरु का आशीर्वाद लिया।

### गूंजे बोले सो निहाल के जयकारे

सादपुरी और पुनांय गांवों में मंत्री महोदय के आगमन पर पूरा वातावरण ष्बोले सो निहाल, सत श्री अकालष् और ष्वाहेगुरु जी का खालसा, वाहेगुरु जी की फ्तहष् के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। मंत्री जी ने हाथ जोड़कर सभी का अभिवादन स्वीकार किया और नववर्ष की शुभकामनाएं दीं।

**ये रहे उपस्थित**

इस गरिमामयी आयोजन में स्थानीय जनप्रतिनिधि, सिख समाज के वरिष्ठ नागरिक, युवा शक्ति और मातृ-शक्ति बड़ी संख्या में उपस्थित रही।

## गुरु गोविंद सिंह जी शोभा यात्रा पर सरदार सतपाल सिंह ने किया दूध वितरण कर स्वागत सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** गुरु गोविंद सिंह जयंती के उपलक्ष में कांग्रेस के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के डीग जिला प्रभारी सरदार सतपाल सिंह ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ निकली गुरु गोविंद सिंह जी शोभा यात्रा का स्वागत किया व अतिथियों को माला पहनाकर स्वागत सम्मान किया। शोभायात्रा में सभी लोगों को गर्म दूध का पिलाकर व प्रसाद का वितरण किया। शोभायात्रा का प्रारंभ 14 महादेव गली स्थित गुरुद्वारा संत बाबा नत्था सिंह से हुआ यात्रा कुम्हेर गेट होकर पाई बाग से बिजली घर चौराहा से होते मथुरा गेट होते हुए वापिस गुरुद्वारा 14 महादेव गली पर इसका समापन हुआ। समापन के दौरान प्रभारी सतपाल सिंह ने अपने ने कहा कि हमें गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के आदर्शों पर चलना चाहिए। उन्होंने धर्म के खातिर अपने पूरा परिवार बलिदान कर दिया और धर्म की रक्षा की। इस मौके पर अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के डीग जिला प्रभारी सतपाल सिंह ने बताया कि बड़ा हर्ष का विषय है आज पहली बार सिख समाज के साथ मुस्लिम समाज ने जामा मस्जिद पर बढ़-चढ़ हिस्सा लिया और गुरु गोविंद सिंह की शोभा यात्रा पर फूलों की वर्षा की साथ व मिठाई वितरित की और गर्म दूध का वितरण किया। इस मौके पर मुस्ताक अहमद जिला सचिव कांग्रेस फैजान कुरैशी सलीम खान सलीम खान कुरैशी हरपाल सिंह एडवोकेट बलबीर सिंह एहसान कुरैशी अनीस उस्मानी सनी महफूज़ कुरैशी चांद खान अदनान खान विपुल सेन कश्मीर। सिंह कमल टांक आदि लोग उपस्थित हुए। इस अवसर पर अभाव अभियोग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव ओम प्रकाश प्रजापति ने गुरु गोविंद सिंह के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया की गुरु गोविंद सिंह जी महाराज सर्व वंश बलिदानी थे उन्होंने अपने दो बच्चों को दीवारों में चुनवाया और दो बच्चों को उन्होंने युद्ध में शहीद करवाया। बाल अवस्था में अपने पिता गुरु तेग बहादुर जी को भी कश्मीरी पंडितों की रक्षा के लिए कहा। राकेश पठनीया पार्षद ने कहा गुरु गोविंद सिंह महाराज और उनके बच्चे और पूरा परिवार माता-पिता सब धर्म की रक्षा के लिए बलिदान हुए।

मुस्लिम समाज व कांग्रेस जिला सचिव मास्टर मुस्ताक अहमद ने उनके बलिदान की सराहना की कहा हमें एकजुटता रखते हुए गुरु गोविंद सिंह के पद चिन्हों पर चलना चाहिए।



## श्री माहौर क्षत्रिय स्वर्णकार समाज समिति द्वारा नव वर्ष मिलन समारोह आयोजित

### 17 फरवरी को समाज द्वारा आयोजित होगा सामूहिक विवाह सम्मेलन



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** श्री माहौर क्षत्रिय स्वर्णकार समाज समिति की द्वारा नव वर्ष मिलन समारोह एक निजी होटल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना से हुआ। उसके बाद स्वर्णकार समाज के लोगों का आपसी परिचय लिया गया। कार्यक्रम में बच्चों में कृतिका सोनी, चिराग सोनी द्वारा गाने की प्रस्तुति दी गई। सभी साथियों को गेम खिलाए गए। महिलाओं में नीरू सोनी द्वारा गायन प्रस्तुत किया गया। पुरुषों में ज्ञानेश वर्मा, सुबोध सोनी द्वारा बहुत ही सराहनीय प्रस्तुति दी गई। महिला और पुरुषों का डांस का कंपटीशन रखा गया, जिसमें पुरुषों ने जीत हासिल की। स्वर्णकार समाज सेवा समिति की अध्यक्ष अंजना सोनी ने बताया कि इस तरह के कार्यकम के माध्यम से सभी को ऊर्जा और उल्लास मिलता है। श्री माहौर क्षत्रिय स्वर्णकार समाज का पहला कार्यक्रम था। सभी ने कार्यकम की सराहना की। अंजना सोनी ने बताया कि 17 फरवरी को समाज की ओर से सामूहिक विवाह सम्मेलन किया जा रहा है, जिसमें 11, जोड़ों के विवाह का तय है। जो प्रेम गार्डन में किया जाएगा। कार्यक्रम में मंत्री मनोज करोला, अनुज करोला, मानसिंह, रामकुमार वर्मा, मंजू सोनी, आदि ने सहयोग प्रदान किया। अंत में कार्यक्रम के संयोजक महेंद्र सोनी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# साप्ताहिक समीक्षा बैठक सम्पन्न, गणतंत्र दिवस की तैयारियों हेतु दिये निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर( राजू शर्मा )।** गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों, फ्लैगशिप योजना, बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन, राजस्थान सम्पर्क पोर्टल, जिला स्तरीय जनसुनवाई, सड़क मरम्मत, विद्युत आपूर्ति, स्वच्छ पेयजल, मौसमी बिमारियों की रोकथाम एवं साफ-सफाई की समीक्षा बैठक का आयोजन जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। बैठक में उन्होंने कहा कि अत्यधिक सर्दी के दृष्टिगत रैन बसेरों एवं आश्रय स्थलों के इंतजाम दुरुस्त रखे जायें जिससे निराश्रित लोग शरण लेकर अपना बचाव कर सकें। उन्होंने आगामी गणतंत्र दिवस 26 जनवरी के आयोजन को गरिमापूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने परेड, ध्वजारोहण, सांस्कृतिक कार्यक्रम, आमंत्रण व्यवस्था, सुरक्षा, यातायात, चिकित्सा, पेयजल, स्वच्छता एवं विद्युत आपूर्ति सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ समयबद्ध तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए तथा राष्ट्रीय पर्व की मर्यादा के अनुरूप कार्यक्रम आयोजित करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं नगर परिषद को संबंधित सड़कों पर पेचवर्क एवं दुरुस्तीकरण का कार्य कराये जाने हेतु निर्देश दिये। उन्होंने राजस्थान संपर्क पोर्टल पर लंबित चल रहे प्रकरणों, जनसुनवाई मे प्राप्त प्रकरणों का समय पर निस्तारण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि संपर्क पोर्टल पर दीर्घकाल से लंबित प्रकरणों का निस्तारण कराया जाए, औसत निस्तारण समय में कमी की जाये एवं परिवादों का गुणवत्तापूर्वक निस्तारण कर परिवादियों को राहत एवं संतुष्टि प्रदान की जाये। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद बबली राम जाट, जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



विकास कार्यों एवं बजट घोषणाओं की प्रगति समीक्षा बैठक आयोजित

## बजट घोषणाओं को समयावधि में गुणवत्तापूर्ण उतारें धरातल पर - जिला कलक्टर

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** जिला कलक्टर कमर चौधरी की अध्यक्षता में सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में बजट घोषणाओं एवं जिले में संचालित विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में केंद्र एवं राज्य सरकार की बजट घोषणाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, वर्तमान में चल रहे विकास कार्यों की स्थिति तथा आगामी कार्ययोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। जिला कलक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि बजट घोषणा 2024-25 एवं 2025-26 को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से धरातल पर उतारना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए योजनाओं का लाभ आमजन तक समय पर पहुंचाएं। उन्होंने लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण, वित्तीय स्वीकृति के त्वरित उपयोग तथा निविदा प्रक्रियाओं को समय पर पूर्ण करने पर विशेष जोर दिया। सड़क, पेयजल, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य, नगरीय विकास एवं ग्रामीण विकास से संबंधित कार्यों की प्रगति की विभागवार समीक्षा की गई। जिला कलक्टर ने विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता को निर्देश दिए कि भरतपुर शहर में भविष्य में प्रस्तावित विकास कार्यों एवं योजनाओं को ध्यान में रखते हुए विद्युत आपूर्ति सुदृढ़ करने हेतु व्यापक स्तर पर जीएसएस निर्माण की प्लानिंग की जाए। उन्होंने बछामदी 33/11 केवी जीएसएस निर्माण के लिए पुन: भूमि आवंटन की प्रक्रिया प्रारंभ करने के निर्देश भी दिए। स्वास्थ्य क्षेत्र को लेकर जिला कलक्टर ने तुहिया में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के भवन निर्माण कार्य से पूर्व जल भराव निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु संबंधित कार्यकारी एजेंसी को सूचित करने के निर्देश दिए। उन्होंने नदबई के बरौलीरान तथा भरतपुर के सुनारी स्वास्थ्य केंद्रों के क्रमोन्नयन के लिए आवश्यक कार्यवाही करने हेतु सीएमएचओ को संबंधित अधिकारियों से समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए। साथ ही, भरतपुर शहर में चिकित्सा विभाग के विभिन्न विकास कार्यों के लिए संबंधित ग्राम पंचायत, बीडीए एवं नगर निगम आयुक्त से समन्वय करने को कहा। इस अवसर पर अतिरिक्त कलक्टर शहर राहुल सैनी, डीएफ्ओ चेतन कुमार बीवी, एसई जल संसाधन बनैसिंह, विद्युत रामहेत मीना, सीएमएचओ डॉ. गौरव कपूर, पीएमओ नगेन्द्र भदौरिया सहित विभिन्न जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।



# धौलपुर में 4 महीने की प्रग्नेंट महिला की दहेज को लेकर हत्या

## ससुराल वालों ने गुपचुप किया अंतिम संस्कार, पानी डालकर बुझाई चिता

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** धौलपुर जिले के मनियां थाना क्षेत्र के इंछापुरा गांव में दहेज के लिए 4 महीने की गर्भवती विवाहिता की हत्या का मामला सामने आया है। ससुराल पक्ष ने मायके वालों को सूचना दिए बिना चोरी-छिपे उसका अंतिम संस्कार कर दिया। घटना के बाद ससुराल के लोग घर पर ताला लगाकर फरार हो गए। पीहर पक्ष को जब घटना की जानकारी मिली, तो वे तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने अपनी बेटी की जलती हुई चिता देखी। परिजनों ने इंजन चलाकर चिता पर पानी डालकर आग बुझाई और मनियां थाना पुलिस को सूचना दी। पानी से चिता बुझाकर मौके पर किया पोस्टमॉर्टम सूचना मिलते ही सीओ मनियां खलील अहमद खिलजी, मनियां थाना पुलिस और एफएसएल टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल से खून के निशान, कुल्हाड़ी, फावड़ा, लाठी सहित अन्य सामान जब्त किया। जिला अस्पताल से डॉक्टरों की टीम बुलाकर मौके पर ही पोस्टमॉर्टम कराया गया और डीएनए जांच के लिए नमूने लिए गए। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी पति पंकज ठाकुर पुत्र लाल सिंह ठाकुर को दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि, आरोपी के अन्य परिजन मौके से फरार हैं, जिनकी तलाश की जा रही है।





### 8 महीने पहले हुई थी शादी

मृतका के पिता देवेन्द्र सिंह परमार निवासी गढ़ी तुलसी खेरागढ़, आगरा ने पुलिस को रिपोर्ट दी है। उन्होंने बताया कि उनकी 24 वर्षीय बेटी गुड़िया की शादी 28 मई 2025 को इंछापुरा निवासी पंकज ठाकुर से हुई थी। शादी में लगभग 15 लाख रुपए नकद, बाइक, घरेलू सामान और जेवरात दहेज में दिए गए थे। पिता ने बताया कि बेटी की शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष अतिरिक्त दहेज में कार, सोने की चेन और भैंस की मांग कर रहा था। इसी बात को लेकर गुड़िया के साथ लगातार मारपीट और प्रताड़ना की जा रही थी। गुड़िया 4 महीने की गर्भवती थी।

### पत्नी पर शक करता था आरोपी पति

पीड़ित पिता ने बताया कि उनकी बड़ी बेटी पिंकी की शादी भी उसी गांव इंछापुरा में हुई थी। आरोपी पंकज अपनी पत्नी गुड़िया पर शक करता था और उसके जीजाजी से संबंध होने का आरोप लगाकर उसे मायके जाने और किसी से बातचीत करने से रोकता था।

इसी बात को लेकर आए दिन मारपीट करता था।

### 3 जनवरी को हुई थी हत्या

मृतका के पिता ने बताया कि 3 जनवरी को उनके बड़े दामाद ओमपाल ने सूचना दी थी कि गुड़िया के ससुराल वालों ने उसकी हत्या कर दी है। हत्या करने के बाद ससुराल के लोग उसके शव को कही ले जा रहे है। इस सूचना पर वह परिवारजनों के साथ इंछापुरा आया तो गुड़िया के ससुराल वाले घर से गायब मिले। जबकि घर में चारो तरफ खून व सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था। तलाश के बाद पता चला कि घर के पीछे कंडों के बिटोला (ढेर) में किसी को जलाया जा रहा है। बिटोले के पास जाकर देखा तो बिटोले में गुड़िया के शव को जलाया गया था। जिसकी सूचना पुलिस को देकर मौके पर पुलिस बुलाई गई।

### आरोपी पति 2 दिन की रिमांड पर

पुलिस ने महिला के पति को पूछताछ के लिए थाने बुलाया। जहां आरोपी पति को हिरासत में लिया गया।

पूछताछ करने के बाद आरोपी पति को देर रात गिरफ्तार कर दिया। रविवार 4 जनवरी को उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से कोर्ट ने आरोपी पति को 2 दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया।

## डीजे संजीव मांगो ने किया बाड़ी कोर्ट का निरीक्षण, अधिवक्ताओ ने किया स्वागत

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** धौलपुर में पिछले महीने आये नवीन जिला न्यायाधीश संजीव मांगो सोमवार को पहली बार बाड़ी पहुंचे। जहां उन्होंने एडीजे सहित विभिन्न कोर्टो का निरीक्षण किया। वही एडीजे एवं अन्य न्यायाधीशों के साथ कोर्ट की पुरानी बिल्डिंग और परिसर का जायजा लिया। इस दौरान बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट सत्येंद्र बहादुर सिंह के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने उनका स्वागत किया और नवीन डीजे को बाड़ी आगमन पर नववर्ष की बधाई दी। कोर्ट के अधिवक्ता सैयद शौकत अली खान ने बताया की धौलपुर जिला न्यायाधीश संजीव मांगों पहली बार बाड़ी आए थे। जहां उन्होंने एसीजेएम संख्या 1,2,3 और एमजेएम कोर्ट के साथ एडीजे कोर्ट का निरीक्षण किया। वरिष्ठ अधिवक्ता भगवान सिंह ने जिला न्यायाधीश को बताया कि यह कोर्ट परिसर स्टेट टाइम की पुरानी बिल्डिंग में संचालित है। जो कभी भी धराशाई हो सकती है। पीडब्ल्यूडी भी से कंडम घोषित कर चुका है। तालाब शाही पर जो नवीन बिल्डिंग विचाराधीन है,उस पर कोई निर्माण कार्य नहीं हो रहा है। कोर्ट अधिकारियों के आवास जरूर बनकर तैयार हो गए हैं। इस पर डीजे संजय मांगो ने सभी अधिवक्ताओं को आश्वस्त किया कि जल्द ही कोर्ट की नवीन बिल्डिंग को लेकर कार्य किया जाएगा। वहीं वर्तमान में कोर्ट जिस परिसर में संचालित है और अधिवक्ता जहां बैठते हैं। उस सभी की रिपेयरिंग कर दुरुस्त किया जाएगा। डीजे संजीव मांगों के निरीक्षण के दौरान एडीजे सुनील कुमार गुप्ता, एसीजेएम डॉक्टर सिद्धार्थ शंकर सिंह, चित्राक्षी सिंह के साथ अधिवक्ता मुकेश कौशिक, जितेंद्र चौहान, राजुद्दीन एवं अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

# उद्योगों की सांसें थमीं, सरकार से उम्मीद बाकी

# मिनरल उद्योग बचाने सड़क पर उतरेंगे उद्योगपति

## ब्यावर लघु उद्योग संघ की बैठक में बड़ा निर्णय, 8 जनवरी को मुख्यमंत्री के नाम सौंपेंगे संरक्षण का ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** ब्यावर मिनरल उद्योगों पर मंडरा रहे गहरे संकट को लेकर ब्यावर लघु उद्योग संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक सोमवार को संघ कार्यालय पर आयोजित हुई।

बैठक की अध्यक्षता संघ अध्यक्ष आशीषपाल पदावत् ने की। बैठक में मिनरल उद्योगों की वर्तमान दयनीय स्थिति पर गहन विचार-विमर्श किया गया उद्योगपतियों ने बताया कि वर्तमान में मिनरल उद्योग अत्यंत गंभीर संकट के दौर से गुजर रहा है। लगभग 50 प्रतिशत उद्योग पूरी तरह बंद हो चुके हैं, जबकि शेष उद्योग भी मृतप्राय अवस्था में हैं। लगातार उद्योगों के बंद होने से न केवल उद्यमी, बल्कि उनसे



जुड़े हजारों श्रमिकों और सहायक व्यवसायों के समक्ष रोज़ी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। उद्योगों को इस संकट से उबारने का कोई ठोस रास्ता फिलहाल नजर नहीं आ रहा है, जिस पर सभी सदस्यों ने गहरी चिंता व्यक्त की बैठक के अंत में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि मिनरल उद्योगों के संरक्षण हेतु राज्य सरकार से ठोस मांग रखी जाएगी। इसके तहत दिनांक 8 जनवरी 2026, गुरुवार को प्रातः 9 बजे सभी उद्योगपति अपने-अपने उद्योग बंद रखकर ब्यावर लघु उद्योग संघ कार्यालय पर एकत्र होंगे।

इसके पश्चात सभी उद्योगपति रैली के रूप में जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर माननीय मुख्यमंत्री, राजस्थान सरकार के नाम जिलाधीश महोदय को ज्ञापन सौंपेंगे। साथ ही सरकार से इस विषय पर वार्ता हेतु समय लेकर समाधान पर चर्चा की मांग की जाएगी इस रैली को मिनरल उद्योगों से जुड़े समस्त व्यापारीगण, ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन, बारदाना सप्लायर्स, मशीनरी सप्लायर्स, इलेक्ट्रिकल सप्लायर्स, स्पेयर्स सप्लायर्स, जेसीबी-डम्पर मालिक, रॉ मटेरियल सप्लायर्स, सभी स्टाफ एवं श्रमिकों का पूर्ण समर्थन प्राप्त रहेगा। आज की बैठक में संघ उपाध्यक्ष विजय हेडा, सुनील डांगी, दिनेश गुप्ता, महासचिव दिनेश भूतड़ा, कोषाध्यक्ष अजय मूंदड़ा, सचिव बसन्त जांगिड़, पवन रायपुरिया, सह-कोषाध्यक्ष ललित कबाड़ी, प्रवक्ता कपिल कोठारी सहित संदीप जैन, रोहित गोयल, हरीश सांखला, गोपाल हेडा, रवि झंवर, राकेश गुप्ता, सुन्दर तौरानी, नरेश मित्तल, विकास गर्ग, बंटी बंसल, विवेक चौधरी, महेश चौहान, रसीद अली, आलम भाई, त्रिलोक अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में उद्योगपतियों ने उपस्थिति दर्ज कराई।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक करेंगे बाल विवाह रोकने में सक्रिय सहयोग

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौडग़ढ़,(नि.स.)।** जिला कलक्टर आलोक रंजन के निर्देशानुसार जिले में संचालित बाल विवाह मुक्त भारत के 100 दिवसीय विशेष अभियान के अंतर्गत राजकीय महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय, चित्तौडग़ढ़ में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के प्रशिक्षण शिविर में बाल विवाह रोकथाम को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने बाल विवाह की रोकथाम हेतु पूर्ण सहयोग करने का संकल्प लिया। बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक श्री ओम प्रकाश तोषनीवाल ने स्वयंसेवकों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम की विस्तृत जानकारी देते हुए बाल विवाह के सामाजिक, शैक्षणिक एवं स्वास्थ्यगत दुष्परिणामों से अवगत कराया। साथ ही बाल विवाह से संबंधित विधिक एवं दंडनीय प्रावधानों की जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में चाइल्ड हेल्पलाइन के माध्यम से बाल विवाह की पूर्व सूचना देने की प्रक्रिया, 1098 हेल्पलाइन नंबर की भूमिका तथा बाल विवाह की रोकथाम में युवाओं की सहभागिता पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों को बाल विवाह निषेध की शपथ भी दिलाई गई।

## आस्था, परंपरा और सम्मान की पुकारः विश्वकर्मा जयंती पर सार्वजनिक अवकाश की मांग

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** ब्यावर अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष श्रीकिशन जांगिड़ के नेतृत्व में सोमवार को जिला कलेक्टर कार्यालय में अतिरिक्त जिला कलेक्टर के मार्फत मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन पत्र सौंपा गया । ज्ञापन में बताया गया कि राजस्थान में जांगिड़-सुथार समाज सहित स्वर्णकार, लुहार, पांचाल, कुमावत, ठठेरा, मूर्तिकार जैसी अनेक शिल्पी जातियां भगवान विश्वकर्मा को अपना आराध्य देव मानती हैं। साथ ही सरकारी व निजी प्रतिष्ठानों, कारखानों व फैक्ट्रियों में कार्यरत मजदूर, मिस्त्री, तकनीशियन और इंजीनियर भी किसी कार्य के शुभारंभ से पूर्व भगवान श्री विश्वकर्मा की पूजा करते हैं । महासभा ने मांग की कि 31 जनवरी को मुख्यमंत्री द्वारा भगवान श्री विश्वकर्मा जयंती पर्व पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाए, जिससे लाखों शिल्पकारों और कर्मयोगियों की भावनाओं का सम्मान हो सके। इस अवसर पर मगरा विकास संस्थान प्रधान बाबूलाल भावेरल, जिला मंत्री सुभाषचंद नांगल, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओम खण्डेलवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष ब्रह्मदेव शर्मा, पूर्व शाखा सभा अध्यक्ष मुकेश लेखरा, पूर्व शाखा सभा मंत्री गौरीशंकर सातड़, पूर्व जिला कोषाध्यक्ष सुनील माकड़, युवा संघ अध्यक्ष मुकेश माकड़, युवा संघ मंत्री पंकज लेखरा, पूर्व युवा संघ अध्यक्ष राजेश निशान सहित बड़ी संख्या में जांगिड़ समाज बंधु उपस्थित रहे।

## विश्व कल्याण एवं आरोग्यता के लिए पथिक नगर पार्क में हुआ हवन

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा,(अमित शर्मा)।** पतंजलि योगपीठ के 31वें स्थापना दिवस के अवसर पर पतंजलि परिवार भीलवाड़ा की ओर से सोमवार को पथिक नगर बड़े पार्क में विश्व कल्याण एवं आरोग्यता



हेतु हवन का आयोजन किया गया। प्रात:काल संचालित योग कक्षा के दौरान गोबर से निर्मित हवन कुंड में विशेष हवन सामग्री के साथ समस्त देवी-देवताओं के आह्वान में गायत्री मंत्र एवं महामृत्युंजय मंत्र से आहुतियां दी गईं। हवन उपरांत भारत स्वाभिमान न्यास के जिला महामंत्री एवं पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के मुख्य योग शिक्षक प्रेम शंकर जोशी ने उपस्थित साधकों को नियमित योग व प्राणायाम करने का संकल्प दिलाया। उन्होंने बताया कि पतंजलि द्वारा योग-प्राणायाम के साथ-साथ हवन चिकित्सा की भी शुरुआत की गई है, जिसमें वैज्ञानिक शोध के आधार पर विभिन्न हवन सामग्रियों की आहुतियों से रोगों के उपचार में सकारात्मक परिणाम मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ती व्याधियों का समाधान नियमित योग, प्राणायाम एवं हवन चिकित्सा से संभव है। इस अवसर पर डॉक्टर ओमप्रकाश आगाल, कवि नरेंद्र वर्मा, पूर्व प्रधानाचार्य रेखा आगाल, ज्योति आसनानी एवं योग साधक रतनलाल सोनी ने उपस्थितजनों को सर्दी से बचाव हेतु आयुर्वेदिक काढ़ा पिलाया। साथ ही पथिक नगर बड़े पार्क में प्रतिदिन प्रात: 6:15 से 7:30 बजे तक संचालित नि:शुल्क योग कक्षा में सहभागिता कर योग, प्राणायाम एवं आयुर्वेदिक काढ़े से स्वास्थ्य लाभ लेने का आग्रह किया। कार्यक्रम में संतोष वर्मा, शिवकुमार पगारिया, जगदीश शर्मा सहित अनेक योग साधक व नागरिक उपस्थित रहे।

## रायला थाना क्षेत्र में हुई हत्या का खुलासा, एक आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा,(अमित शर्मा)।** पुलिस थाना रायला क्षेत्र में 31 दिसंबर 2025 की रात हुई हत्या के मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य आरोपियों की



तलाश जारी है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक भीलवाड़ा धर्मेन्द्र सिंह आईपीएस, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शाहपुरा राजेश आर्य तथा वृत्ताधिकारी गुलाबपुरा जितेन्द्र सिंह के निर्देशन में की गई।पुलिस के अनुसार 1 जनवरी 2026 को लाम्बिया कलां निवासी किशन पुत्र रामनारायण जाट ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। अनुसंधान में सामने आया कि मृतक और ग्राम लाम्बिया कलां निवासी भंवरलाल जाट के बीच जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। इसी रंजिश के चलते भंवरलाल जाट के भांजे सत्यनारायण जाट ने अपने साथियों के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची। आरोपियों ने मृतक की रेकी कर सुनियोजित ढंग से वारदात को अंजाम दिया। पुलिस जांच में यह मामला गैर-इरादतन नहीं बल्कि पूरी तरह सुनियोजित हत्या का पाया गया है।

## भील समाज ने विधायक श्रीचंद कृपलानी का जताया आभार

बढ़ता राजस्थान

**निंबाहेड़ा(नि.स.)।** भील समाज के प्रतिनिधियों ने भाजपा



कार्यालय पहुंचकर पूर्व यूडीएच मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी से भेंट की तथा छोटीसादड़ी मार्ग पर बने द्वार पर भील वीर योद्धा राणा पूंजा की भव्य एवं आकर्षक प्रतिमा स्थापित किए जाने पर उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर समाजजनों द्वारा विधायक कृपलानी को आभार पत्र सौंपा गया। प्रतिनिधियों ने कहा कि नगर परिषद निंबाहेड़ा द्वारा भील योद्धा राणा पूंजा की प्रतिमा जिस स्थान पर स्थापित की जा रही है, वह स्थान पूर्णत: उचित, सुरक्षित एवं समाज की भावनाओं के अनुरूप है। समाज के प्रतिनिधियों ने विधायक कृपलानी से आग्रह किया कि प्रतिमा स्थापना का कार्य शीघ्र पूर्ण कर इसी माह जनवरी में विधिवत लोकार्पण किया जाए।

## मुस्कान आंगनबाड़ी शिक्षण मेले में जिले के 120 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने किया भागीदारी का निर्वहन

### कपासन में आयोजित मेले में 11 थीमों पर की विभिन्न गतिविधियां प्रदर्शित

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (सुनील कुमार डभाड़ीया)।** क्षेत्रीय अजीम प्रेमजी फाउंडेशन तथा महिला एवं बाल विकास विभाग चित्तौडग़ढ़ के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को मुस्कान आंगनबाड़ी शिक्षण मेले का आयोजन किया गया ।जिसको लेकर महिला बाल विकास विभाग महिला पर्यवेक्षक ज्योति सालवी एवं उमा शर्मा के निर्देशन में फैसिलिटेटर समूह द्वारा मेले से पूर्व की तैयारियां की गयी ।साथ ही कपासन में आयोजित मुस्कान आंगनवाड़ी शिक्षण मेले में जिला चितौडग़ढ़ क्षैत्र के करीब 120 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा उत्साहपूर्वक भागीदारी का निर्वहन किया गया। इस शिक्षण मेले के दौरान प्रतिभागियों को चार समूह मुस्कान-1,मुस्कान-2,मुस्कान-3 एवं मुस्कान-4 में विभाजित कर विविध गतिविधियों का संचालन किया



गया ।कार्यक्रम में प्रातःकालीन सभा के तहत 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों हेतु गीत,कविता एवं बाल-केंद्रित गतिविधियों का शिक्षकों द्वारा प्रभावी डेमोंसट्रेशन किया तथा स्वागत सत्र एवं आंगनबाड़ी संचालन संबंधी सामान्य नियमों पर चर्चा की गयी ।साथ ही कार्यकर्ताओं ने अपने समूहों के साथ यह प्रदर्शित किया कि एक दिन आंगनबाड़ी केंद्र का संचालन किस प्रकार किया जाता है। डेमोंसट्रेशन के अंतर्गत हाव-भाव के साथ गीत-कविताएं,मुखौटों एवं ठोस शिक्षण सामग्री के माध्यम से कहानी सुनाना तथा कहानी को मूर्त रूप देने की गतिविधियां प्रस्तुत की गयी। संज्ञानात्मक विकास से संबंधित गतिविधियों में छोटे-बड़े की समझ,वर्गीकरण,समानता-असमानता जैसे विषयों पर बच्चों के साथ किये जाने वाले कार्यों का अभ्यास किया तथा रचनात्मक विकास के अंतर्गत चित्र बनाना,कोलाज निर्माण जैसी गतिविधियां प्रदर्शित की एवं मेले में थीम गैलरी आकर्षण का केंद्र रहा। इस कार्यक्रम में 22 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं शिक्षकों द्वारा विशेष रूप से डेमोंसट्रेशन प्रस्तुत कर अपने अनुभव साझा किये।

## नगर पालिका कपासन के विशेष अभियान में 10 किग्रा पॉलीथिन की थैलियां हुई जप्त



बढ़ता राजस्थान

**कपासन (सुनील कुमार डभाड़ीया)।** नगर पालिका के विशेष दल द्वारा सोमवार को विशेष अभियान के अंतर्गत नगर क्षेत्र में 10 किलोग्राम पॉलीथिन की थैलियां जप्त करने की कार्यवाही की गयी है ।यहां नगर पालिका कपासन अधिशाषी अधिकारी ललित सिंह देथा के निर्देशानुसार नगर क्षेत्र में पालिका द्वारा गठित दल द्वारा मौके पर पहुंच कर 10 किग्रा पॉलिथीन की थैलियां जब्त करने की कार्यवाही की गयी। इधर नगर पालिका कपासन स्वास्थ्य निरीक्षक रेखा देवी ने बताया कि नगर क्षैत्र में पुराना बस स्टैंड, सुखाडिया मार्केट,पांचबत्ती चौराहे के इर्दगिर्द स्थित विभिन्न प्रतिष्ठानों सहित फल एवं सब्जी विक्रेताओं पर कार्यवाही करते हुवे पॉलिथीन थैलियां जब्ती की गयी ।जिसके अंतर्गत नगर पालिका प्रशासन द्वारा विशेष अभियान के अंतर्गत 10 किलो पॉलिथीन की थैलियां जप्त की गयी। इस विशेष अभियान के दौरान नपा स्वास्थ्य जमादार मुकेश कोदली,एसबीएम एमआईएस रिया गर्ग, कार्यवाहक जमादार विजय कोदली,विशाल कोदली, सफाई कर्मचारी संजू आदि पालिका कार्यवाही दल के सदस्य उपस्थित रहे।

## बाढ़ की झौपडियां सरकारी स्कूल मे चोरों ने गेंहू-चावल पर किया हाथ साफ

बढ़ता राजस्थान

**जजावर(पदम शाह)।** पंचायत क्षेत्र के बाढ की झोपड़ीयां गांव के सरकारी प्राथमिक विद्यालय मे अज्ञात चोर रविवार की रात भंडार कक्ष का ताला तोडकर पोषाहार का गेहू एवं चावल चुराकर ले गए । जानकारी के अनुसार यह विद्यालय आबादी क्षेत्र से थोडा दूर है एवं शीतकालीन अवकाश चलने की वजह से 25 दिसम्बर से ही बंद था । अज्ञात चोरों ने मौके का फायदा उठाते हुए रविवार की रात स्कूल के दो कमरो के ताले तोडक़र एक कमरे मे रखे पोषाहार सामग्री के चावल एवं गेहूं पर हाथ साफ कर लिए । स्कूल मे कार्यरत अध्यापक अरविंद वर्मा ने बताया कि सोमवार सुबह ग्रामीणो ने स्कूल के दो कमरे के ताले टुटे हुए एवं एक कमरे का गेट खुला हुआ नजर आया तो उन्होने मुझे सूचना की जिसके बाद



मौके पर आके देखा तो भंडार कक्ष मे पडे करीब 200किलो गेहू एवं 50 किलो चावल गायब मिले ।वर्मा ने बताया कि ग्रामीणों के संग सारी स्तिथि को देखने के बाद मेने ग्राम पंचायत प्रशासक एवं पीईईओ को घटना की जानकारी दी एवं ग्रामीणो के सहयोग से पुलिस मे रिपोर्ट दर्ज कराई।

## सर्दी से राहत का महाअभियान, 6 हज़ार 585 वस्त्र वनवासी क्षेत्र में होंगे वितरित

### करुणा, सेवा और सहयोग की जीवंत मिसाल बना हरी शेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर का सेवा अभियान

बढ़ता राजस्थान

भीलवाड़ा,(अमित शर्मा)। हरी शेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर एवं हरी शेवा धर्मशाला के तत्वावधान में उदयपुर व बांसवाड़ा के वनवासी क्षेत्रों में सर्दी से राहत पहुंचाने हेतु सेवा कार्य निरंतर जारी है। इस महाअभियान के अंतर्गत जरूरतमंद बच्चों, महिलाओं एवं पुरुषों को स्वेटर, शॉल सहित कुल 6 हजार 585 वस्त्रों का वितरण किया जाएगा। यह सेवा कार्य महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन के मार्गदर्शन में संपन्न होगा। कार्यक्रम में राजस्थान वनवासी कल्याण परिषद, विवेकानंद केंद्र, मुस्कान फाउंडेशन तथा समाजसेवी हेमनदास भोजवानी



उस्ताद का सक्रिय सहयोग प्राप्त हो रहा है। सभी संस्थाएं मिलकर सर्द मौसम में वनवासी परिवारों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से समर्पित भाव से कार्य कर रही हैं। महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन ने बताया कि ठंड के मौसम में जरूरतमंदों को ऊनी वस्त्र उपलब्ध कराना ही इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है। साथ ही समाज में सेवा, सहयोग और मानवता के मूल्यों को सुदृढ़ करने की दिशा में यह एक सतत प्रयास है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार के सेवा कार्य निरंतर जारी रहेंगे। इस अवसर पर संत मायाराम, संत राजाराम, संत गोविंदराम, ब्रह्मचारी इंद्रदेव, कुनाल, सिद्धार्थ, मिहिर सहित अनेक संतजन एवं सेवाभावी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वहीं राजस्थान वनवासी कल्याण परिषद से रामप्रकाश अग्रवाल, जिला सचिव कैलाश नंदावत, जिला उपाध्यक्ष भागचंद बाहेती, महिला नगर अध्यक्ष मनीषा जाजू, महिला संरक्षिका पल्लवी वच्छानी, नगर अध्यक्ष गणेश काबरा, विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी से भगवान सिंह, प्रतिमा गर्ग, किरण दीदी, सत्यम शर्मा, बलराज आचार्य, विभाग संघचालक चाँदमल सोमानी,लघु उद्योग भारती के प्रदेश संयुक्त महामंत्री रवीन्द्र जाजू, हेमंत वच्छानी, मुस्कान फाउंडेशन से जय गुरनानी, सहित बड़ी संख्या में गणमान्यजन उपस्थित थे।

**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सहित मंत्रियों ने दी बधाई, ब्यावर से गांव-गांव तक उमड़ा अभूतपूर्व जनसमर्थन**

# सेवा, समर्पण और जनविश्वास का पर्व बना विधायक शंकर सिंह रावत का जन्मदिन

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, ब्यूरोचिफ (अनिल सिखवाल)।** ब्यावर विधायक शंकर सिंह रावत का जन्मदिन इस वर्ष जनसेवा, सामाजिक सरोकार और अपार जनसमर्थन का ऐतिहासिक उदाहरण बनकर सामने आया। पूरा क्षेत्र उत्सव, उत्साह और सेवा कार्यों की भावना से सराबोर नजर आया। जन्मदिन के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में जहां मानवता और करुणा झलकी, वहीं कार्यकर्ताओं और आमजन का उत्साह देखते ही बनता था दिन की शुरुआत मसूदा रोड स्थित गौशाला से हुई, जहां गौमाताओं को



लापसी एवं हरा चारा खिलाया गया तथा पक्षियों के लिए दाना वितरण किया गया। इसके पश्चात राजकीय अमृतकौर चिकित्सालय, ब्यावर में जरूरतमंद मरीजों एवं उनके परिजनों को कंबल, चादर व फल वितरित किए गए। अशोक पैलेस, ब्यावर में भव्य कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित हुआ, जहां विधायक शंकर सिंह रावत ने संगठन की मजबूती और जनसेवा को राजनीति का मूल मंत्र बताया। जैन दादाबाड़ी, बिजयनगर रोड पर भी सेवा एवं वितरण कार्यक्रम संपन्न हुए विधायक रावत के जन्मदिन पर शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक कई किलोमीटर तक शुभकामना बोर्ड व होर्डिंग्स लगाए गए। हजारों की संख्या में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के लोग ब्यावर पहुंचकर उन्हें जन्मदिन की बधाई देते नजर आए। कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत एवं भाजपा प्रदेश पूर्व प्रवक्ता अशोक सैनी स्वयं ब्यावर पहुंचकर विधायक रावत को जन्मदिन की बधाई दी । इस अवसर पर पंचायत समिति जवाजा के सरपंचगण, जवाजा प्रधान गणपत सिंह रावत, ब्यावर नगर के कई पार्षद, शहर के वरिष्ठ नागरिकों ने विधायक रावत को माला पहनाकर शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर पूर्व प्रधान गणपत सिंह रावत, निवर्तमान सभापति नरेश कनोजिया, पूर्व जिला कोषाध्यक्ष आशीष सांड, बामनहेड़ा सरपंच महिपाल सिंह, भाजपा नेता रामचंद्र चौधरी, जयकिशन बल्दवा, एडवोकेट टीकम सिंह, किशोर सिंह रावत, कन्हैयालाल कुमावत, वीरेंद्र सिंह रावत, ईश्वर तंवर, मुरली तिलोकानी सहित ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के अनेक प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे।

# सुप्रीम कोर्ट ने कहा-पंचायत निकाय चुनाव 15अप्रैल से पहले कराएं

## पंचायत परिसीमन-पुनर्गठन प्रक्रिया को चुनौती देने वाली याचिका को किया खारिज

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार से कहा है कि वह पंचायत-निकाय चुनाव निर्धारित समय सीमा के भीतर अनिवार्य रूप से कराए और पूरी प्रक्रिया 15 अप्रैल 2026 तक पूर्ण करें।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमला बागची की पीठ ने यह टिप्पणी रेवेन्यू गांव सिंहानिया और अन्य ग्रामीणों द्वारा दायर विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) को खारिज करते हुए की। ग्रामीणों द्वारा राज्य सरकार द्वारा की गई पंचायत परिसीमन एवं पुनर्गठन प्रक्रिया को चुनौती दी गई थी।

दरअसल, ग्रामीणों का कहना था कि उनके गांवों को कथित रूप से काफी दूरी पर स्थित एक अन्य ग्राम पंचायत से जोड़ा गया है। उन्होंने दुर्गम भौगोलिक स्थिति, सड़क संपर्क का अभाव और दूरी संबंधी दिशा निर्देशों के उल्लंघन का आरोप सरकार पर लगाया गया था।



**सुप्रीम कोर्ट ने दोहराया चुनाव समय से करवाएं**-इस याचिका को खारिज करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर दोहराया है कि राज्य सरकार पंचायत-निकाय चुनाव समय सीमा के भीतर करवाएं।

इससे पहले भी सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान हाईकोर्ट के 15 अप्रैल 2026 तक पंचायत-निकाय चुनाव कराने के आदेश को चुनौती देने वाली पूर्व विधायक संयम लोढ़ा की याचिका खारिज को खारिज करते हुए कहा था कि सरकार हाईकोर्ट द्वारा तय समय-सीमा में चुनाव संपन्न करवाएं।

दरअसल, राजस्थान हाईकोर्ट ने 14 नवंबर 2025 को करीब 439 याचिकाओं पर फैसला सुनाते हुए राज्य सरकार को पंचायत और निकाय चुनाव 15 अप्रैल 2026 तक कराने के निर्देश दिए थे। कोर्ट ने कहा था कि इससे पहले सरकार 31 दिसंबर तक परिसीमन की प्रक्रिया पूरी करें। वहीं, एक बार परिसीमन का काम पूरा होने के बाद उसके फाइनल नोटिफिकेशन को अदालत में चुनौती नहीं दी जा सकेगी।

### सरकार ने कहा- परिसीमन प्रक्रिया पूरी कर ली है

राज्य सरकार की ओर से ग्रामीणों की याचिका को विरोध करते हुए अतिरिक्त महाधिवक्ता शिवमंगल शर्मा ने कोर्ट को बताया कि हाईकोर्ट द्वारा निर्धारित समय सीमा के अनुरूप पूरी परिसीमन प्रक्रिया 31 दिसंबर 2025 से पूर्व ही विधिसम्मत रूप से पूर्ण कर ली गई है। उन्होंने कहा- राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूचियों की तैयारी के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए जा चुके हैं। चुनावी प्रक्रिया आगे बढ़ चुकी है। परिसीमन केवल दूरी के आधार पर नहीं किया जाता, बल्कि इसमें जनसंख्या, प्रशासनिक व्यवहार्यता, शासन की आवश्यकताएं तथा जिला कलेक्टर स्तर की विस्तृत रिपोर्टों जैसे कई कारकों पर विचार किया जाता है। इनके पश्चात कैबिनेट स्तर पर अनुमोदन दिया जाता है।

# दिल्ली विधानसभा-आप के 4 विधायक 3 दिन के लिए सस्पेंड

## शीतकालीन सत्र के पहले दिन एलजी के भाषण में हंगामा; आप का प्रदूषण को लेकर प्रदर्शन



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली विधानसभा का शीतकालीन सत्र सोमवार को उपराज्यपाल वीके सक्सेना के अभिभाषण के साथ शुरू हुआ। इस दौरान आम आदमी पार्टी के विधायकों ने हंगामा किया, जिसके बाद आप के चार विधायकों को तीन दिन के लिए सस्पेंड कर दिया गया। सस्पेंड किए गए विधायकों में संजय झा, सोमदत्त, कुलदीप कुमार और जरनैल सिंह शामिल हैं। आप विधायक उपराज्यपाल के अभिभाषण के दौरान दिल्ली में बढ़ते वायु प्रदूषण को लेकर नारेबाजी कर रहे थे। हंगामा बढ़ने पर विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने आप के कई विधायकों को मार्शल के जरिए सदन से बाहर भिजवा दिया। बाद में जब सदन दोबारा बैठा तो पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने चार विधायकों को सत्र के बाकी तीन दिनों के लिए सस्पेंड करने का प्रस्ताव रखा, जिसे सदन ने मंजूरी दे दी। विधानसभा अध्यक्ष गुप्ता ने कहा कि आप विधायकों ने सदन और उपराज्यपाल का अपमान किया। वहीं आप विधायक संजय झा ने इसे प्रदूषण का मुद्दा उठाने की सजा बताया। इसी बीच सदन में कार्यवाही का समय दोपहर 2 बजे से बदलकर सुबह 11 बजे करने का प्रस्ताव पास किया गया।

# टेबल पर नोटों का ढेर, सामने बैठे टीएमसी नेता... वीडियो वायरल

### कैश से भरा थैला लेकर पहुंचा शख्स; भाजपा बोली- तृणमूल कांग्रेस बंगाल को लूट रही



**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल में चुनावी हलचल के बीच सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो क्लिप पर विवाद हो गया है। एक टेबल पर नोटों का ढेर दिख रहा है। एक तरफ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता बैठे नजर आ रहे हैं। उनके सामने टेबल के दूसरी तरफ 4-5 लोग बैठे हैं।

न्यूज एजेंसी के अनुसार, वीडियो में दिख रहे टीएमसी नेता मोहम्मद गियासुद्दीन मंडल हैं। वे नॉर्थ 24 परगना जिले की बारासात-1 पंचायत समिति के उपाध्यक्ष हैं। वीडियो में उनके साथ स्थानीय बिजनेसमैन रकीबुल इस्लाम बैठे हैं। क्लिप में टीएमसी नेता फोन पर बंगाली भाषा में किसी से बात करते दिख रहे हैं।

# मोहम्मद शमी को चुनाव आयोग का नोटिस

## एसआईआर फॉर्म में गड़बड़ियां मिलीं; यूपी में जन्मे क्रिकेटर और उनके भाई पश्चिम बंगाल में वोटर

बढ़ता राजस्थान



**कोलकाता (एजेंसी)।** चुनाव आयोग ने क्रिकेटर मोहम्मद शमी को नोटिस भेजा है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार शमी ओर उनके भाई मोहम्मद कैफ के एसआईआर फॉर्म में गड़बड़ियां मिली हैं, इसलिए दोनों को बुलाया गया है। हालांकि शमी या चुनाव आयोग की ओर से अभी तक इस पर कोई बयान नहीं आया है। रिपोर्ट्स के अनुसार शमी के एन्यूमरेशन फॉर्म में प्रोजेनी मैपिंग और सेल्फ-मैपिंग से जुड़ी गड़बड़ियां मिली हैं। इसके बाद साउथ कोलकाता के वार्ड नंबर 93 से नोटिस जारी किए गए, जिसमें उन्हें असिस्टेंट इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर के सामने पेश होने को कहा गया है। शमी कोलकाता म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन वार्ड नंबर 93 में वोटर के रूप में रजिस्टर्ड हैं, जो रासबिहारी असेंबली सीट के अंदर आता है। 2024 में हुए लोकसभा चुनाव में तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने उत्तर प्रदेश के अमरोहा में अपने पैतृक गांव में वोटिंग की थी। पश्चिम बंगाल में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के बाद 16 दिसंबर को बंगाल की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट पब्लिश हुई थी, जिसमें 58.21 लाख लोगों के नाम काटे गए थे। इसके बाद दावा, आपत्ति और सुनवाई की प्रक्रिया चल रही है। इकोनॉमिक्स टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक शमी आज की हियरिंग में शामिल नहीं हो सके। वह इन दिनों विजय हजारे ट्रॉफी में राजकोट में बंगाल को रिप्रेजेंट कर रहे हैं।

# पठानकोट में पाक के लिए जासूसी का आरोपी लड़का पकड़ा

## उम्र 15 साल, पाक मिलिट्री-आईएसआई, आतंकियों के टच में था; मोबाइल क्लोनिंग से भेजे वीडियो, चैट मिली

बढ़ता राजस्थान





**पठानकोट (एजेंसी)।** पंजाब के पठानकोट में पुलिस ने पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में 15 साल के लड़के को गिरफ्तार किया है। लड़का मूल रूप से जम्मू कश्मीर के सांबा का रहने वाला है। वह पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के अलावा पाक मिलिट्री और पाकिस्तानी आतंकी संगठनों के संपर्क में था।

जांच में यह भी खुलासा हुआ कि उसका फोन पाकिस्तानी एजेंसियों ने हैक कर रखा था। जो सीधे उसके मोबाइल से जासूसी का डेटा उठा लेती थीं। उसके मोबाइल से संवेदनशील जगहों के वीडियो बरामद हुए हैं। पुलिस को ये भी शक है कि मोबाइल हैकिंग के जरिए वह लाइव भी पाकिस्तानी एजेंसियों को सिक्योरिटी लोकेशन बताता था।

पुलिस की जांच में पता चला कि उसके पिता की मौत हो गई थी। बच्चे को शक था कि उसके पिता की हत्या की गई है। इसी चक्कर में वह सोशल मीडिया के अलग-अलग प्लेटफॉर्म पर एक्टिव हुआ और बाद में जासूसी करने लगा। पुलिस ने उसके मोबाइल से जासूसी के लिए रिकॉर्ड किए वीडियो, चैटिंग बरामद की है। बच्चा करीब एक साल से जासूसी कर रहा था। उसने 9वीं में दाखिला भी लिया था। उसके खिलाफ केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

**सीक्रेट इन्फॉर्मेशन मिलने पर गिरफ्तार किया**-पठानकोट के एसएसपी दलजिंदर सिंह ढिल्लो ने कहा- पुलिस को एक सीक्रेट इन्फॉर्मेशन मिली थी कि एक नाबालिग पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के फ्रंटल टेरर ऑर्गेनाइजेशन के टच में है।

# ऑपरेशन सिंदूर व आपदा राहत अभियानों में एनसीसी कैडेट्स की सेवा सराहनीय : उपराष्ट्रपति

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने ऑपरेशन सिंदूर तथा विभिन्न आपदा राहत अभियानों में एनसीसी कैडेट्स की सराहनीय सेवाओं का उल्लेख किया। उपराष्ट्रपति सोमवार को नई दिल्ली में एनसीसी के रिपब्लिक डे कैंप 2026 में पहुंचे थे। यहां उन्होंने एनसीसी कैडेट्स को संबोधित किया। इसी दौरान उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर व विभिन्न आपदा राहत अभियानों में एनसीसी कैडेट्स की सराहनीय सेवाओं का जिक्र किया। उपराष्ट्रपति ने कहा कि एनसीसी शिविर केवल प्रशिक्षण का केंद्र नहीं, बल्कि भारत की विविधता में एकता, संवैधानिक मूल्यों और भविष्य के नेतृत्व की झलक प्रस्तुत करता है।

### दिल्ली में आयोजित एनसीसी रिपब्लिक डे कैंप के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल हुए उपराष्ट्रपति

उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन बतौर मुख्य अतिथि नई दिल्ली में आयोजित एनसीसी रिपब्लिक डे कैंप के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने देश के निर्माण में एनसीसी की अहम भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि एनसीसी का ध्येय वाक्य एकता और अनुशासन देश के युवाओं को आत्मविश्वासी, जिम्मेदार और सेवा-भावी नागरिक बनाने में लगातार महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।



### उपराष्ट्रपति ने कहा- यही युवा विकसित भारत 2047 की नींव

उन्होंने कहा कि यही युवा विकसित भारत 2047 की नींव हैं। कार्यक्रम की शुरुआत में उपराष्ट्रपति का कैंप पहुंचने पर एनसीसी कैडेट्स द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर से स्वागत किया गया। इसके बाद उपराष्ट्रपति ने हॉल ऑफ फेम का दौरा किया। हॉल ऑफ फेम में उन्हें एनसीसी की गौरवपूर्ण विरासत, उपलब्धियों और विकास यात्रा के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उपराष्ट्रपति ने यहां विभिन्न प्रदर्शनी स्टॉल्स का भी निरीक्षण किया। इन प्रदर्शनी स्टॉल्स में युवा आपदा मित्र योजना, ड्रोन प्रशिक्षण, और नई प्रौद्योगिकियों के उपयोग से जुड़ी पहल शामिल रहीं। उपराष्ट्रपति ने इस अवसर पर आपदा प्रबंधन की तैयारी और उभरती तकनीकों को अपनाने में एनसीसी की भूमिका की प्रशंसा की। यहां आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में कैडेट्स ने विविध राज्यों की कला-संस्कृति को भी प्रस्तुत किया।

### इस वर्ष देश भर के 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों से आने वाले कैडेट इस कैंप का हिस्सा

गौरतलब है कि रक्षा मंत्री व तीनों सेनाओं के वरिष्ठ अधिकारी भी गणतंत्र दिवस के लिए लगने वाले विशेष एनसीसी कैंप में जाते हैं। रक्षा मंत्रालय का कहना है कि इस वर्ष देश भर के 28 राज्यों और 8 केंद्रशासित प्रदेशों से आने वाले कैडेट इस कैंप का हिस्सा बने हैं। यहां एनसीसी गणतंत्र दिवस कैंप में कुल 2,406 कैडेट हैं।

# केदारनाथ में सीजन की दूसरी बर्फबारी शुरू

## 17 डिग्री पहुंचा तापमान, सफेद चादर में लिपटी बाबा केदार की नगरी

बढ़ता राजस्थान

**रुद्रप्रयाग (एजेंसी)।** केदारनाथ धाम में मौसम ने एक बार फिर अचानक करवट ले ली। सोमवार दोपहर करीब साढ़े 3 बजे से धाम में बर्फबारी शुरू हुई। बर्फ गिरते ही केदारनाथ और आसपास की पूरी घाटी सफेद चादर में ढक गई और अब पूरी नगरी पूरी तरह से सफेद दिख रही है।

जनवरी 2026 में यह केदारनाथ में दूसरी बार बर्फबारी दर्ज की गई है। इससे पहले 2 जनवरी को इस सीजन की पहली बर्फबारी हुई थी। लगातार गिरती बर्फ के कारण धाम में ठंड और ज्यादा बढ़ गई है और तापमान माइनस 17 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है।

दिलचस्प यह है कि आमतौर पर केदारनाथ में दिसंबर से ही नियमित बर्फबारी का नजारा दिखने लगता था, लेकिन इस बार पूरा दिसंबर लगभग सूखा रहा। अब जनवरी में बर्फ गिरने से मौसम के बदले हुए मिजाज की तस्वीर और साफ हो गई है।



### साढ़े 3 बजे बदला मौसम, घाटी हुई सफेद

मिली जानकारी के अनुसार सोमवार दोपहर अचानक मौसम बदला और करीब साढ़े 3 बजे केदारनाथ धाम में बर्फ गिरनी शुरू हो गई थी। कुछ ही देर में बर्फबारी तेज हो गई और देर शाम तक रुक-रुक कर जारी रही। लगातार बर्फ गिरने से धाम का शीतकालीन स्वरूप एक बार फिर लौट आया है। बर्फबारी के कारण केदारनाथ मंदिर परिसर, आसपास की पहाड़ियां और घाटी पूरी तरह सफेद नजर आने लगी हैं। ठंड बढ़ने से यहां मौजूद सुरक्षाकर्मियों और स्थानीय स्टाफ को भी अतिरिक्त सतर्कता बरतनी पड़ रही है।

### 2026 में दूसरी बार बर्फबारी, दिसंबर रहा लगभग सूखा

यह बर्फबारी साल 2026 की दूसरी बर्फबारी मानी जा रही है। इससे पहले 2 जनवरी को हल्की बर्फ गिरी थी, जबकि दिसंबर महीने में केदारनाथ लगभग बर्फ विहीन रहा। जबकि सामान्य तौर पर दिसंबर से ही यहां लगातार बर्फबारी शुरू हो जाती थी।

# बीएमसी ने कोर्ट स्टाफ की चुनाव ड्यूटी लगाई, हाइकोर्ट ने फटकारा

### कहा- आपके पास ये अधिकार नहीं; पिछले हफ्ते आदेश पर रोक लगाई थी

बढ़ता राजस्थान

**मुंबई (एजेंसी)।** बृहन्मुंबई नगर निगम के कमिश्नर भूषण गगरानी ने 22 दिसंबर को लेटर जारी कर निचली अदालतों के स्टाफ को चुनाव ड्यूटी पर बुलाया था। इस आदेश पर बॉम्बे हाइकोर्ट ने पिछले हफ्ते स्वतः संज्ञान लेते हुए रोक लगा दी थी। सोमवार को सुनवाई के दौरान कोर्ट ने बीएमसी को फटकार लगाई।

कोर्ट ने कहा कि कमिश्नर के पास किस प्रावधान से ये अधिकार हैं आप उन्हें नहीं बुला सकते। आपके पास वे अधिकार नहीं हैं। इसपर कमिश्नर की तरफ से पेश हुए वकील ने कहा कि कमिश्नर की ओर से वे लेटर जारी करना एक गलती थी। उन्हें वापस ले लिया गया है।


# बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
  (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
  (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com


# रणथंभौर में सड़क पर दिखा बाघिन रिद्धि का शावक

## गणेश मंदिर मार्ग पर चहल-कदमी की, 10 मिनट तक थमी रही पर्यटक और श्रद्धालुओं की सांसें

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर।** रणथंभौर नेशनल पार्क में बाघिन रिद्धि का मेल शावक सोमवार की दोपहर एक बार फिर त्रिनेत्र गणेश मंदिर मार्ग पर दिखाई दिया। रणथंभौर फोर्ट की पार्किंग के पास शावक की चहल-कदमी को देखकर करीब 10 मिनट तक पर्यटक और श्रद्धालुओं की सांसें थमी रही। दरअसल, सोमवार दोपहर करीब 2 बजे रणथंभौर फोर्ट की पार्किंग के पास रिद्धि का मेल शावक



दिखाई दिया। शावक ने यहां करीब 10 मिनट तक जंगल की सुरक्षा दीवार और गणेश मंदिर मार्ग पर चहलकदमी की।

जानकारी के अनुसार- शावक नाल चढाई की दिशा से आया और कुछ देर रुकने के बाद जोन नंबर- 3 की ओर चला गया। इस दौरान सफारी पर जा रहे पर्यटक और गणेश मंदिर दर्शन को जा रहे श्रद्धालु रुक गए। सभी ने शावक की चहल-कदमी को अपने कैमरे और मोबाइल में कैद किया। शावक के मूवमेंट के चलते करीब 15 मिनट तक यातायात प्रभावित रहा। बता दें कि शाम के समय रिद्धि के शावक का मूवमेंट लगातार सामने आ रहा है। इसके कारण यह क्षेत्र पर्यटकों और श्रद्धालुओं के लिए हॉट-स्पॉट बन गया है।

हालांकि वन विभाग स्थिति पर नजर बनाए हुए है और लोगों से सतर्कता बरतने की अपील भी कर रहा है। बता दें कि पिछले एक महीने से बाघिन रिद्धि और उसके शावक रणथंभौर फोर्ट के गेट पर पार्किंग वाले इलाके में नजर आ रहे हैं, जिनमें मेल शावक ज्यादा देखा गया है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खण्डवा, निवाई-टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/116 "प्रतीक्षा" सेक्टर-18, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित। संपादक-तनुजा पठान*, प्रबंधक संपादक-झाबर सिंह धायल (मो. 9828467603, जयपुर), प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888)। फोन-0141-2796794, 2796795। ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।